फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 275 प्रभात जयपुर, बुधवार 11 मई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Will Run Again... Will Live Again

"The accident in Tromsø had made me realise that I was stronger than I thought. I was brave and had the courage to face my fears and keep moving forward," Allen says.

'Echoing' Black Holes

Heart Attack More Likely Among Pot Users



*पालतू बनाए गए घोड़ों की सबसे पुरानी किस्म अख़ाल टेके को सहनशक्ति और रफ्तार के लिए विकसित किया गया था। यह विश्व की सबसे दुर्लभ और बेहद प्राचीन नस्ल है, जिसका हजारों साल पुराना इतिहास है। माना जाता है कि इनके व अरबी घोड़ों के पूर्वज एक ही थे। सन् 1881 में जब तुर्कमेनिस्तान रुसी साम्राज्य का अंग बना, उसके बाद वहां अख़ाल टेके के अधिकृत प्रजनन केन्द्र स्थापित किये गए। इस प्रजाति को अख़ाल ओएसिस (नखलिस्तान) के पास रहने वाले ''टेके'' लोगों के नाम पर अख़ाल टेके नाम दिया गया। सोवियत रुस के शुरुआती अशांत दिनों में इस प्रजाति को भी बहुत संघर्ष करना पड़ा, जिससे इनकी संख्या कम हो गई। अमेरिका में पहली बार 1978 में इनका आगमन हुआ। छरहरे शरीर के कारण ग्रे हाउण्ड जैसे दिखने वाले इन घोड़ों का कद 56 इंच से 64 इंच तक होता है और वजन 900 से 1000 पाउण्ड। तुर्कमेनिस्तान के खानाबदोश कबीले माल परिवहन के साथ-साथ लूटमार के लिए भी अख़ाल टेके घोड़ों का इस्तेमाल करते थे। इन्हीं लोगों ने इस नस्ल को तेज रफ्तार व फुर्ती के लिए विकसित किया। रुस में तो अख़ाल टेके स्टेटस सिम्बल हैं। इन्हें हॉर्स रेसिंग की दुनिया में बहुत पसंद किया जाता है। सत्रहवीं तथा अठारहवीं सदी में 200 से ज्यादा विशुद्ध अख़ाल टेके घोड़े प्रजनन के लिए ग्रेट ब्रिटेन भेजे गए थे। आधुनिक रेस के घोड़ों में इनके जीन्स का भी योगदान है। अख़ाल टेके की सबसे बड़ी खासियत है इनका शांत स्वभाव और स्वामीभक्ति। ये मालिक की मुद्रा या हल्के से इशारे से ही समझ जाते हैं कि उनका मालिक क्या चाहता है। रेगिस्तान में विकसित होने के कारण ये घोड़े बहुत थोड़े में गुजारा कर लेते हैं। तथापि, आनुवांशिक विविधता नहीं होने से इन्हें कई तरह के रोग होने का खतरा है। ये घोड़े तुर्कमेनिस्तान का राष्ट्रीय प्रतीक हैं। वहां सेना की वर्दी, मुद्रा और स्टाम्प तथा कई स्मारकों पर इनकी छवि देखी जा सकती है। सबसे लोकप्रिय अख़ाल टेके घोड़ा, जिसका नाम ''एबसैन्ट'' था, ने 1960 के ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद के दो अन्य ओलम्पिक में भी उसने पदक जीते थे। एबसैंट की संतानें भी उसी की तरह माहिर थीं। बहुत कठिन हालात में रहने की आदी यह नस्ल किसी भी मौसम-जलवायु में पनप सकती है।*

# ''पार्टी खड़ी करने की दृष्टि से मैं अडवानी को सबसे बड़ा राजनीतिज्ञ मानता हूँ''

## प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि, भाजपा का वोट-शेयर राष्ट्रीय स्तर पर 40 प्रतिशत है, दस दशकों तक भाजपा का दबदबा रहेगा देश की राजनीति में

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। वयोवृद्ध भाजपा नेता लालकृष्ण अडवाणी को एक तरह से भुला दिया गया है तथा वह पहले ही पृष्ठभूमि में जा चुके हैं लेकिन राजनीतिक रणनीतिकार एवं अब तक आकांक्षी राजनीतिक कार्यकर्ता प्रशांत किशोर का मानना है कि एल.के. अडवाणी देश के सर्वाधिक काबिले तारीफ एवं जीवित प्रभावी राजनेता हैं।

आडवाणी ने समूची पार्टी को खड़ा किया जो एक राजनीतिक ताकत बनी और अन्ततः सत्ता में आई। भाजपा का राष्ट्रीय वोट शेयर करीब 40 प्रतिशत है जो कि अगले कुछ वर्षों तक बेजान नहीं होगा। वास्तव में किशोर के लिए इस शैली में ऑल टाइम ग्रेट ''गांधी'' हैं।

- **यह पूछे जाने पर कि, कौन सी पार्टी भाजपा को चुनौती दे सकती है, कांग्रेस या आप, पी.के. ने बिना आंख झपकाये तपाक से कहा, ''कांग्रेस''।**
- **पी.के. का यह भी मानना है कि, भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है, उसका संगठन। जिसका नवीनतम उदाहरण है, यू.पी. आदि राज्यों में उसके वोट शेयर में कुछ भी कमी नहीं आयी, हालांकि, कोविड की महामारी के दौरान सरकार के कामकाज में काफी कमियां सामने आयीं थीं।**
- **पी.के. प्र.मंत्री मोदी के शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि, विदेश में भारत की छवि व दबदबा बढ़ने को मानते हैं।**
- **पी.के. का यह भी मानना है कि, कांग्रेस के बढ़ने के रास्ते में सबसे बड़ी रूकावट, उसका यह सोच है कि, कई दशकों शासन करने के बाद वो ही जानती है कि, सुचारू सरकार कैसे चलायी जाती है। जब तक यह सोच नहीं बदलेगा, पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती।**
- **पी.के. के अनुसार जनता क्या चाहती है, यह जनता के बीच जाने से ही मालूम होता है, दिल्ली या पटना में बैठकर यह ज्ञान व सच्चाई हासिल नहीं होती।**

किशोर का मानना है कि भाजपा एक ऐसी स्थिति में पहुंच चुकी है जिसमें वह उसी तरह से प्रभुत्वशाली राजनीतिक पार्टी बनी रहेगी जैसी की कभी कांग्रेस थी। वह इण्डियन एक्सप्रैस ग्रुप की ओर से आयोजित एक वैब संवाद के दौरान वृहद् राजनीतिक मुद्दों और संभावनाओं पर बोल रहे थे।

लेकिन, इसके साथ ही उन्होंने भारत की सत्तारूढ़ पार्टी के संभावित विपक्ष को भी कमतर नहीं आंका। ऐसे देश में जहां 600 मिलियन लोग एक दिन में सौ रूपए भी नहीं कमाते, वहां वंचना और क्रोध का जबर्दस्त भाव होगा, किन्तु चुनावों में इन भावनाओं को स्पष्ट नहीं किया जाता।

उन्होंने महसूस किया कि भाजपा की सबसे बड़ी सम्पत्ति उसका संगठन है। यह संगठन भावनात्मक समर्थन को चुनावों में वोटों में तब्दील कर सकता है। एक क्षण के लिए विचार कीजिए कि कोविड महामारी के दौरान लोगों की पीड़ाओं और सरकार की विफलताओं के बावजूद पार्टी का वोट शेयर प्रभावित नहीं हुआ।

इससे विपक्ष की विफलता का भी पता चला। वह इन कमियों का फायदा उठाकर वोट नहीं जुटा सका। विपक्ष सरकार की विफलताओं को लोगों को समझाने में विफल रहा। यह मुख्यरूप से कांग्रेस पार्टी की विफलता और इसे वोटों में तब्दील करने की उसकी अक्षमता थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन की ''वैक्सीन डिप्लोमैसी'' बुरी तरह फेल हुई

## चीन में निर्मित वैक्सीन की बिक्री में 97 प्रतिशत की गिरावट आयी

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। यह मामला तख्तापलट की एक ऐसी कोशिश का है जो विफल हो गई। डेल्टा और ओमिक्रॉन वायरस के वैश्विक प्रसार के चरम पर चीन ने जो वैक्सीन कूटनीति अपनाई थी, उसे उसके वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं।

कोविड के अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वेरिएंट के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान करने में अमेरिकी और यूरोपीय उत्पादों की तुलना में कमजोर सुरक्षा प्रदान करने के कारण चीन द्वारा निर्मित कोविड-19 वैक्सीन्स का निर्यात बहुत कम हो गए हैं।

चीन की वैक्सीन्स की प्रभावोत्पादकता में कमी शंघाई, बीजिंग और शेष चीन में कोविड-19 केसों की तीव्र बढ़ोतरी से सिद्ध हो गई है।

- **शंघाई, बीजिंग व चीन के कई भागों में कोविड-19 के मरीज़ों की संख्या में हुई भारी वृद्धि इस बात का सबूत है कि, डैल्टा व ओमिक्रॉन वायरस के खिलाफ चीन में निर्मित वैक्सीन असफल रही है।**

विदेश नीति के विशेषज्ञ इस घटनाक्रम को चीन की वैक्सीन कूटनीति की विफलता के रूप में देखते हैं। इस कूटनीति के तहत बीजिंग ने विकासशील देशों पर दबाव डाला कि वे वैक्सीन के बदले में ताइवान जैसे मुद्दों पर उसके रूख का समर्थन करें। फरवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के देश गुयाना ने पहले तो यह घोषणा की कि उसने चीन की वैक्सीन्स का डोनेशन स्वीकार कर लिया है, उसके बाद उसने उस समझौते को रद्द गर दिया जिसके तहत गुयाना में ताइवान का जनप्रतिनिधि दफ्तर खोला जाना था।

यूनिसेफ के अनुसार सिनोफॉर्म, सिनोवैक बायोटैक और कैन्सिनो बायोलॉजिक्स ने पिछले अप्रैल माह में वैक्सीन के कुल 6.78 मिलियन डोज़ निर्यात किए थे, लेकिन यह आंकड़ा करोना के सितम्बर 2021 के चरम समय से 97 प्रतिशत कम था।

न्यूज एजेंसी निक्केई एशिया ने डालियान (चीन) और टोक्यो से खबर दी है कि इसमें वे वैक्सीन्स भी शामिल हैं जिसमें बॉटलिंग जैसी कुछ उत्पादन प्रक्रियाएं विदेशों में की गईं।

इस बीच फायज़र और जर्मनी के बायोएनटैक द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई वैक्सीन के 55.69 मिलियन डोज़ अप्रैल में निर्यात किए गए जो कि सितम्बर के बाद से 71 प्रतिशत कम थे लेकिन चीन की वैक्सीन्स के निर्यात में आठ गुना अधिक थे। मॉडर्ना की वैक्सीन का निर्यात 57 प्रतिशत गिरकर 16.49 मिलियन रह गया।

यू.के. की रिसर्च कम्पनी एयरफिनिटी के अनुसार यदि चीन की वैक्सीन्स को पहली या दूसरी बार किया गया है तब भी उनके तीसरे बूस्टर डोज़ की मांग बहुत कम रह गई है। चीन वैक्सीन का पहला डोज़ लगने के बाद उसके बूस्टर डोज़ की मांग पाकिस्तान में 98 प्रतिशत, इण्डोनेशिया में 93 प्रतिशत, बांग्लादेश में 92 प्रतिशत और ब्राजील में 74 प्रतिशत कम हो गई है। बीजिंग स्थित ब्रिज कन्सल्टिंग का कहना है कि ब्राजील और इण्डोनेशिया ने चीनी वैक्सीन्स के अनुबंध रिन्यू नहीं किए। ये अनुबंध पिछले साल एक्सपायर हो गए थे।

वर्ष 2020 में अंत के समय में जब अमेरिका और यूरोपीय दवा निर्माताओं ने कोविड-19 वैक्सीन्स का बाजारीकरण शुरू कर दिया था, चीन उसके पहले ही वैक्सीन निर्यात में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ताईवान ने कोविड नीति बदली

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। जहां बीजिंग ने करोना वायरस को समाप्त कर देने के लिये अपने प्रयास दोगुने कर दिये हैं, वहीं ताईवान सरकार ने घोषणा कर दी है कि ताईवान अब करोना वायरस को समाप्त करने के बजाय ''वायरस के साथ जीने'' की तरफ बढ़ेगा तथा साथ ही ''आपदा की तीव्रता में कमी लायेगा।''

- **नीति बदलने का मुख्य कारण है, सरकार द्वारा यह स्वीकार करना कि, ओमिक्रॉन वायरस फैलता बहुत तीव्र गति से है, पर इतना खतरनाक नहीं है।**

केसों की संख्या के बढ़ने के बावजूद, ताईवान अब हल्के तथा असिम्प्टोमैटिक संक्रमण वाले लोगों को अस्पतालों में भर्ती होने के बजाय, घरों पर ही आइसोलेट होने की अनुमति दे रहा है। सरकार विदेशों से आने वाले लोगों को जितने दिन क्वारंटीन रहना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ''खालिस्तानी'' समर्थक होने का आरोप पीछा नहीं छोड़ रहा आप का

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। अरविन्द केजरीवाल की आप के ''खलिस्तान - समर्थक'' होने के आरोपों से उसका पीछा नहीं छूट रहा हैं इस साल पंजाब में हुई पार्टी की जीत से तो यह आरोप और तीव्र हो चुका प्रतीत हो रहा है।

कुछ घटनाओं, जैसे- पटियाला में शिव सेना और खालिस्तान-समर्थक गुटों के बीच हुई झड़पों, और उसके बाद करनाल में चार खालिस्तानी आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद, स्वर्गीय जरनैल सिंह भिंडरवाला -पूजक पोस्टर और बैनर धर्मशाला-स्थित हिमाचल विधानसभा भवन के परकोटे पर लगे हुये पाये गये, जहाँ साल में एक विधानसभा सत्र आयोजित हुआ करता है। ये पोस्टर इस चुनावाधीन राज्य में हुई केजरीवाल की रैली के थोड़ी देर बाद जानकारी में आये थे। हिमाचल प्रदेश में सिखों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 1 प्रतिशत है। इसलिये खालिस्तानी तत्वों के साथ आम आदमी पार्टी (आप) के जुड़ाव का आम सोच इस साल के अन्त में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं को नुकसान ही पहुँचा सकता है। धर्मशाला की इस घटना से सत्तारूढ़ भाजपा को राष्ट्रवाद की बहस को तेज करने तथा कथित खालिस्तानी जुड़ावों को लेकर आप को घेरने का अवसर मिल गया है। आप को अपने इन नेताओं के बयानों से कोई मदद नहीं मिली है, जैसे आप हिमाचल सोशल मीडिया के संयोजक हरप्रीत सिंह बेदी खालिस्तान पर जनमत संग्रह की माँग करने वाले एक आतंकी गुट के समर्थन में बोले थे। बेदी पार्टी से निष्कासित कर दिये गये हैं। इस बीच, जयराम ठाकुर सरकार ने एक साथ कई कदम उठाये हैं। धर्मशाला की घटना की जाँच के लिये स्पेशल इन्वेस्टीगेटिंग टीम गठित कर दी गई है, राज्य की सीमाएं सील कर दी गई हैं तथा ''सिख्स फॉर जस्टिस'' नामक एक संगठन के गुरपतवन्त सिंह पन्नू के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर दी गई है। पिछले सप्ताहों में, पंजाब में आतंक-संबंधी घटनाएं बढ़ी हैं, भारतीय क्षेत्र में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गये हैं तथा हथियारों का गुप्त जखीरा बरामद हुआ है। जहाँ इन सब कारणों से, भाजपा नेताओं के लिए इन खालिस्तानी गतिविधियों के लिये आप पर दोषारोपण करना आसान हो गया है, वहीं केन्द्र सरकार तथा हिमाचल सरकार भी धर्मशाला की घटना के लिये दोषारोपण के अपने हिस्से से बच नहीं सकते।

- **हिमाचल की विधानसभा की दीवारों पर पोते गये खालिस्तान समर्थक नारों तथा पाकिस्तान से आये ड्रोन व हथियारों के जखीरे का पकड़ा जाना, आप को छवि सुधारने का मौका ही नहीं दे रहा।**

# 4 बच्चे डूबे

जोधपुर, 10 मई (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती कालीबेरी स्थित पत्थर की खान में भरे पानी में डूबने से चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से चारों बच्चों के शव निकलवाए।

- **पत्थर की खान में डूबने से चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, परिवार के लोग पड़ौस में शादी में व्यस्त थे, इस दौरान हादसा हो गया। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख जताया।**

दोपहर में शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया। चारों बच्चें सोमवार की दोपहर से घर से निकले हुए थे। परिवार के लोग मोहल्ले में चल रही शादी समारोह में व्यस्त थे। इधर दोपहर में जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता भी एमजीएच मोर्चरी पर पहुंचे और मृतक बच्चों के परिजनों से बात कर उन्हें ढांढस बंधाया। घटना को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दुःख

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुजरात में आदिवासी युवाओं को मोहने के लिये राहुल ने मंच से बार-बार जिग्नेश मेवानी का उदाहरण दिया

## राहुल गांधी ने गुजरात की पूर्वा-पट्टी में ट्राइबल्स की सभा को संबोधित किया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी का चुनावी संभावनाओं में उछाल लाने की दृढ़ कोशिश के अन्तर्गत, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज युवाओं, खासतौर से आदिवासी समुदाय के युवाओं का आव्हान किया कि वे ''अधिकारों के लिये किये जाने वाले संघर्ष'' में आगे आयें। गांधी ने उन्हें दलित ऐक्टिविस्ट विधायक जिग्नेश मेवानी की मिसाल दी।

कांग्रेस पार्टी के ''आदिवासी सत्याग्रह'' का श्रीगणेश करते हुये, कांग्रेस नेता ने आदिवासियों से कहा कि वे बडगाँव-विधायक जिग्नेश मेवानी की भाजपा के खिलाफ चल रही ''निडर लड़ाई'' से प्रेरणा लें।

कांग्रेस द्वारा शुरु किये गये इस सत्याग्रह का उद्देश्य राज्य आदिवासी क्षेत्र-पूर्वा पट्टी के आदिवासियों का समर्थन हासिल करना है। इस आदिवासी-बैल्ट से गुजरात विधानसभा के 40 विधायक चुनकर आते हैं। गांधी ने आदिवासियों को यह ''गारंटी'' भी दी कि अगर चुनावों के बाद कांग्रेस सत्ता में आई तो पार्टी पार तापी नर्मदा नदी प्रोजेक्ट को रद्द कर देगी।

गांधी, इस आंदोलन की लॉचिंग के लिये दाहोद आये थे, ने गुजरात की आदिवासी सीटों के कांग्रेसी विधायकों तथा अन्य आदिवासी नेताओं के साथ मीटिंग की, जिसमें पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। पूर्वा पट्टी की 40 में से 27 सीटें आदिवासियों के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित हैं।

- **जैसा कि विदित ही है, पूर्वा पट्टी की चालीस सीटों में 27 सीटें ट्राइबल्स के लिये आरक्षित हैं।**

गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं, जिनमें कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल भी शामिल हैं, के साथ मंच पर बैठे राहुल गांधी ने जिग्नेश मेवानी को भी मंच पर बिठाया, जिन्होंने पूर्व पार्टी अध्यक्ष के साथ संयुक्त रूप से सत्याग्रह की शुरुआत की।

राहुल ने कहा, ''बिरसा मुंडा बहुत पहले ही रास्ता दिखा गये हैं, संघर्ष का समय आ गया है। आदिवासी युवाओं को कांग्रेस में शामिल होकर कड़ी मेहनत करनी होगी। विरोध-प्रदर्शन करने वालों पर होने वाली सरकार की कार्यवाही से डरिये मत। जिग्नेश यहाँ बैठे हैं। गुजरात ऐसा अकेला राज्य है जहाँ आंदोलन एवं विरोध-प्रदर्शन के लिये अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने (सरकार) ने बिना अनुमति लिये विरोध-प्रदर्शन करने पर तीन महीने के कारावास की सजा दी थी, लेकिन मैं उन्हें जानता हूँ। आप (सरकार) उन्हें 10 साल की सजा दे दे, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और न उनमें कोई परिवर्तन होगा।

गुजरात के युवा इस बात को समझते हैं, इसलिये मैं आप से कह रहा हूँ कि हमें एक नये गुजरात का निर्माण करना है। अगर आप शिक्षा एवं चिकित्सा की माँग करेंगे, तो वे (सरकार) आपको नहीं देंगे। वे आपके भविष्य को अरबपतियों के हाथों बेच देना चाहते हैं। आप लोग किसी भी जाति के हों, युवाओं को आगे आना ही है।

कांग्रेस और मैं 24 घंटे आपके साथ हैं। हम जनतो के पुराने मॉडल, अमूल मॉडल को सरकार चलाने के लिये गुजरात में वापस लाना चाहते हैं।''

''चुनिंदा अरबपतियों'' की मदद करने के लिये भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार करते हुये, गांधी ने कहा, ''मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने थे। एक मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने जो कुछ गुजरात में शुरु किया था, वहीं सब अब प्रधानमंत्री के रूप में भारत में कर रहे हैं। गुजरात मॉडल के अनुरूप ही, आज दो भारत हैं। एक भारत धनवानों पसंदीदा लोगों, अरबपतियों, अफसरशाहों का है, जिनके पास सत्ता है, धन है तथा अकड़ एवं घमंड है। दूसरा भारत आम जनता का भारत है। कांग्रेस एक हिन्दुस्तान चाहती है जिसमें सबसे लिये सम्मान हो, सबके लिए अवसर हों, सबके लिये शिक्षा हो, तथा सबके लिए चिकित्सा सुविधा हों। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी की थी। उन्होंने आपकी जेबों से तो आपका पैसा निकाल लिया था लेकिन काला धन कम नहीं कर सके।

# वीर तेजाजी

जोधपुर, 10 मई (कासं)। यहां कुछ असामाजिक तत्वों ने डांगियावास के सालवांकलां गांव के पास वीर तेजाजी की प्रतिमा पर रात में कालिख लगा दी। आज सुबह इसका पता लगने पर जाट समाज के लोग एकत्र हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। लोगों के जमावड़े की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और समझाइश की। पुलिस ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

- **जोधपुर के पास एक गांव में वीर तेजाजी की प्रतिमा पर कालिख पोतने की घटना सामने आई, इस हरकत से जाट समाज भारी गुस्से में है।**

पुलिस ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि डांगियावास के सालवांकलां गांव की सरहद में जाट समाज के आराध्य वीर तेजाजी की मूर्ति पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

नशे की हालत में क्रोध की भांति, ग्लानी का वेग भी सहज ही बढ़ जाता है।

–प्रेमचंद

# डिजिटल प्रौद्योगिकी ने बदला फिल्में देखने का तरीका

कोरोना महामारी से उबरने के बाद सिनेमाघर पूरी क्षमता के साथ फिर से खुल गये हैं। ऐसी खबरें भी आने लगी हैं कि कुछ फिल्मों ने सैकड़ों-करोड़ों का व्यापार किया है। हिंदुस्तान के लोगों में सिनेमा हमेशा ही एक सनक की तरह रहा है। एक लंबा समय ऐसा भी गुजरा है जब सिनेमा देखना एक पूरी पीढ़ी के लिए जुनून था। सिनेमा हमारे यहां मनोरंजन का एक बेहद लोकप्रिय जरिया भी रहा है। इसीलिये भारत दुनिया के उन चंद देशों में शामिल हैं जहां सबसे अधिक संख्या में फिल्में बनती और प्रदर्शित होती रही है। लेकिन बदले ज़माने में सिनेमाघर में जाकर फिल्म देखने वाले पुराने जुनूनी दर्शक क्या अब बचे भी हैं? वे जमाने गए जब फिल्में आठ सौ से बारह सौ सीटों की क्षमता वाले सिनेमाघरों में सौ-सौ दिन चलती थी, सिल्वर, गोल्डल और प्लेटिनम जुबलियां मनाती थीं। फिल्मों के नये वितरण के आर्थिक मॉडल में इन दिनों तो डेढ़-दो सौ सीटों वाले मल्टीप्लेक्सों में तीन दिन से एक हफ्ते चली हुई फिल्म सुपर हिट का दर्जा पा जाती है। पहले दस-बारह हफ्ते चलने के बाद फिल्मों का ऐसी हिट होने का पता चलता था। सिनेमाघरों के बिकने वाले टिकटों और गानों के रिकॉर्ड की बिक्री के अलावा फिल्म निर्माताओं की आय का और कोई साधन नहीं होता था। सिनेमाघरों के टिकटों पर सौ प्रतिशत तक मनोरंजन कर का भी अलग से बोझ होता था। तब दर्शक अपनी पसंदीदा फिल्म को बार-बार देखने सिनेमाघर में टिकट खरीद कर जाते थे। किसी फिल्म का हिट होना उसकी रिपीट वैल्यू पर निर्भर करता था। अब कहां रहे वैसे दर्शक जो गर्व से बता सकें कि उन्होंने अमुक फिल्म बीस बार देखी है। अब कौन किसी फिल्म को बार-बार देखता है! नई डिजिटल यंत्र तकनीक और व्यावसायिक मॉडल ने सब कुछ बदल दिया है।

ऐतिहासिक रूप से, फिल्म निर्माता अपनी नई फिल्में उन सिनेमाघरों में दिखाते रहे जिन्हें नई शब्दावली में 'एकल स्क्रीन' कहते हैं। एकल स्क्रीन का ज़माना गया और मल्टीप्लेक्सों का ज़माना आया। अब मल्टीप्लेक्सों की जगह चलचित्रों का प्रदर्शन अंतर्जाल के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों पर स्थानांतरित होने लगा है। फिल्मों के ऑनलाइन प्रदर्शन की उभरती नई डिजिटल तकनीक को कोविड महामारी के लॉकडाउन के दौरान बड़ी सफलता मिली क्योंकि दो वर्षों तक घरों में बंद लोगों के लिए मनोरंजन यही एक माध्यम रहा। जब हालात सामान्य हुए और लॉकडाउन खुला तब तक बहुतों की सिनेमा देखने की आदतें बदल गई। स्मार्टफोन पर फिदा नई पीढ़ी के लिए सिनेमाघरों में जाना घर से निकल कर बाहर कुछ खाना-पीना और मौज मस्ती करना हो गया। पहले दर्शक फिल्म देखने के लिए फिल्म देखते थे। अब सोचते हैं कि चलो शॉपिंग करने निकले हैं, खाने-पीने निकले हैं तो फिल्म भी देख लेते हैं। उनके लिए फिल्म देखने और पॉपकार्न खाने में कोई फर्क नहीं होता। ऐसे दर्शको को सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों के जरिये घनघोर प्रचार से फिल्म देखने के लिए खींचा जाता है और उन्हीं से फिल्म को हिट करवाने के प्रयास होते हैं। इसीलिए आजकल की बड़ी-बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से भी दर्शक जुड़ा हुआ महसूस नहीं करते जैसा पहले की हिट फिल्मों के साथ होता था और वे अपनी पसंदीदा फिल्म बार-बार देखते थे। बड़ी कमाई करने वाली किसी फिल्म का एक भी दृश्य किसी को याद नहीं आता। फिल्में पैसे तो खूब कमा रही हैं लेकिन लोग थिएटर से निकलते ही उन्हें भुला देते हैं। कोई नई ब्लॉकबस्टर क्या क्लासिक का दर्जा पा सकती है, यह सवाल भी पूछा जा सकता है।

अब तो मल्टीप्लेक्स भी परेशानी में हैं क्योंकि डिजिटल तकनीक ने दर्शकों को ऑन लाइन प्लेटफ़ॉर्म ओटीटी का माध्यम उपलब्ध करा दिया है जिसका मुकाबला करने के लिए मल्टीप्लेक्स की श्रंखलाएं अपने यहां फिल्मत देखने को सितारा होटलों का अनुभव बनाने की कोशिश कर रही हैं। वे सामान्य स्क्रीलन्से के अलावा चुनिंदा जगहों परसमझदार दर्शकों के लिये, बच्चों के लिये, इमर्सिव एक्सनपीरिएंस के लिये थियेटर के अलावा पैनोरेमिक व्यूइंग के लिये स्क्रीन भी उपलब्ध करा रहे हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि देश की एक प्रमुख मल्टी प्लेइक्स सिनेमाघरों की श्रंखला ने एक बड़ी रेडी-टू-ईट गौर्मेट ब्राण्ड के साथ भागीदारी की घोषणा की है जहां सिने दर्शक फिल्म देखते हुए व्यंजनों के स्वाद का भी मजा ले सकेंगे। बटलर-ऑन-कॉल की सुविधा के साथ माइक्रो-एडजस्टीबल लेदर रिक्लांइनर्स, सेलीब्रिटी शेफ के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे जिन्हें परोसने के लिए डिजाइनर यूनिफॉर्म पहना स्टाफ होगा। दूसरी तरफ वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाएं फिल्मों और टीवी शो देखने के तरीके को बदल रहीं हैं। वीडियो स्ट्रीमिंग क्षेत्र मनोरंजन उद्योग का एक बहुत बड़ा हिस्सा बन गया है। अब लोगों के पास इतनी अधिक फ़िल्मों और वीडिओ श्रंखलाओं में से अपनी पसंद चुनने की सुविधा है कि वे अपने आप को भ्रमित महसूस करने लगे हैं। उनकी परेशानी यह भी है कि उन्हें अपनी इच्छित सामग्री पाने के लिए कई स्ट्रीमिंग सेवाओं पर जाना होता है। मुश्किल इस बात की नहीं हैं कि उन्हें मनचाहा कंटेंट पाने के लिए कई प्लेटफॉर्म पर जाना पड़ता है बल्कि मुश्किल यह है कि उन्हें अपनी मनचाही सामग्री प्राप्त करने के लिए ऐसे अनेक प्लेटफ़ॉर्म को भुगतान करना पड़ता है। नये आंकड़े बताते हैं कि स्ट्रीमिंग वीडियो बाजार में पैसे देकर ली जाने वाली सदस्यता वृद्धि अब धीमी होने लगी है। कई उपभोक्ता अब इसके बोझ का अनुभव कर रहे हैं और अपने खर्च के प्रति सावधानी बरतने लगे हैं। ऐसा दुनिया भर में हो रहा है और भारत के लोग तो मुफ़्त का चंदन घिसने वाली मानसिकता में सबसे आगे हैं। मगर एक अच्छी बात यह भी हुई है कि सारे स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म निजी निर्माताओं 'इंडीज़' को भी स्थान देते हैं जो एकल स्क्रीन के जमाने की फिल्म प्रदर्शन व्यवस्था में संभव नहीं होता था। स्ट्रीमिंग सेवाएं ग्राहकों को लुभाने के लिए इस समय एक-दूसरे से भारी प्रतिस्पर्धा में है ऐसे में मनोरंजन उद्योग में यह चर्चा भी चल पड़ी है कि सिनेमाघरों की श्रृंखलाओं पर इसका क्या असर होगा? क्या उनका धंधा तबाह हो जायेगा? यह निर्भर करेगा दर्शक महामारी के बाद कितने लोग सिनेमाघर में जाकर फिल्म देखने का अपना खोया विश्वास वापस बना पाते हैं। साथ ही उन पर किस तरह की फ़िल्में बन कर रिलीज़ होती हैं?

> **ओटीटी ने एक सहूलियत जरूर दी है कि कोई भी अब अपनी पसंद के समय और अपनी पसंद के स्थान पर अपनी पसंद की फिल्म जब चाहे देख सकता है। पहले सिनेमाघर के समय और वहां दिखाई जा रही फिल्म के अनुसार दर्शक को अपना कार्यक्रम बनाना पड़ता था। यही टीवी में था।**

हालांकि अध्ययनों से पता चलता है कि बढ़ती संख्या में लोग अब सिनेमाघर जाकर फिल्म देखने की बजाय घर पर नई रिलीज़ फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं किन्तु मनोरंजन उद्योग के प्रमुखों को अब इस बात की चिंता सताने लगी है कि उपलब्ध स्ट्रीमिंग सेवाओं की भारी संख्या के कारण उपभोक्ताओं में कहीं ऊब न पैदा हो जाए और वे उनसे किनारा करने लगें। स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाताओं की नई समस्या यह भी है कि उनमें आपस में काफी समानताएं हैं, और वे वास्तव में अपनी एक दूसरे से अलग पहचान बनाने के लिए बहुत कुछ नहीं कर पा रहे हैं। मनोरंजन उद्योग के जानकार कहते हैं कि उन्हें नहीं पता कि अन्त:तोगत्वा कितने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अपनी खूबियों के आधार पर बचे रह सकेंगे क्योंकि उनसे ऊबे लोग अंतत:किसी नई चीज की अपेक्षा करने लगेंगे। ओटीटी ने एक सहूलियत जरूर दी है कि कोई भी अब अपनी पसंद के समय और अपनी पसंद के स्थान पर अपनी पसंद की फिल्म जब चाहे देख सकता है। पहले सिनेमाघर के समय और वहां दिखाई जा रही फिल्म के अनुसार दर्शक को अपना कार्यक्रम बनाना पड़ता था। यही टीवी में था। उसके समय के अनुसार दर्शक को अपना समय निकालना पड़ता था। सिने व्यवसाय पर नज़र रखने वालों का मानना है कि नियमित फिल्म देखने वाले तो सिनेमाघरों में लौट आयेंगे मगर कभी-कभार फिल्म देखने वालों का बड़े परदे वाले सिनेमाघरों में लौटना मुश्किल लगता है। यह सभी जानते हैं कि भव्यता लिए हुए फ़िल्में बड़े परदे पर अधिक मुफीद होती है। विराट फिल्म उद्योग ऐसी फिल्में बनाता है जो टीवी सेट के छोटे स्क्रीन की बजाय बड़े परदे पर अधिक आनंद देती हैं। इसलिए अनेक लोग कहते हैं कि जब तक फिल्में बनेंगी सिनेमाघर रहेंगे। लेकिन वे किस रूप में होंगे, कितने होंगे और उनमें किस तरह की फिल्में दिखाई जायेगी यह सब अभी भविष्य के गर्भ में है।

ऐसे लोग भी कम नहीं हैं जो ओटीटी के नकारात्मक पक्ष की बात करते हैं। वे पूछते हैं कि घंटों टीवी देखने या घंटों मोबाइल फोन को घूरते रहने के क्या परिणाम होंगे? यदि हर दिन इतने घंटे खर्च कर देंगे तो लोग ठोस काम कब करेंगे? क्या वे अंतत: मानसिक बीमारियों और बेरोजगारी के कुचक्र में नहीं फंस जाएंगे? मनुष्य के पास एक दिन में काम करने के केवल 12 घंटे होते हैं और जीवन आभासी नहीं वास्तविक होता है। अनेकों की चिंता मनोरंजन, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर परोसी जा रही सामग्री पर भी है। इन माध्यम के लिए बनाए जाने वाले तथा सीधे उन्हीं पर रिलीज़ होने वाले चलचित्र तथा वेब सीरीज में जिस प्रकार के अश्लील दृश्य और भाषा आ रही है उससे भी अनेक लोग असहज महसूस कर रहे हैं और आम जन में भी बेचैनी है। वेब सीरीज में नजदीक पारिवारिक रिश्तों के बीच यौन संबंधों को प्रमुखता से दिखाया जाना भी संस्कारी भारतीय परिवार के लिए अस्वीकार्य है। ओटीटी पर जो कुछ दिखाया जाता है वह बड़े परदे पर प्रदर्शित फिल्मों की तरह सेंसर बोर्ड के सामने जाकर नहीं आता जिससे उन पर कानून का नियंत्रण भी नहीं होता है।


**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# काजीजी का फरमान, अस्पताल पर 45 लाख का हर्जाना

सवेरे अखबार खोला। फरमान छपा था। अस्पताल पर 45 लाख का हर्जाना जिस अस्पताल के खिलाफ नालिश थी उसके वकील को निर्णय के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई, कुछ नहीं बताया गया। अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा था। एक शाम को मीडिया वालों को बतौर विज्ञिप्त दे दिया गया। खबर छप गई। फरमान जारी करने वाले जज साहिबान के नाम छपे। ऐसा लगा जैसे मीडिया हाउस के किसी ब्यूरो चीफ या स्पेशल कोरेसपोंडेन्ट की रिपोर्ट हो। और जैसा कि आजकल अखबारों की खबर का स्तर हो गया है, व्यूज अधिक न्यूज न्यूनतम। नेताओं के नाम विधिवत। अपना नाम अखबारों में देखने को लिए केवल नेता ही विख्यात नहीं हैं।

अदालत द्वारा दी गई खबर में रोगी को क्या रोग था? उसका क्या इलाज होना चाहिए था? क्या इलाज नहीं किया गया? या क्या गलत किया गया? इसका कोई विवरण नहीं। रोग की बारीकियों को समझना इतना सरल भी नहीं था। बच्चे को जन्मजात हर्सस्प्रिंग नामक विकृति थी। इस विकृति में बड़ी आंत के आखिरी भाग में वे कोशिकायें नहीं होती जो इस भाग के स्वाभाविक संकुचन का शमन कर इसे खोलती हैं। बड़ी आंत का मल जब यहां पहुंचता है तब यह भाग फैलता नहीं, संकुचित ही रहता है। फलस्वरूप गुदाद्वार नहीं खुलता और मल बड़ी आंत में जमा होता रहता है। इसका एक मात्र उपचार है बचपन में ही बायोप्सी द्वारा विकृत भाग का आकलन करना और उसे हटा कर बड़ी आंत के स्वस्थ भाग को गुदाद्वार से जोड़ना। जन्मजात व्याधि, जिटिल शल्य क्रिया। अभिभावकों को बताया गया इलाज नहीं करवाया। मल आंत में जमता गया, सूखता गया। पत्थर (फीकोलिथ) जैसा सख्त होता गया। भर्ती के समय एक्स रे को देख कर लगता था जैसे पेट नहीं, मल भरा सेप्टिक टैंक हो। सूखे मल के इस टैंक को एनिमा से खाली करना दूरूह था और बिना खाली किए मल भरी आंत पर कोई शल्यक्रिया करना असम्भव। बच्चे के लम्बे समय (नेग्लेट) से मल से आंत भरी होने के कारण पाचन प्रभावित, गंभीर मैलन्यूट्रिशन (कुपोषण) और सीवियर एनीमिया। एनिमिया से प्रभावित अन्य अंग, गिरी हुई प्रतिरोधोक क्षमता। कुल मिला कर हालत अति गंभीर।

सीवियर एनीमिया से उत्पन्न लाइफ थ्रेटनिंग गंभीर स्थिति को ठीक करने के लिए चिकित्सक ने अस्पताल से मांग कर 20 यूनिट रक्त चढाए। मरीज के अभिभावाकों ने एवज में एक भी रक्तदान करने से मना करने के बावजूद। एनीमा देकर सूखे मल से आंत खाली करने का प्रयास किया। वांछित सफलता नहीं मिली। मरीज की हालत गिरती गई। हालत अनुरूप हर संभव उपचार किये



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

गय। फफड़ा म गभार सक्रमण हान पर वेन्टीलेटर पर भी रखा गया। लेकिन हालत गिरती गई और अंतत: बच्चे की मौत हो गई। जज साहेबान ने यह नहीं बताया कि जो इलाज किया गया उसमें क्या गलत था। न ही इस जटिल अवस्था में किये गये उपचार का अन्य चिकित्सकों से आकलन करवाना जरूरी समझा। अपने चिकित्सकीय ज्ञान (?) के आधार पर विधिक जामा पहनाते हुए फरमान जारी कर दिया।

Hirschsprung's disease के केस में फरमान (निर्णय) में कहा गया आया है कि मरीज के सिर्फ कब्ज की बीमारी थी जो साधारणतया भारतवर्ष में काफी व्यक्तियों के पायी जाती है। पूरा मल विर्सजन नहीं होने पर वह पेट में जमा हो जाता है। इसके BEST चिकित्सा आयुर्वेद चिकित्सक होते है जो दवाईयों के जरिये मल निकाल देते है तथा पेट साफ कर देते है तथा यह मल ज्यादा जमा हो तो एनिमा लगाकर मल निकाल दिया जाता है।

फरमान में जारित निर्णय की ओर रजिस्टर्ड एलोपैथिक डॉक्टरों का ध्यानाकर्षित कर लेख है कि हर्षस्प्रंग नामक जन्मजात विकृति के रोगियों के लिए मल्टिपल बायोप्सी द्वरा अडायानामिक सेगमेंट को चिन्हित कर इलाज शल्यक्रिया से करने की गलती न करे। उन्हें आयुर्वेद वेत्ता हाकिम साहब के पास भिजवादे। वे उचित फरमान जारी कर मल निस्कासित करवा देंगें। एलोपेथिक चिकित्सक अपनी हटधर्मी कर 50 लाख की रिस्क न लें।

इस केस में कुपोषण जनित गंभीर एनीमियां (हिमोग्लोबिन 5.6) में किये गये उपचार के लिये फरमान में कहा गया है कि एनीमियां का इलाज आयरन व विटामिनस द्वारा किया जाना चाहिए था। मरीज को 20 यूनिट ब्लड प्रोडक्टस देने की आवश्यकता ही नही थी। जो एलोपैथिक विशेषज्ञ इससे सहमत न हो वे ऐसे रोगी को फरमान में निर्णित आदेश अनुरूप इलाज करवाने के लिए कहें। मरीज चाहे तो हाकिम साहब से सम्पर्क कर सकता है।

इस केस में हर चिकित्सकीय कर्म करने से पूर्व बालक के अभिभावको को उनकी स्वयं की भाषा में समझाकर उन्हीं के हस्ताक्षर से स्वीकृति (इलाज के लिए 5 बार) ली गई। माननीय जज साहेब ने फरमान – निर्णय – में कहा है कि यह मान भी लिया जावें कि लिखकर मरीज के पिता से हस्ताक्षर करवाये गये तो भी इसको लिखने की क्या जरूरत थी। चिकित्सकों का काम ईलाज करना था ना कि अपनी रिस्क से बचना। यह कागज पर लिखना ही विपक्षी के विरूद् जाता है तथा इसमें कुछ दाल मे काला नजर आता है।

"परिवादी से जो लिखकर लिया गया है परिवादी पढ़ा लिखा व्यक्ति नहीं है कुछ शब्द लिखे गये है जिससे परिवादी को तो क्या समान्य पढ़ा लिखा आदमी को भी जानकारी नहीं हो सकती। ऐसी स्थिति में जो परिवादी से लिखाया गया है वह सर्वथा फर्जी है। इससे पहले कि एलोपैथिक डाक्टर स्वीकृति लेना बंद करे या ऐसा फर्जीवाड़ा करना चालू रख जज साहेब के कोपभाजक बने, मेडिकल काउंसिल से गुजारिश है कि वह उच्चतम न्यायालय से इस बारे में स्पष्टीकरण लेले।

फर्जीवाड़ा कौन कर रहा है, यह तो समय या न्यायालय ही बतायेगें, लेकिन अगर विधि वेत्ता बतौर चिकित्सा विशेषज्ञ निर्णय लेंगे तो रोगयों की दुर्गति निश्चित है।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# 17 सालों से लोगों को पानी पिला रही हैं 80 वर्षीय संतोषी बाई

**उदयपुर, (कासं)।** भीषण गर्मी के दौर में तपती हुई धूप में राहगीर को शीतल जल मिल जाए तो उसे बड़ा सुकून मिलता है। इस उम्र में भी निस्वार्थ भाव से सेवा के इस पुनीत कार्य को अंजाम देने वाली संतोषी बाई प्यासों के लिए देवदूत बनी हुई है।

- **उदयपुर की संतोषी बाई भीषण गर्मी में प्यासों के लिए देवदूत बनी हुई हैं**



उदयपुर में फतहपुरा चौकी के समीप जल सेवा करती संतोषी बाई।

उदयपुर शहर के फतहपुरा चौकी के पास एक शीशम के पेड़ के नीचे संतोषी बाई पिछले 17 वर्षों से राहगीरों को पानी पिलाने का पुण्य काम कर रही है। शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वे किसी राहगीर से कोई राशि भी नहीं मांगती है। स्वेच्छा से कोई कुछ दे जाए तो मना भी नहीं करती। कई लोग संतोषी बाई की इस जलसेवा से खुश होकर अपनी तरफ से कुछ राशि देकर इस कार्य को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित भी करते रहते हैं।

संतोषी बाई कहती हैं कि ईश्वर ने सब कुछ अच्छा किया, अब धन-दौलत का कोई मोह नहीं रहा। इसलिए तपती लू में राहगीरों की सेवा कर रही हूं। इससे पहले इनके पति भी इस क्षेत्र में पानी पिलाते थे।

80 साल की उम्र में वह छोटी सी बाल्टी में धीरे-धीरे चलकर पानी भरती हैं। उनके इस काम में एक बोहरा समाज के व्यक्ति इनकी मदद करते हैं। वो बाई को पानी भरने देते हैं, मटकियां रखने देते हैं और यदा-कदा अन्य मदद भी करते हैं। संतोषी बाई की जलसेवा के कार्य पर सामाजिक कार्यकर्ता सुनील पंडित कहते हैं, ताउम्र धन-दौलत के मोह में फंसे मानव जीवन में बुढ़ापे में मोह की कड़ी को तोड़ना आसान नहीं है लेकिन संतोषी बाई ने अपने नाम के अनुरूप जीवन में संतुष्टि को अनुभूत कर लिया है और एक-एक कर के मोह की तमाम कडियों को निकालकर फेंक दिया है।

# मालाखेड़ा में पानी की किल्लत से गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे जाम किया



सड़क पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**अलवर, (निसं)।** मालाखेड़ा में पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने स्टेट हाइवे 44 पर जाम लगा दिया। इस दौरान महिला और पुरूषों ने पत्थर और कांटेदार बाड़ डालने से सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गया। वहीं शादी के सावों के चलते बड़ी संख्या में वाहनों की कतार लग गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भडकोल मुख्यालय के लोगों में पेयजल संकट व्याप्त है।

घटना की सूचना पाकर मालाखेड़ा पुलिस और राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान स्थानीय प्रधान वीरवती भी मौके पर पहुंची। जहां मौके पर लोगों से समझाइश कर टैंकर से पानी की सप्लाई का आश्वासन दिया। सड़क जाम करने के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पीने के लिए पानी की बूंद नहीं है, लोग महीनों से परेशान हैं। पंचायत और जलदाय विभाग की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। इस दौरान प्रधान वीरवती ने कहा कि महाराजपुरा में नया बोरिंग लगवाया है। उसका कनेक्शन होना बाकी है। मंगलवार को विकास अधिकारी किसी कारणवश नहीं आए। बुधवार तक बिजली विभाग का मांग पत्र जमा कराकर कनेक्शन करवाया जाएगा। जिससे महाराजपुरा की पेयजल समस्या हल हो सकेगी।

# आज भी खेतोलाई गांव के लोगों को परमाणु परीक्षण पर नाज है

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण से 25 किलोमीटर दूर स्थित वह गांव जहां पर आज से ठीक 24 वर्ष पूर्व 11 मई 1998 को हुए परमाणु परीक्षण ने न केवल पोकरण बल्कि भारत देश को विश्व में परमाणु शक्ति के रूप में नई पहचान दिलाई। आज भी खेतोलाई गांव के लोगों को परमाणु परीक्षण पर नाज व फक्र है।

- **परमाणु परीक्षण की 24वीं वर्षगाठ, सिलसिलेवार हुए थे पांच धमाके**
- **उस ऐतिहासिक व गौरवान्वित मंजर को याद करते हुए ग्रामीण बताते हैं कि धमाके की आवाज से भूमि में थोड़ी हलचल हुई, लोगों को लगा की भूंकप आ गया, गांव के मवेशी इधर-उधर भागने लगे। कई मकानों की छतों पर दरारें आ गई**

परमाणु परीक्षण की घटना को बताते हुए ग्रामीण कहते हैं कि पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज पास में ही स्थित होने के कारण यहां भारत सहित अन्य देशो की सेनाओं के युद्धाभ्यास होने के कारण धमाके होते रहते हैं। 11 मई 1998 को वो लम्हा आज भी लोगों के जहन में वीरगाथा के रूप में संजोया हुआ है। ग्रामीण बताते हैं कि उस दिन फायरिंग रेंज के अधिकारी व जवान गांव में पहुंचे। उन्होंने गांव के लोगों से कहा कि आज दोपहर से लेकर शाम तक मकानों के अंदर नहीं बैठे।

उस दिन गांव को सेना के जवानों ने चौतरफा घेर लिया। 11 मई 1998 के दिन सुबह से ही सेना के वाहनों द्वारा गांव में गश्त शुरू कर दी गई थी। जवानों द्वारा लोगों को बार-बार घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही थी। दोपहर के 3 बजकर 20 मिनट पर तेज धमाके की आवाज से गांव गूंज उठा। लोगों को लगा की कोई प्राकृतिक आपदा हुई है। इसी दौरान ग्रामीणों ने देखा फिल्ड फायरिंग की तरफ से आसमान में धुएं का विस्फोट हो रहा था। उस ऐतिहासिक व गौरवान्वित मंजर को याद करते हुए ग्रामीण बताते हैं कि धमाके की आवाज से भूमि में थोड़ी हलचल हुई। लोगों को लगा की भूंकप आ गया। गांव के मवेशी इधर-उधर भागने लगे। कई मकानों की छतों पर दरारें आ गई। तेज धमाके की आवाज के कुछ क्षणों बाद ही सेना के अधिकारी गाड़ियों के काफिले के साथ गांव से बाहर निकल गए। 11 मई 1998 को जब पोकरण स्थित फिल्ड फायरिंग रेंज में परमाणु परीक्षण हुआ उस समय डीआरडीओ के तत्कालीन निदेशक भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम थे। आम से लेकर सेना के अलावा किसी भी व्यक्ति को इस ऐतिहासिक होने वाले मंजर की जानकारी नहीं थी।

जैसे ही डॉ. कलाम के नेतृत्व में राजस्थान की इस वीर प्रसूता धरती पर परमाणु परीक्षण किया गया। उसके कुछ घंटों के बाद ही देश के तत्कालीन प्रधामनंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व सेना के उच्चाधिकारियों ने एक संदेश के माध्यम से यह जानकारी लोगों तक पहुंचाई तो लोगों को मालूम हुआ। इसके बाद सेना के द्वारा 13 मई को और विस्फोट किए गए। इसी घटना ने पोकरण को परमाणु नगरी के रूप में विश्व पटल पर अंकित किया। पोकरण की सरजमीं से डॉ. कलाम व देश के पूर्व प्रधानमंत्री को इतना प्यार था कि वाजपेयी ने 19 मई 1998 को पोकरण में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों से रूबरू होकर इस ऐतिहासिक मंजर को साझा किया। उसी समय उन्होंने सेना, किसान व विज्ञान के क्षेत्र में जय जवान, जय किसान व जय विज्ञान का नारा दिया।

पोकरण भाजपा के नेता महंत प्रतापपुरी ने बताया कि पोकरण की ऐतिहासिक धरती पर मई 1998 में हुए परमाणु परीक्षण ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आज का दिन पोकरण व खेतोलाई गांव के साथ देशवासियों के लिए गर्व का दिन है।

नगरपालिका पोकरण के अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने बताया कि पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुए परमाणु परीक्षण की आज हम 24वी वर्षगांठ मना रहे है। परीक्षण के बाद भारत देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों में सुमार होने में कामयाबी मिली।

विस्फोट के बाद खेतोलाई गांव में सरकार की ओर से कोई ठोस प्रयास नहीं करने से यह गांव विकास की राह से कोसों दूर रह गया है। यहां के वांशिदों को आज भी सरकार द्वारा विकास कार्यों का इंजतार है।

वहीं दूसरी ओर पोकरण शहर में परमाणु परीक्षण की वीर गाथाओं को हृदय में संजोने के लिए जैसलमेर रोड स्थित एक भवन में प्रशासन की ओर से शक्ति स्थल के नाम पर भवन में सेना के टैंकर, बंकर व युद्धाभ्यास के वाहनों के मॉडल बनाए गए थे। लेकिन यह स्थल भी समय के साथ प्रशासन के उदासीन रवैये से उजड़ गया है।

आज इस स्थल पर ताले लगे हुए हैं। आज परमाणु परीक्षण की 24वीं वर्षगाठ भले ही लोगों के जहन में जरूर हो लेकिन शहर के इस स्थल पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं होता।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 11 मई, 2022**

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र सांय 7:28 तक, व्याघात योग सांय 7:24 तक, तैतिल करण प्रात: 7:28 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:33 पर कन्या राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कुम्भ, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज श्री महावीर स्वामी केवल्य ज्ञान (जैन) दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:04 तक, गुरू 10:44 से 12:23 तक, चर 3:42 से 5:21 तक, लाभ 5:21 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:46, सूर्यास्त 7:01

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में प्रगति होगी। धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बढ़ेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी और आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**धनु**
धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बना रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# राज्य सरकार ने जानवरों को उनके अपने हाल पर छोड़ दिया है : मरियम अबु हैदरी

## आरटीआई एक्टिविस्ट के सवाल पर पशुपालन विभाग के जवाब से हुआ खुलासा

- विभाग ने जवाब में बताया कि राज्य पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई है, लेकिन ना तो कोई बजट आवंटित नहीं है, ना बोर्ड की काई बैठक आयोजित की गई और कोई कर्मचारी भी नहीं है
- जवाब में यह भी मालूम पड़ा कि बोर्ड की पिछली बैठक 2016 में हुई थी और आगामी बैठक अगले महीने होगी

**जयपुर**, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट की ओर से राज्यों को पशु कल्याण बोर्ड स्थापित करने का निर्देश जारी किये दशकों हो गये हैं, मगर राजस्थान को अभी भी इसके लिये जगह और बजट उपलब्ध करवाने की शुरूआत करनी है। राजस्थान में राज्य पशु कल्याण बोर्ड को पिछले पांच वर्षों में बजट आवंटित नहीं किया गया है और न ही इसने जानवरों के खिलाफ किसी भी क्रूरता के मामले में भाग लिया है।

मार्च 2022 में पशु अधिकार कार्यकर्ता मरियम अबु हैदरी ने पशुपालन विभाग के साथ सूचना के अधिकार के तहत एक आवेदन दायर कर बोर्ड के गठन, आवंटन बजट और उनके लिये तैनात अधिकारियों के बारे में विवरण मांगा। 9 मई को उत्तर मिला कि राज्य पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई है, लेकिन ना तो कोई बजट आवंटित नहीं है, ना बोर्ड की काई बैठक आयोजित की गई और कोई कर्मचारी भी नहीं है।

2020 में पशु कार्यकर्ता गौरी मौलेखी ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर राज्य पशु कल्याण बोर्ड के गठन और उनके उचित कामकाज की मांग की। मौलेखी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्यात्मक राज्य पशु कल्याण बोर्ड स्थापित करने का नोटिस जारी किया।

मरियम ने कहा कि बोर्ड और एसपीसीए से राज्य और जिला स्तर पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने, पशु कल्याण को बढ़ावा देने और जानवरों को पीड़ा से बचाने की अपेक्षा की जाती है। आरटीआई आवेदन ने केवल मेरी चिंताओं की पुष्टि की कि जानवरों को उनके अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और केवल पशु प्रेमी नागरिक ओर खराब वित्त पोषित पशु कल्याण संगठन ही उनके साथ खड़े हैं। यह हमारी सरकार की स्थिति है और जानवरों के कल्याण के लिये कोई बजट क्यों नहीं आवंटित किया जाता है। पशु क्रूरता निवारण समिति जिला स्तर पर कार्य करती है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे राज्य सरकार, कल्याण बोर्ड और अन्य स्थानीय प्राधिकरणों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के प्रावधानों को लागू करने और जानवरों के खिलाफ अपराधों की जांच करने में सहायता करें।

मरियम कहती है कि मेरे आरटीआई आवेदन के जवाब में पशुपाल विभाग ने कहा कि राज्य पशु कल्याण बोर्ड कार्यात्मक है और यहां तक कि इसके कुछ अधिकारियों को सूचीबद्ध भी किया है। हालांकि बजट और बैठकों के आवंटन के बिना वे कैसे दावा कर सकते हैं कि बोर्ड काम कर रहा है? मैं जानना चाहती हूं कि विभाग क्या कर रहा है, जानवरों के कल्याण के लिये भी कुछ करेगा या यह केवल पोल्ट्री और डेयरी उद्योग के लिये व्यापार पैदा करने के लिये है। बोर्ड के सदस्यों में से एक ने मरियम को बताया कि एक कार्यालय तैयार किया जा रहा है और अगली बैठक अगले महीने होगी।

# हमें चौधरी कुम्भाराम आर्य के पद्चिन्हों पर चलना होगा : सुचित्रा आर्य



जयपुर में मंगलवार को किसान घाट पर किसान नेता चौधरी कुम्भाराम आर्य को उनकी (10 मई )108 वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

**जयपुर**, (का.सं.)। किसान घाट पर किसान नेता चौधरी कुम्भाराम आर्य को उनकी (10 मई )108 वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

विचार गोष्ठी में उद्बोधन रखते हुवे आज़ाद समाज पार्टी प्रभारी सत्यपाल ने नमन करते हुए कहा कि उनके योगदान की स्मृति शोषितों और वंचितों के मनमस्तिष्क में घूम रही है; आरक्षण से वंचित रह गई कई दलित जातियों को जुड़ााने के लिए बड़ी भूमिका निभाई थी, वे सामाजिक न्याय के योद्धा थे। राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेन्ट बोर्ड उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्य ने कहा हमें आर्य के पद्चिन्हों पर चलना पड़ेगाा अगर आप जाति पाति, धर्म में विभक्त हुए तो एक दूसरे का विश्वास खो कर निर्बल एवं आत्मद्रोही बन जाओगे; ऐसी स्थिति कृषक वर्ग को विनाश के चौराहे पर ले जायेगी इसलिए इस साम्प्रदायिक वैमनस्यता के दौर में आपको सम्भलने की आवश्यकता है !

स्व.कुम्भाराम आर्य के जीवन से हमें यही सीखने को मिलता है कि जो व्यक्ति अपने आपको कर्तव्य दृष्टी से खुद को भारी संकटो में डालता उसको अपने संकटों को पार करने के लिए असाधरण शक्ति भी मिल जाती है। आर.एल.डी. प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण सहारण ने भूमि सुधार अधिनियमों का जनक बताते कहा आर्य साहब के विचारों को युवाओं को आत्मसात करना चाहिए।

इस दौरान उपस्थित रहे चौधरी कुम्भाराम आर्य के पौत्र पूर्व प्रधान विशुपाल आर्य, पूर्व आई.पी.एस. बी.आर. ग्वाला, महावीर चक्र विजेता जिगेन्द्र सिंह, एन.एस.यू.आई. के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया, आज़ाद समाज पार्टी के सुनील भिंडा, महावीर चक्र विजेता जिगेन्द्र सिंह ,पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव धूप सिंह पुनिया, दीपक नेहरा, व्यवसायी राजेश डूकिया, आज़ाद समाज पार्टी के सुनील भिंडा, पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीराम बेनीवाल, प्रवीण आर्य, रमेश पुनिया, पूर्व प्रधान अमिलाल मेघवाल, सतवीर कस्वां सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब जयपुर रॉयल ने जर्जर विद्यालय भवन का नवनिर्माण किया



शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला ने मंगलवार को जयपुर के पास कानोता में राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान सरकार में शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला ने जयपुर के पास कानोता में राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन किया गया। इस भवन का नवनिर्माण स्थानीय रोटरी क्लब जयपुर रॉयल द्वारा किया गया है।

मुख्य अतिथि के रूप कल्ला ने रोटरी क्लब के सेवा कार्यों की प्रशंसा की तथा इस विद्यालय को सरकार की और से पांच और कमरे देने की घोषणा की। क्लब के अध्यक्ष हरीश खत्री ने बताया कि विद्यालय परिसर जर्जर अवस्था में था। वर्षा ऋतु में छतों से पानी कक्षा में आता था तथा बालिकाएं पढ़ नहीं पाती थी।

पूर्व रोटरी प्रांतपाल रमेश अग्रवाल द्वारा रोटरी इंटरनेशनल से इस विद्यालय के भवन के लिए 24 लाख रुपये का प्रस्ताव स्वीकृत करवाया गया। चालू सत्र में पूरे भवन का नवीनीकरण किया गया जिसमें छत तथा कमरों की मरम्मत, बरामदे में कोटा स्टोन का फर्श, नए टॉयलेट,,पेयजल स्टेशन का निर्माण, नया कक्षा फर्नीचर, वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन कोर्ट तथा खेल सामग्री उपलब्ध करवाना शामिल है।

परियोजना चेयरमैन राकेश गुप्ता ने क्लब के द्वारा की जाने वाली विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ अशोक गुप्ता विशिष्ठ अतिथि थे तथा अध्यक्षता रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अशोक मंगल ने की। मंच संचालन प्रबोध जैन ने किया।

स्थानीय विधायक लक्ष्मण मीणा ने भी रोटरी क्लब का शिक्षा के क्षेत्र में किये गए इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद कपूर, रतन सिंह अरोरा, रवि कामरा, संदीप ढींगरा, कमल गुलाटी, हेमेंद्र शर्मा, संजय कौशिक, मोहनीश मेहरा, बिष्नु बिरला, वी.के. गुप्ता, विजय राजोरिया, पी.सी. मित्तल, अजोय कल्ला, डी.डी. सोनी, जी एल खुराना, जे.पी. मल्होत्रा, राजेंद्र प्रधान, रमेश चंद गोयल, परेश तनेजा, भरत मखीजा, विजेंद्र मित्तल, सुशील गोयल, अर्चना खत्री तथा सुमन नारंग मौजूद थे। विद्यालय प्राचार्या विजयलक्ष्मी मीणा द्वारा आगंतुकों का स्वागत किया गया।

## महिलाओं, बालिकाओं की चिंता छोड़, राज्य सरकार कांग्रेस के चिंतन शिविर में व्यस्त : बिट्टू

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में इन दिनों राज्य के जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी का मामला गर्माया हुआ है, रोहित जोशी पर दिल्ली में एक महिला ने बलात्कार, मार-पीट, जान से मारने एवं महिला के साथ दुबारा "भंवरी कांड दोहराने " जैसे आरोप लगा एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है। इस मसले पर सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि " मामला बलात्कार, जान से मारने की धमकी से जुड़ा हुआ है तो वैसे भी गंभीर मसला है।

अभिषेक जैन ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मामले की जानकारी नही होने का बयान दे रहे है, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एफ.आई.आर. दर्ज होने से किसी को आरोपी नही मानने का बयान दे रहे है, वही आरोपी रोहित शर्मा के पिता और राज्य जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कानून अपना काम करेगा और निष्पक्ष जांच होने का बयान दे रहे है। किन्तु वाक्य में क्या यह सभी बयान सत्य है, जिस प्रकार की बयानबाजी राज्य में चल रही है उससे साफ प्रतीत होता है कि मामले को दबाया जा रहा है और पूरा फोकस महिलाओं, बालिकाओं की चिंता छोड़, कांग्रेस के चिंतन शिविर में लगाया जा रहा है।

# प्रदेश में पांच दिन बाद करोना से एक और संक्रमित की मौत

## राज्य में सोमवार को 89 नए संक्रमित मिले, जबकि रविवार को 27 रोगी पाए गए थे

- राज्य में मंगलवार को थोड़ी गिरावट के बाद 74 नए संक्रमित मिले हैं।
- पिछले चौबीस घंटे में जयपुर में 41 नए मरीज पाए गए है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को पांच दिन बाद करोना संकमण से एक और मरीज की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9554 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। हालाकि इस बीच राज्य में थोड़ी गिरावट के बाद 74 नए मरीज मिले हैं।

प्रदेश में मंगलवार को करोना से अजमेर जिले में एक संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही यहां अब तक 447 लोगों की करोना से मृत्यु हो चुकी है। राज्य में इससे पहले 4 मई को जयपुर में एक संक्रमित की मौत हुई थी। राजधानी में इस बीमारी से अब तक सबसे ज्यादा 2112 मौतों हो चुकी है।

इधर आज प्रदेश में 28 मामले कम आने के साथ ही नए संक्रमितों की संख्या फिर सौ के नीचे आ गई है। इस दौरान राज्य के 8 जिलों में 74 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले सोमवार को 102 रोगी पाए गए थे। आज राजधानी जयपुर में भी थोड़ी गिरावट के बाद 41 नए संकमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर व धौलपुर में 11-11, चूरू में 5, सीकर में 3 और गंगानगर, नागौर तथा सवाई माधोपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 25 जिलों अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक और उदयपुर में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में मंगलवार को नए संक्रमितों के बराबर 74 मरीज ठीक हुए हैं। इससे एक्टिव केसों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। फिलहाल राज्य में 604 नए संक्रमित है। राजधानी में पिछले चौबीस घंटों में नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी होने से 398 एक्टिव केस रह गए हैं।

### मानसरोवर में 8 नए संक्रमित मिले


राजधानी जयपुर में मंगलवार को 19 स्थानों पर नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 8 नए मरीज मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा जगतपुरा व सांगानेर में 5-5, जवाहर नगर, मालवीय नगर व प्रताप नगर में 3-3, टोंक रोड इलाके में 2 तथा अजमेर रोड, बस्सी, चांदपोल, झोटवाड़ा, महारानी फार्म, रामगढ़ मोड़, सीतापुरा, सोड़ाला, त्रिवेणी नगर, सी-स्कीम, बापू नगर और गोपालपुरा इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# प्रशासनिक सुधार विभाग की रोक के बावजूद किये तबादले पर रोक

- अधिकरण ने एसीएस और भूजल विभाग के मुख्य अभियंता से जवाब मांगा है

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से रोक के बावजूद अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक का तबादला करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अधिकरण ने तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव और भूजल विभाग के मुख्य अभियंता से जवाब मांगा है। अधिकरण ने यह आदेश गोपाल प्रसाद शर्मा की अपील पर दिए। अपील में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया की प्रशासनिक सुधार विभाग ने गत 23 मार्च को आदेश जारी कर तबादलों पर रोक लगा रखी है। विभाग के परिपत्र के तहत राज्य सरकार के अनुमोदन से ही तबादला किया जा सकता है। अपील में कहा गया की गत 13 अप्रेल को अपीलार्थी का जयपुर से जोधपुर तबादला कर दिया और एक अन्य अधीक्षण भूजल अधिकारी सुनील शर्मा का जोधपुर से जयपुर तबादला कर दिया। अपील में कहा गया की यह तबादला दूसरे अधिकारी सुनील शर्मा को एडजस्ट करने के लिए किया गया है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री भंवर लाल सैनी**

पुत्र स्व.श्री रघुनाथ सैनी का स्वर्गवास दिनांक 9.5.22 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक दिनांक 11.5.22 को सायं 5.00 से 6.00 बजे तक निवास स्थान 119, शिव कालोनी, न्यू सांगानेर रोड, श्याम नगर मैट्रो स्टेशन, सोडाला, जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल-** सरोज देवी (पत्नी), रमेश-दीक्षा, प्रदीप-दिव्या (पुत्र-पुत्रवधु), कैलाश, ओमप्रकाश, श्रवण, कमल, विक्की, राजेश (भ्राता), विवान, नक्ष, मानविक (पौत्र) एवं समस्त तंवर परिवार, अनिता-हेमराज जी (पुत्री-दामाद), भाविक (दोहिता)

मो. 9587022302, 9587022301

**खोया पाया**

JDA की योजना विद्याधर में भू संख्या B-448 का अलॉटमेंट लेटर, पजेशन लेटर, NOC, Tital Resignation Letter खो गया है सूचित करें- मुबारक हुसैन, मो.-8209951922

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह भूखण्ड संख्या MB-03 (433 Sq. Feet) सुरेन्द्र पाल कॉलोनी लक्ष्मण पथ सोडाला जयपुर में स्थित है। इस भूखण्ड के अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह हैं। इसमें किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक अदि को किसी भी प्रकार कि कोई आपत्ति हो, तो वह आज से अन्दर मियाद 07 दिन की अवधि में मय सबूत अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करे 07 दिन की मियाद गुजर जाने के बाद किसी भी प्रकार कि आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। दिनांक: 10.05.2022
एडवोकेट सूरज मल शर्मा, मो. : 6378796466

**सूचना** वाहन संख्या RJ14XH8958 संजय कूलवाल के नाम है। इनकी मृत्यु 27.02.2021 को हो गयी है। इनकी पत्नि सुमन कूलवाल की मृत्यु 30.09.2017 को हो गयी है। यह वाहन इनके पुत्र प्रधुम्न कूलवाल के नाम की जा रही है। किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस में आर.टी.ओ., झालाना, जयपुर संपर्क करें।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य नासिर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद खोह नागोरियान, जयपुर द्वारा अपने स्वामित्व के भूखण्ड संख्या 145 स्थित केसर वाटिका आवासीय योजना, खोह नागोरियान, जयपुर क्षेत्रफल 100 वर्गगज का बेचान करार पवन कुमार शर्मा व दिनेश कुमार सैनी जयपुर के साथ दिनांक 29.07.2019 को किया गया था तथा उक्त क्रेतागण के कहे अनुसार उक्त भूखण्ड संख्या 145 का आवंटन पत्र हेमन्त गोस्वामी पुत्र श्री बाबूलाल गोस्वामी के नाम जारी किया गया था, उक्त भूखण्ड सं. 145 पर आज भी मेरे अभिभाष्य का ही कब्जा है। चूंकि क्रेतागण ने बेचान करार की तय समय सीमा 4 माह गुजर जाने के पश्चात आज दिनांक तक मेरे अभिभाष्य को संपूर्ण विक्रय प्रतिफल की राशि का भुगतान नहीं किया है, जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने विक्रय करार दिनांक 29.07.2019 को निरस्त कर दिया है, ऐसी सूरत में उक्त भूखण्ड सं. 145 से अब उक्त क्रेतागण अथवा हेमन्त गोस्वामी का कोई लेना- देना नहीं है, कोई भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी उक्त भूखण्ड सं. 145 केसर वाटिका विस्तार, खोह नागोरियान, जयपुर बाबत कोई संव्यवहार उक्त पवन शर्मा, दिनेश सैनी एवं हेमन्त गोस्वामी से नहीं करें तथा उक्त भूखण्ड सं. 145 की सोसायटी नागरिक गृह निर्माण सहकारी समिति लि. के पदाधिकारी उक्त भूखण्ड सं. 145 का आवंटन पत्र किसी अन्य के नाम हस्तान्तरित नहीं करें ना ही इस भूखण्ड के स्वामित्व दस्तावेजात को सोसायटी के रिकॉर्ड पर दर्ज करें अन्यथा मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। भवदीय
(अनिल मोहता) एडवोकेट, मो.नं. 9314021355

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 1993/2021
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम (1) श्रीमती रमा देवी पत्नी श्री भाग्यमल शर्मा (2) विष्णु शर्मा पुत्र श्री भाग्यमल शर्मा जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान एफ-11, सी-ब्लॉक महेश नगर, 8 फिट रोड के पास, टोंक फाटक, जयपुर (राज.)
मृतक श्री भाग्यमल शर्मर्मा की सम्पत्ति के विषय में
पेशी दिनांक- 26/7/22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्री भाग्यमल शर्मा पुत्र जगन्नाथ शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी एफ-11, सी-ब्लॉक महेश नगर, 8 फिट रोड के पास, टोंक फाटक, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 26 माह 7 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 5 माह 5 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने मृतक भाग्यमल शर्मा के प्रा.पत्र में वर्णित म्यूचल फण्ड की राशि प्राप्त करने बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत — आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-प्रथम

**नाम परिवर्तन**

मेरे समस्त दस्तावेजात में कहीं पर मेरा नाम सुरेश पुत्र लेख राम, कहीं पर सुरेश कुमार पुत्र लेख राम, कहीं पर सुरेश कुमार वशिष्ठ पुत्र लेखराम दर्ज है ।यह तीनों नाम मेरे ही हैं। मेरे इन तीनों नामों से जाना व पहचाना जाने तथा मेरे नाम की प्रमाणितकरण के लिए यह सूचना प्रकाशित करवाई है। सुरेश कुमार वशिष्ठ पुत्र श्री लेखराम ब्राह्मण निवासी श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला (सीकर) राजस्थान

I Dharmendra Singh Chauhan R/o S-7, Hawa Sadak, Behind SBI, Civil Lines, Jaipur-6, Have Changed My Daughters Name From Rajvi to Rajvi Chauhan

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JAIPUR**
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
773 / 22/2/22 **Case No.: OA/703/2021**
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Proedure) Rules, 1993.
**STATE BANK OF INDIA** Exh. No.: 4851
**VS**
**MS SURYA KOTI GLOBAL MERCHANT**
To,
(1) MS SURYA KOTI GLOBAL MERCHANT D/W/S/O- SHAKTI SINGH GAUR
FACTORY AT- ROAD NO. 17, NEAR POLICE STATION, AKEDA DUNGAR VKIA Jaipur, RAJASTHAN-302013
Alsot At, R/O 4B, A8, MONILEK MARG, NEAR MONILEK HOSPITAL JAWAHAR NAGAR JAIPUR, RAJASTHAN-302004
**SUMMONS**
WHEREAS, OA/703/2021 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 20.01.2022.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 2778413/- (application along with copies of documents etc. annexed). In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under :-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted. (ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application. (iii) You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties. (iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and / or other assets and properties specified of disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal. (v) You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 12.05.2022 at 10:30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence. Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date 21.02.2022.
Seal — Registrar, Debts Recovery Tribunal, Jaipur



# 'हर बूथ जीतेंगे, हर विधानसभा सीट जीतेंगे और 2023 में राजस्थान में भाजपा सरकार बनाएंगे'

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सूरतगढ़ में बीकानेर संभाग के बूथ सम्मेलन को संबोधित किया

- **2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में तीन चौथाई बहुमत के साथ राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी, यह मुझे पूर्ण विश्वास है प्रदेश नेतृत्व पर : जेपी नड्डा**
- **राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को हम विश्वास दिलाते हैं कि 2023 में भाजपा बीकानेर संभाग की सभी 24 सीटें जीतेगी और राजस्थान में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार बनाएंगे : डॉ. सतीश पूनिया**

**जयपुर/ बीकानेर,** (कासं)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सूरतगढ़ में बीकानेर संभाग के बूथ सम्मेलन को संबोधित किया और मिशन 2023 के विजय संकल्प के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो और चुनाव जीतो का आव्हान किया। नड्डा के साथ बूथ सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, कैलाश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, सांसद राजेंद्र गहलोत, सांसद निहालचंद मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी माधोराम चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, श्रीगंगानगर जिला अध्यक्ष आत्माराम तरड, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, बीकानेर संभाग के विधायकगण इत्यादि मौजूद रहे।

नड्डा ने बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इतनी भीषण गर्मी में सूरतगढ़ में बीकानेर संभाग के बूथ सम्मेलन में पधारे सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता हूं। बाबा रामदेव को नमन करते हुए बीकानेर संभाग के सभी कार्यकर्ताओं स्वागत और अभिनंदन करता हूं, आपकी ऊर्जा, समर्पण, परिश्रम व जोश बता रहा है कि 2023 भाजपा राजस्थान में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनायेगी। कर्मशील जुझारू प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पिछले 2 सालों में अपने परिश्रम, प्रवास, आंदोलन और संगठनात्मक कार्यों से पार्टी को नीचे तक मजबूती दी है। सतीश पूनिया ने आप सभी कार्यकर्ताओं के सामने दृष्टिकोण रख दिया कि प्रदेश में पार्टी बूथ, पन्ना इत्यादि नवाचारों से कैसे मजबूत हुई, कैसे कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना है और अधिक कैसे मजबूत होगी।

बूथ जीतो, चुनाव जीतो, इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए हमारा बूथ सबसे मजबूत, इस संकल्प के साथ हम सभी को विधानसभा चुनाव 2023 के विजय संकल्प के लिए कार्य करना है। हर बूथ जीतने का मतलब है, हर विधानसभा सीट जीतना सुनिश्चित, 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व मजबूत नेतृत्व में तीन चौथाई बहुमत के साथ राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। मुझे आपकी ऊर्जा व परिश्रम से महसूस हो चुका है कि भाजपा की राजस्थान में जमीन मजबूत हो चुकी है, विजय निश्चित है। कांग्रेस ने 50-55 वर्षों तक शासन कर देश के लोगों को सिर्फ चूना लगाने का कार्य किया है, वहीं भाजपा लोगों के प्रति जवाबदेह है, भाजपा विकास कार्यों का जनता को रिपोर्ट कार्ड पेश करती। कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार प्रदेश में दंगे करवाने के रिकॉर्ड बना रही है, जोधपुर, करौली सहित कई जिलों में हिंसा हुई और बहुसंख्यक हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है।

कांग्रेस के शासन में राजस्थान महिला अत्याचारों में शीर्ष पर, आदिवासियों पर अत्याचारों में दूसरे नंबर पर और दलित अत्याचारों में तीसरे नंबर पर है, प्रदेश में औसतन रोज प्रतिदिन 18 रेप, 7-8 हत्या के मामले सामने आते हैं। जिस दिन जोधपुर में दंगे हो रहे थे उस दिन मुख्यमंत्री जन्मदिन मनाने में व्यस्त थे और उसके बाद अभी तक भी जोधपुर पीड़ितों के हालचाल लेने नहीं पहुंचे हैं, वे जोधपुर से विधायक हैं, जोधपुर उनका गृह जिला है लेकिन उनको ना गृह जिले के लोगों की चिंता है, ना प्रदेश के लोगों की सुरक्षा की चिंता है। राजस्थान शांति, विकास, इतिहास और संस्कृति के लिए जाना जाता है, लेकिन कांग्रेस के शासन में अशांति, भ्रष्टाचार, हिंसा, दंगे और भ्रष्टाचार राजस्थान की पहचान बन चुकी है, राजस्थान में फिर से शांति और विकास का नया अध्याय भाजपा 2023 में सरकार बनाकर शुरू करेगी। मेरा सभी बूथ कार्यकर्ताओं से आव्हान है की कमल खिलाओ और 2023 में भाजपा की सरकार बनाओ।

डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस सरकार ने 3 वर्ष से अधिक के शासन में किसानों व युवाओं से वादाखिलाफी की है, प्रदेश के लगभग 60 लाख किसान कर्ज माफी का इंतजार कर रहे हैं, कर्जमाफी नहीं होने से श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई जिलों में कई किसान आत्महत्या कर चुके हैं, 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर किसान हितैषी नीतियां लागू की जाएंगी, किसानों के कल्याण के कार्य किए जाएंगे और किसानों को आर्थिक उन्नत बनाया जाएगा, फसलों के लिए सिंचाई और बिजली की व्यवस्थित कार्ययोजना बनाई जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार किसानों सहित हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, किसान क्रेडिट कार्ड से लेकर पीएम सम्मान किसान निधि व न्यूनतम समर्थन मूल्य इत्यादि योजनाओं से मोदी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। नड्डा को यह विश्वास दिलाते हैं कि बीकानेर संभाग की सभी 24 विधानसभा सीटें 2023 में भाजपा जीतेगी और राजस्थान में तीन चौथाई बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाएगी।

## कांग्रेस हमेशा चुनाव के समय वादे करती है, बाद में भूल जाती है : नड्डा

**श्रीगंगानगर,** (निस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ जिले में पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए नड्डा गहलोत सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने चुनावी वायदे पूरे नहीं कर पाने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ की खेती करती है। कभी भी आम आदमी की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है। उनका कहना था कि कांग्रेस झूठ की इसी परम्परा को वर्षों से निभाती चली आ रही है।

नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हिमाचल में सड़क बनाने का दावा किया। सड़क बनाने की शुरुआती तैयारी कर ली जाती लेकिन चुनाव जाते ही काम बंद हो जाता। अगले चुनाव में ही कांग्रेस को सड़क की याद आती। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान महिला अत्याचार में आगे बढ़ता जा रहा है। दंगों पर भी कोई रोक नहीं लग रही है। पिछले कुछ ही समय में इलाके में कई दंगे हुए हैं।

प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने नड्डा को विश्वास दिलाया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ काम करेंगे और संभाग की सभी 24 सीट जीतकर पार्टी को राज्य में बड़ी जीत दिलाएंगे। कार्यक्रम में विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़, पूर्व मंत्री सुरेंद्रपालसिंह टीटी, डॉ.रामप्रताप सहित कई लोग मौजूद थे। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के लिए सुबह से भाजपा कार्यकर्ता माणकसर में कार्यक्रम स्थल पर जमा होने लगे थे। कार्यक्रम में प्रभारी अरुणसिंह, सह प्रभारी भारती, संगठन मंत्री चंद्रशेखर, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यकर्ताओं की जेब पर हाथ साफ:-** सूरतगढ़ में मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के दौरान चोरों ने जमकर भाजपा कार्यकर्ताओं की जेब काटी। कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं के करीब एक दर्जन से अधिक मोबाइल व पर्स सहित नकदी से भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

## नड्डा ने देवी और लोक देवताओं के दर्शन कर चुनावी शुरूआत की

- **बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया**
- **आज पार्टी कार्यालयों का करेंगे उद्घाटन**

**बीकानेर,** (निस)। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में उतरने का आगाज आज से बीजेपी ने कर दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राजस्थान के नहरी क्षेत्र में दो दिन मंदिर और गुरुद्वारा के दौरे पर हैं। नहरी क्षेत्र में नड्डा देवी और लोक देवताओं के मंदिरों में दर्शन कर चुनावी शुरूआत करने आए हैं। सिख समाज के लोगों की बड़ी तादाद और पंजाबी कल्चर वाले इलाके में गुरुद्वारा दर्शन करके जनता में मैसेज भी देंगे। इसके साथ ही नड्डा ने 10 हजार बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित कर पार्टी के चुनावी बूथ मैनेजमेंट की भी शुरुआत कर दी है। बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी भारती बेन शियाल भी दौरे पर आई हैं।

नड्डा का सूरतगढ़ में लोकदेवता प्राचीन रामदेव बाबा मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करने, पीलीबंगा और डबली जाने और मक्कासर बाईपास पर स्वागत का कार्यक्रम है। हनुमानगढ़ में ही उनका नाइट स्टे रहेगा। 11 मई को बीजेपी अध्यक्ष हनुमानगढ़ जंक्शन के पास बीजेपी के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। जहां 9 अन्य जिलों- श्रीगंगानगर, बीकानेर, धौलपुर, अजमेर, नागौर, चित्तौड़गढ़ , बांसवाड़ा, उदयपुर और अलवर के कार्यालय भवनों का वर्चुअल उद्घाटन होगा। इसके अलावा 4 जिलों दौसा, चूरू, प्रतापगढ़ और बारां के भाजपा कार्यालय भवनों का भूमि पूजन किया जाएगा। नड्डा इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कल दोपहर 12.30 बजे हनुमानगढ़ के प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद जेपी नड्डा सुखासिंह महताब सिंह गुरूद्वारा में भी मत्था टेकेंगे और दर्शन कर दिल्ली वापसी करेंगे।

सूरतगढ में एयरपोर्ट के बाहर सिख संगत ने जेपी नड्डा का स्वागत किया। इसके बाद जेपी नड्डा अपने काफिले के साथ मानकसर स्थित एम्बियेंस पैलेस के लिए निकल गए। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया, सांसद निहालचंद मेघवाल व सुरतगढ विधायक रामप्रताप कासनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़ सहित अन्य भाजपा के नेता व पदाधिकारी मौजूद थे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष दोपहर 03:00 बजे बीकानेर संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे।

# रिटायर्ड फौजी ने कुल्हाड़ी से वार कर बेटे को मौत के घाट उतारा

## पत्नी व छोटे बेटे पर भी किया हमला, दोनों घायल

- **पत्नी के ताना मारने पर फौजी दिया वारदात को अंजाम**

**अलवर/बहरोड़,** (निसं)। पत्नी ने ताना मारा तो रिटायर्ड फौजी ने कुल्हाड़ी से वार कर 16 साल के बेटे को काट डाला। पत्नी-छोटे बेटे पर भी हमला किया। हमले में मां-बेटे गंभीर घायल हो गए। चीख-पुकार मची तो रिटायर्ड फौजी मौके से फरार हो गया। मामला अलवर जिले के बहरोड में सोमवार रात का है।

नारनौल रोड स्थित साईं कॉलोनी में रिटायर्ड फौजी रघुवीर यादव (52) अपने परिवार के साथ रहता है। सोमवार रात शराब के नशे में वह घर पहुंचा, उसने कुल्हाडी से कमरे में सो रहे 16 साल के बेटे सनी की गर्दन पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सनी के पास सो रहा रिश्तेदार नरेंद्र उर्फ गोलू (22) भागने लगा तो उस पर भी हमला कर दिया। नरेंद्र के पीछे कुल्हाडी लेकर रिटायर्ड फौजी घर के बाहर तक दौडा। हो-हल्ला सुनकर रिटायर्ड फौजी की पत्नी मनीषा और छोटा बेटा हिमांशु (14) कमरे से निकलने लगे तो उन पर भी हमला कर दिया। घायलों को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि सोमवार रात आरोपी शराब के नशे में धुत था। पत्नी ने उसे शराब पीकर आने पर टोका और कमाने के लिए ताना मारा तो वह गुस्सा हो गया। रिटायर्ड फौजी मनीषा को प्रताडित करता था। वह बात-बात पर बच्चों को भी बुरी तरह पीटता था।

मनीषा के पीहर पक्ष के लोगों ने कई बार रघुवीर को समझाया था, लेकिन वह शराब पीने के बाद मामूली बातों पर ही आपा खो बैठता था। मोहन ने बताया कि रघुवीर की हरकतों को देखते हुए हमें यह अंदेशा था कि यह परिवार पर कभी भी जानलेवा हमला कर सकता है। इससे बचने के लिए करीब 4 महीने पहले ही हम उसकी लाइसेंसधारी बंदूक को अपने साथ ले गए थे। जीजा के व्यवहार से परेशान होकर मोहन सिंह यादव ने अपनी बहन को बहरोड़ में 2013 में साईं कॉलोनी में मकान दिला दिया था। तब से पूरा परिवार व रघुवीर यहीं रह रहे थे। मनीषा की सुरक्षा के लिए उसके भाई ने अपने साले चांदपुर निवासी नरेंद्र को इस परिवार के साथ ही छोड़ रखा था।

बहरोड़ थाना इंचार्ज सुणीलाल मीणा का कहना है कि मोहन सिंह यादव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि रिटायर्ड फौजी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# राजसमंद: तापमान 45.5 डिग्री पार

- **राजसमंद में तापमान ने पिछले 5 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया**
- **सीजन का दूसरी बार सबसे गर्म दिन, बद से बदतर हुए हालात**
- **रात के पारे में भी हुआ इजाफा, गर्मी और उमस से हाल हुआ बेहाल**

**राजसमंद,** (निसं)। पिछले 24 घंटे में राजसमंद में न्यूनतम और अधिकतम तापमान ने इतिहास के सारे रिकॉर्ड तोड दिए। मंगलवार सुबह राजसमंद का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम अधिकतम तापमान 45.5 जो कि इस सीजन का सबसे अधिक तापमान रहा है। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री दर्ज किया गया था। राजसमंद में पिछले तीन दिनों से गर्मी का असर और भी अधिक हो गया है।

राजसमंद में बढते तापमान ने पिछले 5 सालों का रिकोर्ड तोड दिया। मंगलवार को चमकीली धुप निकलने के साथ ही दिन की शुरुआत हुई। दिर चढ ने के साथ ही प्रात: आठ बजे से बदन को चुभने वाली धुप खिलने लगी। दिन चढ ने के साथ ही धुप के आगे खडा रहना भी मुश्किल होने लगा और दोपहर तक हो हालात ही बदल गए। धरती तेज धुप से तपने लगी और भट्टी से निकलने वाली आग जैसा अहसास होने लगा। लोगों को पैदल चलना तो दूर बाईक पर चलना भी मुश्किल हो गया। तेज धुप के साथ ही बढ ती ग्रमी व उमस ने सुबह से ही लोगों को बुरी तरह से सताया। यहां तक कि दिन में शहर की सडकों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि शाम को सूर्य ढ लने के बाद शहर में आवाजाही दिखी।

**कुछ दिनों गर्मी से कोई राहत की उम्मीद नहीं :-** मौसम विभाग और विशेषज्ञों की मानें तो गर्मी से राहत मिलने की कोई खास उम्मीद नहीं है। मेवाड क्षेत्र सहित पूरे राजस्थान में गर्मी लगातार बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक बरसात, चक्रवात या पश्चिमी विक्षोभ की भी कोई संभावना नहीं है। ऐसे में हवा ही एकमात्र सहारा है। हवा चलेगी तो गर्मी से थोडी राहत मिल सकती है।

# जोधपुर शहर में सात थाना क्षेत्रों में रात्रिकालीन कर्फ्यू

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में मंगलवार को जिन तीन क्षेत्रों से कर्फ्यू हटाया गया उनमें प्रतापनगर, देवनगर और उदयमंदिर में अब पूर्णतया रौनक लौट आई है। शहर में अब पूर्णतया शांति के साथ सौहार्द कायम हो चुका है।

सात थाना क्षेत्रों में सुबह सात से शाम सात बजे तक 12 घंटों की छूट के बीच फिलहाल कोई अप्रिय घटना देखने को नहीं मिली है। इन थाना क्षेत्रों में पुलिस बल अब भी ऐहतियात के तौर पर लगा हुआ है। इससे पूर्व सोमवार को तीन थाना क्षेत्रों प्रतापनगर, देवनगर और उदयमंदिर से कर्फ्यू उठा लिया गया था। अब जिला पश्चिम के सरदारपुरा, सूरसागर एवं प्रतापनगर सदर तो जिला पूर्व में सदर बाजार, सदर कोतवाली, खांडाफलसा एवं नागौरी गेट में रात्रिकालीन कर्फ्यू रहेगा। कर्फ्यू शाम सात से सुबह सात बजे तक अग्रिम आदेश तक जारी रहेगा।

कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में भी सभी प्रतिष्ठानों को खोले जाने की अनुमति से अब व्यापारिक गतिविधियां फिर से तेजी पकड़ने लगी है। रात को खांडाफलसा थाने में दो और प्रकरण अलग-अगल पक्ष की तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज करवाए गए हैं। बता दें कि शहर में 3 मई की रात को दो गुटों में बवाल हुआ था। इसके बाद से शहर के दस पुलिस थाना क्षेत्रों में प्रशासन ने कर्फ्यू लगाने के साथ छह दिन तक मोबाइल इंटरनेट की सेवाएं भी रद्द कर दी थी।

## साक्षात्कार का परिणाम जारी

**अजमेर,** (कासं)। आयोग द्वारा मंगलवार को प्रवक्ता-विद्युत अभियांत्रिकी परीक्षा के साक्षात्कार का परिणाम जारी किया गया। सचिव एचएल अटल ने बताया कि प्रवक्ता- विद्युत अभियांत्रिकी प्रतियोगी परीक्षा- 2020 की लिखित परीक्षा के परिणाम में अस्थाई रूप से सफल घोषित उम्मीदवारों के साक्षात्कार 10 मई को आयोजित किए गए थे। साक्षात्कार के बाद संबंधित सेवा नियमानुसार 5 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम दिनांक को बढाकर 14 मई 2022 तक कर दिया गया है।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि विभिन्न कारणों के चलते आवेदन नहीं कर पाए अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा राहत देते हुए आवेदन की अंतिम दिनांक को 4 दिवस आगे बढाया गया है। जो अभ्यर्थी किन्ही कारणों से अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे अब दिनांक 14 मई की रात्रि 12 बजे तक इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा 5 अप्रेल को जारी किए गए विज्ञापन के अनुसार 11 अप्रेल से इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पूर्व में आवेदन की अंतिम दिनांक 10 मई निर्धारित की गई थी। परीक्षा का पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर जारी किया जा चुका है।

# बूंदी में जलदाय विभाग के दो जेईएन को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

## ठेकेदार से बिल पास करने की एवज में 11500 रुपये की रिश्वत लेते रेस्टोरेंट से दबोचा



एसीबी की गिरफ्त में रिश्वत लेने के आरोपी कनिष्ठ अभियंता।

- **कोटा एसीबी ने कार्रवाई की, बिल पास करने की एवज में मांगी थी रिश्वत**

**बूंदी,** (निसं)। कोटा एसीबी की टीम ने मंगलवार को बूंदी में कार्रवाई करते हुए जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता पवन कुमार राठौर एवं कार्यवाहक सहायक अभियंता राजेंद्र सैनी को 11500 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

अजीत बगडोलिया पुलिस निरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा ने बताया कि परिवादी शाहिद हुसैन ने एसीबी कार्यालय में 6 मई को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया था कि मैं जलदाय विभाग में मेरी फर्म मोहम्मद शाहिद हुसैन, कॉन्ट्रेक्टर के नाम से कार्य लेकर ठेकेदारी का कार्य करता हूं। मैंने मेरी फर्म के जरिये बून्दी शहर में परकोटे के अन्दर 110/90 पाईप लाईन जोड़ने एवं बिछाने तक रोड रिपेयरिंग कार्य मय सामग्री का कार्य 4 लाख 80 हजार रुपये का 18.18 प्रतिशत बिलों में लिया था।

जिसको मेरे द्वारा पूर्ण करने पर बिल बनाने के लिए मैंने जलदाय विभाग में जे.ई.एन. पवन कुमार से बात की तो उसने एम.बी. भरने तथा मेरे बिल बनाने व पास करने की एवज में मुझसे 30,000 रूपये की मांग की तथा राजेन्द्र सैनी जे ई. एन. (अतिरिक्त चार्ज ए.ई.एन.) ने बिल पास करवाने एवं हस्ताक्षर करने के नाम पर बिल की राशि के दो प्रतिशत के हिसाब से रुपये देने के लिए कहा। इसके बाद पवन कुमार ने मेरा 2,89,846 का चैक मुझे दिया तथा कहा कि अब मेरा कमिशन का पेमेन्ट कर दो तो मैंने उनको कहा कि बाकी का बिल बनाओ मैं एक दो दिन में आपका पेमेन्ट कर दूंगा।

इस पर 6 मई को रिश्वत की मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया तो पवन कुमार जे.ई.एन. द्वारा चार प्रतिशत के हिसाब से 11.500 रुपये एवं राजेन्द्र सैनी जे.ई.एन. (अतिरिक्त चार्ज ए.ई.एन.) द्वारा दो प्रतिशत के हिसाब से पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई। इस पर 10 मई मंगलवार को ट्रेप कार्रवाई का आयोजन किया गया। आरोपी पवन राठौर, कनिष्ठ अभियंता को मेवाड केसरी रेंस्टोरेंट, पुराना बाईपास रोड बूंदी पर परिवादी से रिश्वत राशि 11500 रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा तथा रिश्वत राशि 11500 रुपये आरोपी पवन राठौर की पहनी हुई पेंट की बांयी जेब से बरामद की गई है तथा अन्य आरोपी राजेन्द्र कुमार सैनी कनिष्ठ अभियंता को डिटेन किया गया है। अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार



रिश्वतखोर एएसआई



आरोपी दलाल

**बस्सी,** (निसं)। उपखंड बस्सी में मंगलवार को एसीबी ने कार्रवाई करते हुए तूंगा थाने में तैनात एएसआई को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एएसआई यह राशि अपने दलाल दीपक के मार्फत पीड़ित से ले रहा था। एसीबी ने एएसआई छाजूलाल व दलाल दीपक सिंह को गिरफ्तार किया है। परिवादी ने बताया कि आरोपी एएसआई एक मुकदमे में पीड़ित को राहत देने के एवज में 20 हजार रुपए मांग रहा था। पैसों के लिए एएसआई और दलाल कई समय से परिवादी को परेशान कर रहा था।

परिवादी ने कहा कि उसके पास अभी पैसा नहीं है, लेकिन एएसआई और दलाल पीड़ित को निरंतर परेशान कर रहे थे। जिस पर पीड़ित ने हैल्पलाइन के जरिए एसीबी को शिकायत की। एसीबी ने मामले को देखते हुए पहले जांच कराई। जांच में आरोप सत्यापित होने के बाद मंगलवार सुबह 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एएसआई छाजूलाल को गिरफ्तार किया गया।

एएसआई के ट्रेप के बाद एसीबी छाजूलाल के घर पहुंची जहां पर सर्च किया जा रहा है। एसीबी को इनपुट है कि एएसआई ने काफी सम्पत्ति अर्जित कर रखी है। पिछले माह भी तुंगा थाना पुलिस ने एक दर्जन से अधिक डम्पर पकड़े थे। फिर उन्हें एक फोन कॉल पर छोड़ दिये। यह सभी डम्पर बजरी से भरे हुए थे। तुंगा पुलिस कई बार सवालों के घेरे में रही है।


कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर पंचायत समिति सिकराय (दौसा)

क्रमांक//एमजी नरेगा/ई-टेण्डर/2022-23/152-55 दिनांक-10-05-2022

ई-निविदा सूचना संख्या 04/2022-23

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान विकास अधिकारी पंचायत समिति सिकराय के पत्रांक 60-61 दिनांक 18-4-2022 की अनुपालना में ग्राम पंचायत मानपुर में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं महात्मा गांधी रा.ग्रा.रो. योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2023 के तहत राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के अनुभवी संवेदक/फर्मों से से निर्धारित प्रपत्र ग्राम पंचायत स्तर पर दो बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) में निम्नानुसार सीलबन्द ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in से Upload/Download एवं कार्यालय समय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर देखी जा सकती है। जिसके NIB No2022 PRD 273317-1 है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत/ आधा प्रतिशत पंचायत समिति में पंजीकृत फर्म | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की दिनांक | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि के डीडी/ बैंकर्स चैक भौतिक रूप से जमा कराने का दिनांक व समय | ऑनलाईन खोलने दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मानपुर में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति करना। | 50.00 | 100000 | 11.05.2022 To 26.05.2022 समय 5.00 बजे तक | 27.05.2022 समय 1.00 बजे तक | 27.05.2022 समय 3 बजे से निविदा खुलने तक |
| | महायोग | 50.00 | 100000 | | | |

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मानपुर — सरपंच ग्राम पंचायत मानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत पीलोडी पंचायत समिति सिकराय (दौसा)

क्रमांक-एमजी नरेगा/ई-टेण्डर/2022-23/487-90 दिनांक-10/05/2022

ई-निविदा सूचना संख्या 02/2022-23

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान विकास अधिकारी पंचायत समिति सिकराय के पत्रांक 60-61 दिनांक 18-4-2022 की अनुपालना में ग्राम पंचायत पीलोडी में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं महात्मा गांधी रा.ग्रा.रो. योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के तहत राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के अनुभवी संवेदक/फर्मों से से निर्धारित प्रपत्र ग्राम पंचायत स्तर पर दो बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) में निमननुसार सीलबन्द ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in से Upload/Download एवं कार्यालय समय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर देखी जा सकती है। जिसके NIB No2022 PRD 273339-1 है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत/ आधा प्रतिशत पंचायत समिति में पंजीकृत फर्म | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की दिनांक | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि के डीडी/ बैंकर्स चैक भौतिक रूप से जमा कराने का दिनांक व समय | ऑनलाईन खोलने दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पीलोडी में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति करना। | 40.00 | 80000 | 11.05.2022 To 26.05.2022 समय 5.00 बजे तक | 27.05.2022 समय 1.00 बजे तक | 27.05.2022 समय 3 बजे से निविदा खुलने तक |
| | महायोग | 40.00 | 80000 | | | |

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पीलोडी — सरपंच ग्राम पंचायत पीलोडी

# रीट, जेट, फर्जी आर्म्स लाइसेंस और धोखाधड़ी में फरार छह लोग गिरफ्तार

## एसओजी और एटीएस ने अलग-अलग कार्रवाई कर आरोपियों का दबोचा


दीपांकुर बासु


अरूप ठाकुर


सिसिल अल्फ्रेड


अभिषेक मीणा


प्रवीण कुमार विश्नोई


नरेश जांगिड

**जयपुर, (कासं)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और एटीएस ने विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ अलग-अलग कार्रवाई की है। एसओजी ने मंगलवार को रीट पेपर लीक, जेट परीक्षा में डमी अभ्यर्थी, जम्मू कश्मीर से फर्जी आर्म्स लाइसेंस और पिनकॉन के नाम से फर्जी सोसायटी बनाकर लोगों से धोखाधड़ी प्रकरण में फरार छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

एसओजी ने पिनकॉन नाम से फर्जी सोसायटी बनाकर राजस्थान के निवेशकों के करोड़ों रूपए हड़पने के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपांकुर बासु निवासी राजेन्द्रा कॉलोनी कोलकाता और अरूप ठाकुर निवासी बाडिया पाड़ा कोलकाता को प्रोडक्शन वारन्ट के तहत मेदिनीपुर सेन्ट्रल जेल से दस्तयाब किया गया है।

एटीएस ने जम्मू-कश्मीर राज्य से फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले में फरार आरोपित सिसिल अल्फ्रेड (41) निवासी क्रिश्चियनगंज हाल पंचशील नगर अजमेर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। आरोपित सिसिल द्वारा बीएसएफ के हैड कांस्टेबल के रूप में प्रतिरूपण कर जम्मू-कश्मीर से फर्जी आर्म्स लाइसेंस प्राप्त किया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर 13 मई तक रिमांड पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर राज्य से फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले में अब तक 57 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 67 हथियार और 1 हजार 188 आर्म्स लाइसेंस जब्त किए जा चुके हैं।

एसओजी ने जेट परीक्षा 2021 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यार्थी से परीक्षा दिलवाने के मामले में अभिषेक मीणा (22) निवासी काजीखेड़ा जिला बारां को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित अभिषेक मीणा से पूछताछ में सामने आया कि जेट परीक्षा 2021 में बिचौलिये को परीक्षा पास करवाने के लिए एक लाख तीस हजार दिए। जिसने अभिषेक मीणा के स्थान पर अन्य छात्र को परीक्षा में बिठाया था। परीक्षा परिणाम आने पर आरोपित अभिषेक मीणा को जेट परीक्षा 2021 में 348 अंक प्राप्त कर 21वीं रैंक प्राप्त की गई। इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

एसओजी ने रीट पेपर लीक मामले में प्रवीण कुमार विश्नोई (34) निवासी चितलवाना जिला जालौर और नरेश जांगिड (28) निवासी सेड़वा जिला बाड़मेर हाल डीसीएम जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जांच में अजमेर व चित्तौडगढ़ में रीट परीक्षा का प्रश्न पत्र परीक्षा से पूर्व प्राप्त कर अन्य आरोपियों को उपलब्ध कराना सामने आया है। रीट प्रकरण में एसओजी ने अब तक 54 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

# महंत की पुत्रवधु ने आत्महत्या की

- माणक चौक स्थित खवास जी का रास्ता स्थित घर में चुन्नी का फंदा बनाकर पंखे से लटकी
- सुसाइड नोट में लिखा : मैं जा रही हूं, किसी को परेशान मत करना

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी के आराध्यदेव गोविन्द देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी की पुत्रवधु ने मंगलवार माणक चौक इलाक में स्थित खवास जी का रास्ता स्थित घर में सुबह पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस को मिले प्रेस नोट में मृतका ने मौत का खुद को जिम्मेदार ठहराते हुए किसी को परेशान नहीं करने की बात लिखी है। फिलहाल पुलिस ने शव सवाई मान सिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पीहर पक्ष के आ जाने पर पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने बताया मृतका निवेदिता (35) गोविन्द देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के बेटे मानस गोस्वामी की पत्नी हैं। मंगलवार सुबह पिता-पुत्र मंदिर में सेवा-पूजा करने चले गए थे, जबकि बच्चियां स्कूल गई थी। घटना के समय घर में सिर्फ दो नौकरानी थी। पीछे से उसने अपने कमरे में पंखे के कुंदे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने एफएसएल की मदद से साक्ष्य जुटाकर कमरे को सील कर दिया है।

### पंद्रह साल पहले शादी हुई थी

पुलिस के अनुसार निवेदिता और मानस गोस्वामी की शादी वर्ष 2007 में हुई थी। निवेदिता के जुडवां बच्ची हैं। घटना के वक्त वह रोजाना की तरह स्कूल गई हुई थीं। निवेदिता पढ़ी-लिखी थी और जगदगुरु रामानन्दाचार्य विश्वविद्यालय से ज्योतिष की पढ़ाई की थी। उसने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं जा रही हूं, किसी को परेशान मत करना पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि इसके पीछे आपसी अनबन भी हो सकती है।

### फंदे से लटका देख नौकरानी चिल्लाई

घटना सुबह करीब दस बजे की है। घरेलू नौकरानी ज्योत्सना ने निवेदिता के कमरे का दरवाजा खटखटाया मगर जबाव नहीं मिला। उसने दूसरी नौकरानी सुलेखा को बुलाया और खिड़की से झांककर देखा तो निवेदिता फंदे पर लटक रही थी। यह देख उसकी चीख निकल गई। इस दौरान उन्होंने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। पड़ौसियों ने दरवाजा तोड़ा। सूचना पर पहुंचे महंत परिवार ने उसे फंदे से उतारकर गणगौरी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## चलती वैन में आग, पांच लोग ने बाहर कूद कर जान बचाई

**जयपुर।** राजधानी के विश्वकर्मा इलाके में सीकर रोड पर मंगलवार दोपहर चलती वैन में आग लगने से दहशत फैल गई। वैन में सवार पांचों लोगों ने बाहर की ओर कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। आग से जलकर गाड़ी कबाड़ में बदल गई। पुलिस ने बताया कि ढेहर के बालाजी निवासी मनोज कुमार सहित पांच लोग वैन में सवार थे। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे पांचों लोग वैन में सवार होकर विद्याधर नगर जा रहे थे। इसी दौरान सीकर रोड पर रोड नंबर-14 के पास चलती वैन में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर आग ने पूरी वैन को चपेट में ले लिया। वैन को तुरंत ड्राइवर ने रोड किनारे रोका। वैन में सवार पांचों लोगों ने बाहर की ओर छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। सूचना पर विश्वकर्मा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक दमकल की मदद से करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे पहले ही आग में जलकर वैन कबाड़ में तब्दील हो गई।

## अनुसूचित क्षेत्र के विधायकों के साथ राज्यपाल ने किया संवाद

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र में वर्षा जल संरक्षण और संचयन के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यहां जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आदिवासियों को कृषि व अन्य तरह के रोजगार से जोड़ा जा सके।

राज्यपाल मिश्र मंगलवार को राजभवन में अनुसूचित क्षेत्र में जनजाति विकास एवं कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति एवं समस्याओं के संबंध में इस क्षेत्र के विधायकों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में निवास कर रहे जनजातीय लोगों की प्रगति और उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के लिए समयबद्ध रूप से प्रयास किए जाएं।

राज्यपाल ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2014 में अलग सेवा नियम बनने के बाद से इस क्षेत्र के नौजवानों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र के निवासी आदिवासियों और इस क्षेत्र के समीपवर्ती जनजातीय लोगों की सामाजिक- आर्थिक परिस्थिति और चुनौतियां एक जैसी हैं, इसे देखते हुए इन लोगों को भी रोजगार और शिक्षा के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए योजना बनाई जाए।

## कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश

**जयपुर।** जिला कलक्टर राजन विशाल ने कहा कि पुलिस कान्स्टेबल भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन के लिये चिन्हित किये गये प्रत्येक अस्थाई बस स्टैण्ड पर आवष्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर मंगलवार को परीक्षा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जयपुर शहर में विद्याधर नगर स्टेडियम, ट्रांसपोर्ट नगर, बदरवास नारायण विहार तिराहा अजमेर रोड़ एवं बी-टू बायपास सहित 4 स्थानों पर अस्थाई बस स्टैण्ड बनाये जायेंगे।

## रक्तदान शिविर लगाया



**जयपुर।** ईएसआई नर्सेज एसोसिएशन की ओर से इंटरनेशनल नर्सिंग-डे के तहत मनाये जा रहे सप्ताह तथा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल ने शिविर का उदघाटन करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में बड़ी संख्या में हॉस्पिटल स्टाफ ने रक्तदान किया। जिसमें महिलाओं की भी भागीदारी रही। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. तोमर, उपनिदेशक एस डी चंदेल, नर्सिंग अधीक्षक अनम्मा पी ए, नर्सेज एसोसिएशन के महासचिव अंजनी शर्मा व अध्यक्ष अशोक मंगावा सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग एवम अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## ल्यूपस से घबराये नहीं, नियमित दवा व संतुलित खानपान से नार्मल जिंदगी जी रहे हैं लोग : डॉ. सुधीर भंडारी

**जयपुर, (का.सं.)।** गालों और नाक पर तितली की आकृति वाले चकते होना, नींद आने में परेशानी होना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, थकावट, बैचेनी, बेवजह बाल गिरना आदि ल्यूपस के सामान्य लक्षण हैं। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को यदि समय पर उपचार मिले और वह संतुलित तथा पौष्टिक भोजन का सेवन करे तो वह नार्मल जिंदगी जी सकता है।

वर्ल्ड ल्यूपस डे पर मंगलवार को एसएमएस अस्पताल के आईएमए हॉल में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिसिंपल और वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भण्डारी ने कहा कि ल्यूपस की बीमारी जिनको है वे चिंता नहीं करे। समय पर इलाज ले और पौष्टिक डाइट लेकर नार्मल जिंदगी जियें। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज लेकर इस बीमारी के कारण किडनी एवं अन्य अंगों पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एसएमएस अस्पताल में इस बीमारी के लिए विशेष डिपार्टमेंट होने से लोगों को समुचित इलाज मिल रहा है। रोगियों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियानों की उन्होंने सराहना की।

रूमेटोलॉजी एण्ड क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी डिपार्टमेंट की विभागाध्याक्ष डॉ. आराधना सिंह ने बताया कि ल्यूपस लम्बे समय तक चलने वाली एक ऑटो इम्यून बीमारी है जो प्रतिरक्षा प्रणाली पर असर डालती है। जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बदलती है तो एण्टीबडीज कई बार शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला कर देते हैं, क्योंकि वे बाहरी पदार्थों और स्वस्थ ऊतकों में अंतर नहीं कर पाते हैं।

उन्होंने बताया कि इस बीमारी में आमतौर पर लोगों के त्वचा पर विशेषकर चेहरे पर लाल निशान या चकते हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ल्यूपस सिर से लेकर पांव तक सभी अंगों को प्रभावित कर सकता है। यह एक जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन संक्रमण तथा जटिलताएं होने पर मौत हो सकती है। उन्होंने बताया कि 90 प्रतिशत रोगी महिलाएं होती है हालांकि पुरूषों में ल्यूपस हो सकता है। उन्होंने कहा कि सही समय पर बीमारी की पहचान कर इस बीमारी का पूरी तरह इलाज संभव है।

सीनियर प्रोफेसर मेडिसिन डॉ. पी.डी.मीना ने बताया कि विश्व की कई ख्यातिनाम हस्तियां जैसे सैलेना गोमेज, क्रिस्टन जोनसन, टोनी ब्रेक्सटन, माइकल जैक्सन, लेडीगागा जैसे लोगों को ल्यूपस हुआ लेकिन इन्होंने बीमारी को हावी नहीं होने दिया और नार्मल जिंदगी जीते हुए विश्व में खूब नाम कमाया। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के इलाज में डाइट का महत्वपूर्ण योगदान है। पर्याप्त कार्बोहार्डड्रेड, फैट तथा प्रोटीन युक्त भोजन लेना चाहिए तथा ज्यादा शुगर, नमक तथा प्रोसेस्ड फूड से बचना चाहिए।

इस दौरान मनोचिकित्सक डॉ. गौरव राजेन्द्र ने कहा कि सोच और भावना अच्छी हो तो किसी भी बीमारी से हम लड़ सकते हैं। इस दौरान डॉ. रेणु सहगल, डॉ. अविनाश जैन तथा डॉ. राजेश ने भी ल्यूपस के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

## पहले दिन 100 से अधिक पत्रकार व परिजन लाभांवित

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए मंगलवार को जनआधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण-पत्र, चिंरजीवी योजना एवं सहित अनेक दस्तावेजों को बनाने का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पत्रकारों में खासा उत्साह देखा गया। पहले दिन 100 से अधिक पत्रकार एवं परिजनों ने विभिन्न प्रमाण-पत्र बनवाएं। पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने शिविर का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक अरूण जोशी ने शिविर का अवलोकन कर प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के प्रयासों की सराहना की। उन्होनें कहा कि इस शिविर के माध्यम से एक छत के नीचे पत्रकार साथियों के लिए कम समय में राज्य सरकार के महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाएं जा सकेंगे। सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक रितेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से ई-मित्र होम की सुविधा लागू की गई है। जिसमें घर बैठे हैल्प लाइन नम्बर की सहायता से महत्वपूर्ण प्रमाण-पत्र बनाएं जा सकते है।

## मंदिर के पास मजदूर की नृशंस हत्या

- मृतक के गुप्तांग में लोहे की रॉड मिली
- लाश के पास घायल मिले व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी के सदर इलाके में स्थित चार नम्बर डिस्पेंसरी के पास नंदेश्वर महादेव मंदिर के पास खाली प्लाट में मंगलवार सुबह एक मजदूर की नृशंस हत्या कर दी गई। मृतक के गुप्तांग में लोहे की रॉड डली हुई मिली।

वहीं उसके पास एक व्यक्ति भी घायलावस्था में पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम बुलवाकर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए हैं। घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों के हवाले कर दिया। संभावना जताई जा रही है की घायल व्यक्ति के द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम दिया जा सकता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

मामले की जांच कर रहे एसआई मुकेश ने बताया कि मृतक की शिनाख्त पप्पू (30) पुत्र कालू निवासी गांव बहड़ थाना नैनवां जिला बूंदी के रूप में हुई है। मृतक अपने गांव से जयपुर में कमाने आया था। वह मजदूरी कर 4 नंबर डिस्पेंसरी के पास ही स्थित सुलभ काम्प्लेक्स के पीछे सो जाता था। मृतक के शव के पास मिला घायल मान सिंह है। दोनों ही नशे के आदि बताए जा रहे हैं। मृतक के शरीर और सिर पर पत्थर से चोट के कई निशान है, जबकि उसके गुप्तांग में एक लोहे की रॉड मिली है।

जानकारी के अनुसार पप्पू और मान सिंह को सोमवार देर रात मंदिर के आस-पास टहलते हुए देखा गया है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने रात को साथ नशा किया हो और किसी बात पर विवाद होने पर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में भी जुटी हुई है।

## सार-समाचार

### नड्डा 10 नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे

**जयपुर।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दो दिवसीय प्रदेश दौरे के दौरान मंगलवार को बूथ सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं बुधवार को प्रदेश के लगभग 10 नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। भाजपा प्रदेश संगठन नेतृत्व ने 9 जिलों में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा हनुमानगढ़ से वर्चूअल उद्घाटन कार्यक्रम में संबंधित जिलों में नव निर्मित भाजपा जिला कार्यालय मे भी भाजपा आला नेताओं की उपस्थित मे समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मुख्य अतिथि मे हनुमानगढ़ भाजपा जिला कार्यालय भवन उद्घाटन समारोह में अतिथि प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रदेश प्रभारी भारतीबेन सियोल, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्र शेखर उपस्थित रहेंगे।

### नर्सेज दिवस पर विशेष आकस्मिक अवकाश

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की मांग पर नर्सेज दिवस 12 मई को राज्य सरकार ने नर्सेज एसोसिएशन द्वारा राज्य भर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाले नर्सिंग कर्मियों के लिए एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया है। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी, कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत व प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि अवकाश चिकित्सालय व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखते हुए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह नर्सेज दिवस एसोसिएशन द्वारा राज्य भर में आभार दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसके तहत राज्य भर में नर्सिंग कर्मचारी जनहित के कार्य करेंगे।

### नर्सेज दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान नर्सिंग कौंसिल द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉक्टर शशिकान्त शर्मा ने बताया कि 11 मई को बिड़ला ऑडिटोरियम में नर्सेज की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उभरते वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों से नर्सिंग के अनुभवी विशेषज्ञ शामिल होंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से करोना महामारी के कारण राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सेज को सम्मानित नहीं किया जा सका था, परन्तु अब अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सेज को भी सम्मानित किया जाएगा।

### पुलिया के नीचे युवक का शव मिला

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी के शिप्रापथ इलाके में स्थित रिद्धि सिद्धि पुलिया के नीचे सोमवार दोपहर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया मृतक की शिनाख्त राजा चौहान (21) पुत्र जितेंद्र चौहान निवासी 326, शांतिनगर-बी, मानसरोवर के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। उसका शव सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे रिद्दी सिद्धि पुलिया के नीचे मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। बताया जा रहा है मृतक अत्यधिक नशे का आदि था। उसकी नशे की ओवरडोज से मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस जांच में जुटी है।

### ब्लैकमेल कर डेढ़ लाख रुपए हड़पे

**जयपुर।** राजधानी की एक महिला को उज्जैन के युवक से फेसबुक पर दोस्ती करना महंगा पड़ गया। युवक ने ब्लैकमेल कर महिला से अब तक करीब डेढ़ लाख रूपए हड़प लिए। महिला ने मालपुरा गेट थाने में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार इलाके निवासी 35 वर्षीया महिला का आरोप है कि फेसबुक पर उज्जैन निवासी दिनेश खत्री से दोस्ती हुई थी, जिसने बाद में व्हाट्सअप नंबर लेकर बातचीत करना शुरू कर दिया। उसने एक बार व्हाट्सअप वीडियो कॉल कर आपत्तिजनक स्क्रीनशॉट ले लिए। इसके बाद वह स्क्रीनशॉट भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। महिला उसे अब तक करीब डेढ़ लाख रूपए दे चुकी है, लेकिन दिनेश की मांग बढ़ती जा रही है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### पक्षियों के लिए निःशुल्क परिंडे बांटे

**जयपुर।** जहाँ इस भीषण गर्मी मे मनुष्य की बाहर निकलने की हिम्मत नहीं हो रही वही रोटरी क्लब जयपुर पर्ल की महिलाओं ने ऐसी से बाहर निकल कर वैशाली नगर में वैभव आई नॉक्स के सामने राहगीरों को शीतल पेय वितरित किये। साथ ही गर्मी में पक्षियों को पानी के लिए परिंडे भी बांटे। गायत्री शर्मा ने बताया की क्लब समय-समय पर सामाजिक कार्य करता है। प्रमुखता महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान सेक्रेटरी रेणुसिंह, रेखा कौशिक, अनुराधा शर्मा, अंजना वर्मा एवं राजकुमारी वर्मा व संतोष माखीजा मौजूद रही।

### नरेगा कर्मियों में रोष

**जयपुर, (का.सं.)।** महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ, राजस्थान अपनी मांगों को लेकर 4 मई से अनिश्चितकालीन सामूहिक कार्य बहिष्कार पर है। आज विभाग के शासन सचिव ने संविदा कार्मिक के अनुबंध समाप्त करने के लिए समस्त जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है। इस पत्र से संविदा कार्मिकों में भारी रोष है। इस पत्र की होली जलाकर सम्पूर्ण राजस्थान के समस्त नरेगा संविदा कार्मिक नव संकल्प शिविर उदयपुर कूच करेंगे। ओर 31 मई को सम्पूर्ण राजस्थान के महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक सामूहिक इस्तीफे मुख्यमंत्री को सौपेंगे।

### दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** गलता गेट थाना पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 4 बाइक बरामद की है। पुलिस ने बताया कि शातिर वाहन चोर रमजान खान उर्फ इमरान (27) निवासी आमेर और वसीम खान उर्फ बाबू (21) निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से चार चोरी की बाइक बरामद की गई है।

## 3 विवाहित पुत्रियों सहित 9 और मृतक आश्रितो को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर।** संवेदनशील मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा 3 विवाहित पुत्रियों सहित 9 और आश्रितों को परिचालक, लिपिक, तथा आर्टिजन के पदों पर आज को नियुक्ति दी गई। राजस्थान रोडवेज के सीएमडी संदीप वर्मा ने बताया कि मानवीयता के आधार पर 5 वर्ष से ज्यादा अवधि पार मामलों में शिथिलता देकर आज 9 मृतक आश्रितों को और नियुक्त दी गई है। मृतक रोडवेज कर्मी आश्रितों को 4 परिचालक, 4 कनिष्ठ सहायक तथा आर्टिजन ग्रेड-III 1 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। जिससे कोरोना काल में मृतक रोडवेज कर्मियों के परिवार को सम्बल मिले और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। वर्मा ने बताया कि मई माह में कुल 9 मृतक रोडवेज कर्मी आश्रितों को नियुक्तियां दी गई। जिनमें 3 विवाहिता पुत्रीयां भी शामिल है।

# प्रदेश में एक जैसी पात्रता वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अब समान परीक्षा होगी

## राज्य मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये महत्वपूर्ण निर्णय

- पुरानी पेंशन योजना के क्रियान्वयन के लिए नियमों में आवश्यक संशोधन को मंजूरी
- राजस्थान निवासी पैरालम्पिक पदक विजेताओं को इंदिरा गांधी नहर परियोजना में निःशुल्क 25 बीघा भूमि का आवंटन हो सकेगा

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इसमें पुरानी पेंशन योजना के क्रियान्वयन के लिए नियमों में आवश्यक संशोधन, समान पात्रता परीक्षा के आयोजन, सीधी भर्तियों में साक्षात्कार का प्रावधान हटाने एवं कुछ पदों पर साक्षात्कार का भारांक अधिकतम 10 प्रतिशत निर्धारित करने, पैरालम्पिक खेलों में पदक विजेताओं को इंदिरा गांधी नहर परियोजना में निःशुल्क 25 बीघा भूमि आवंटन कराने, सोलर पार्क एवं पॉवर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन, झालावाड़ अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सोसायटी का राजमेस में आमेलन, 45 बॉर्डर रोड्स टास्क फोर्स को भूमि आवंटन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में एक जनवरी, 2004 और इसके पश्चात नियुक्त हुए समस्त राजकीय कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की बजट घोषणा के क्रियान्वयन हेतु नियमों में आवश्यक संशोधनों को मंजूरी मिली। इसकी क्रियान्विति के क्रम में राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996, राजस्थान सिविल सेवा (अंशदायी पेंशन) नियम, 2005, विभिन्न पुनरीक्षित वेतनमान नियमों एवं राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

इस निर्णय से 1 जनवरी, 2004 एवं उसके पश्चात नियुक्त हुए राजकीय कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति पर पेंशन परिलाभों के पात्र होंगे। साथ ही राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे। 31 मार्च, 2022 से पूर्व जो अपनी सेवा से एग्जिट हो गए हैं, उन्हें भी उक्त नियमानुसार पेंशनरी परिलाभ अप्रेल, 2022 से देय होंगे।

मंत्रिमंडल ने निर्णय किया कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध एवं एकीकृत किये जाने की दृष्टि से एक जैसी पात्रता वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (जैसे ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, मंत्रालयिक कर्मचारी इत्यादि) के स्थान पर अब समान पात्रता परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 बनाया जाना है।

समान पात्रता परीक्षा से अब अभ्यार्थियों को विभिन्न पदों की भर्ती के लिए बार-बार आवेदन करने, परीक्षा में शामिल होने, आवेदन शुल्क एवं यात्रा में व्यय करने से निजात मिलेगी। वहीं, भर्ती एजेंसियों द्वारा कई बार परीक्षा लेने में लगने वाले समय, व्यय एवं श्रम से राहत मिलेगी। बैठक में ऐसे पद जिनकी कार्य प्रकृति एवं भूमिका के कारण चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार आवश्यक नहीं समझा गया है, उनमें साक्षात्कार के प्रावधान को हटाने एवं ऐसे पद जिनमें संवाद कौशल की आवश्यकता है उनमें भारांक कुल अंकों का अधिकतम 10 प्रतिशत निर्धारित करने के लिए संशोधन का निर्णय किया गया। मंत्रिमंडल में पैरालम्पिक खेलों के पदक विजेताओं के लिए बड़ा निर्णय किया है। इसमें राजस्थान के निवासी पैरालम्पिक पदक विजेताओं को भी इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में निःशुल्क 25 बीघा भूमि का आवंटन हो सकेगा।



## World Ego Awareness Day


We all know someone who we would say has an incredibly inflated ego, and while we all have a very good idea of what 'Ego' is, we seem to lack an understanding of just how damaging that this phenomenon can be. World Ego Awareness Day is our opportunity to spend some time in self-reflection exploring our ego, and our experiences with those around us to determine how much of their perceived ego is our own coming into conflict with others.



#SPACE

# 'Echoing' Black Holes

As a black hole pulls in gas and dust from an orbiting star, it can give off bursts of X-ray light that bounce and echo off the gas spiralling into it, briefly illuminating the black hole's surroundings.



Astronomers have discovered eight new 'echoing black hole binaries' in our galaxy with a new automated search tool that they call 'Reverberation Machine'. These are systems with a star orbiting, and sometimes being eaten away by a black hole. Previously, only two such systems in the Milky Way were known to emit 'X-ray echoes' that could be detected.

There are millions of black holes scattered across our galaxy. They are extremely strong wells of gravity that bend space and time. Nothing that falls in, even light, can escape from it. This makes them dark by definition, and difficult to detect. But as a black hole pulls in gas and dust from an orbiting star, it can give off bursts of X-ray light that



bounce and echo off the gas spiralling into it briefly illuminating the black hole's surroundings.

## Strong Wells of Gravity

By comparing these X-ray echoes across systems, the team has pieced together a general picture of how a black hole evolves during an outburst. They observed that a black hole first undergoes a 'hard' state, where it whips up a corona of high-energy photons along with a jet of relativistic particles that is then launched away at close to the speed of light.

At one point, the black hole gives off one final high-energy flash before transitioning to a 'soft', low-energy state. This flash could be a sign that the black hole's corona (region of high-energy plasma right outside a black hole's boundary) briefly expands and ejects a burst of high-energy particles before disappearing altogether.

These new findings could help scientists explain how larger, supermassive black holes at the centre of a galaxy can eject particles across vastly cosmic scales to shape a galaxy's formation.

"The role of black holes in galaxy evolution is an outstanding question in modern astrophysics. Interestingly, these black hole binaries appear to be 'mini' supermassive black holes, and so by understanding the outbursts in these small, nearby systems, we can understand how similar outbursts in supermassive black holes affect the galaxies in which they reside," says Erin Kara, assistant professor of physics at MIT.

Kara and her colleagues use X-ray echoes to map a black hole's surroundings, similar to the way in which bats use echolocation to navigate their vicinity. Bats emit sounds that bounce off obstacles and return to the bat as an echo. The nocturnal animal can then calculate the distance between it and the obstacle based on the time it takes for the echo to return to them, helping them map their surroundings.

Similarly, the research team is looking to map the immediate vicinity of a black hole using X-ray echoes. These echoes present time delays between two types of X-ray light: light emitted directly from the corona, and light from the corona that bounces off the gas and dust spiralling into the black hole.

The researchers can observe the time at which a telescope receives light from the corona and compare it to when it receives the X-ray echoes to calculate an estimate of the distance between the corona and the accretion disk (disk-like flow of plasma, gas, dust and other matter around a black hole).


## Stellar Material

Observing how these time delays change over time will reveal how a black hole's corona and disk evolve as the black hole consumes stellar material.

As a side project, Kara is working with MIT education and music scholars to convert these X-ray echo emissions into sound waves that can be heard by humans. You can listen to these waves in the video below.

The team identified a common theme of evolution in all systems. In the initial hard state, when the corona and high-energy particles dominate the black hole's energy, they detected time lags that were short and fast, in the order of milliseconds. This state lasts for several weeks. After that, a transition occurs over several days, in which the corona and jet sputter and die out.

Then, the soft state dominated by lower-energy X-rays from the black hole's accretion disk takes over. During this transition period, the astronomers discovered that time lags became longer for a short period in all ten systems, implying that the distance between the coronas may briefly expand outward and upward in a high-energy burst before the black hole finishes consuming a bulk of the stellar material and goes quiet.





Hillary Allen.

A devastating accident – words of the doctors who told her that she could never run again. For someone else, this could have been the end of her dreams. But not for Hillary Allen, an American sky runner and the author of the book 'Out and Back', who refused to give up her love for running just because she had fallen down some 150ft and broken about 14 bones.

# Will Run Again... Will Live Again

Sumathi Kumar

The first plane journey in first-class luxury is cause for great excitement for most. Hillary Allen wouldn't necessarily agree; then again, she is not likely to forget hers anytime soon.

It was August 2017. At the top of her game, ranked No.1 on the sky running circuit, the American trail runner had lined up at the Tromsø Skyrace. The course covered some of the most scenic yet treacherous landscapes of Norway. While negotiating a technical section along a ridge line, Allen slipped and fell, plummeting 150ft. By the end of it, she was on a long-haul flight back home to Colorado, US, in first-class comfort, but strapped to a bed with 14 broken bones, on a diet of painkillers and blood thinners.

Doctors sounded the death knell for her running career. The early days were despondent but through the turmoil, Allen rediscovered her love for running. And things about herself that make her the champion that she is. The story about bouncing back on the trails and in life makes her latest book, Out And Back, published by Blue Star Press last month, an inspiring read for anyone who has struggled to find their way up after hitting rock bottom.

## Way of Life

In a previous avatar, Allen was a student of neuroscience, physiology and structural biology. This was the time when she discovered running, as a change from life indoors. Though just two years away from a PhD, she decided to pursue a teaching career instead. It would give her enough time to chase her new found passion and she was soon making waves on the international circuit. The prize money and endorsements helped her make a living but it was evident that running was more than just a job. And then, she woke up



one day to realise she couldn't even step out, what to say of going for a run.

"Running was a way of life, a way for me to feel connected to the world. So to have it suddenly taken away from me was like experiencing a death. I felt extreme grief and sadness, a loss of identity," Allen says.

The first round of surgeries was on the right foot and wrists. The cracked vertebrae and ribs needed healing. As she lay in bed, struggling with basic movement, there were times she wondered just why she had survived. She missed the freedom of setting out in the wilderness, watching vistas unfold as she gained height, hopping daintily over stones and tearing down trails to test the limits of her ability. The lack of independence while attempting just about anything gnawed at her.

While the medals in her closet reminded her of epic wins and indefatigable battles, at times with her own self, she now had recurring dreams of falling through space, bracing for impact and what fate had in store for her. Her support system helped her pull through the initial months of recovery but it

#GUMPTION

was evident that the realisation of just what she was up against had to come from within.

"I was fighting myself, holding on to this past self and wanting to get back to the old Hillary before the accident. But the moment of acceptance came once I figured that it was never going to happen. I now had to improve by learning about my body again. It's when I started healing," she says.

## Igniting Hope

The routine involved meeting doctors, physical therapists, even a psychotherapist besides many hours spent pouring her feelings into a journal. In between, she took out time to visit the coffee shop down the road and even resumed teaching. It helped her get a grip on her condition.

The accident slowed down time and earned her the extra hours to realise all that was wrong with her approach towards running, even though she had been on top of her game. Five months after the accident, she took on her first run. "I remembered how scared I was. And how confused I was about being scared, since I was only running on a flat gravel path! But those first steps really ignited my hopes," Allen recalls.

Allen started focusing on the run, the many wonders of the terrain and the joy it brought, instead of the daily targets and results. A few weeks on, she decided to take on her first event. Though this was no race, the competitive spirit was back as she ran alongside others. There was the burning desire to storm past them like she could once. But her body simply wouldn't permit it. She broke down by the side of the trail, until her friend asked her to simply enjoy the run. By the end of it, she had logged 20 miles. It was the most since her return-and a start that made her believe.

Soon after, a broken screw in her foot needed surgery again. She made a full recovery and even won a few races in 2018. As she geared up for a promising 2019 season, disaster struck again. A slip on ice left her with a broken ankle that needed another surgery. Despite the sinking feeling, she embraced the situation with a sense of calm, not allowing it to control her.

Allen started focusing on the run, the many wonders of the terrain and the joy it brought, instead of the daily targets and results. A few weeks on, she decided to take on her first event. Though this was no race, the competitive spirit was back as she ran alongside others. There was the burning desire to storm past them like she could once. But her body simply wouldn't permit it. She broke down by the side of the trail, until her friend asked her to simply enjoy the run.

"The accident in Tromsø had made me realise that I was stronger than I thought I was. I was brave and had the courage to face my fears and keep moving forward," Allen says.

## Accepting Initiations

Once she had recovered, Allen decided to take on things that scared her-this would culminate in a return to the Tromsø Skyrace. She went to the Cortina Trail 48k in June 2019 to test out her ankle and though slower than the previous year, still won the race. The following month, she decided to run on snow for the first time since slipping and shattering her ankle. Just the thought of it scared her. It took a mighty effort to just get to the race venue in Gran Paradiso, Italy. She cried during testing moments, uncertain of the snow underfoot after all she had suffered. The doubts crept in but she pushed on, focusing on speed up hills, making the descents nimbly and consciously.


"I have great respect for the power of mountains. Risk is constant in the mountains and I feel comfortable accepting it after the hours spent practising. What has changed is how I check in with my initiation and if I feel good going into the mountains that day. There's a physical and a mental side to it now," she says. "After the accident, I have changed how I train and constantly take care of my body with physical therapy and stretching. But what's changed the most is how grateful I am to be running and how much I love the process of going after big goals and pushing myself."

Lining up at the start line of the Tromsø Skyrace again and crossing the finish post with a big smile on her face was redemption at its finest. By her side was Manu Par, a fellow runner who had rushed to her side after witnessing the accident. She hiked with him to the spot where she had taken a fall and relived the incident through him, as he described what he had seen that day. There was fear before the race about how things would pan out; this gradually transformed into a sense of anticipation to tackle everything that the run would throw at her. It brought closure for Allen.

The scars on her body are a constant reminder of what the human spirit is capable of.

"To me, scars represent resilience-visible, tangible evidence of the experiences I have endured," says Allen. "I have healed and become stronger and am grateful for the experiences."

writetoarbit@rashtradoot.com




Out And Back by Hillary Allen.

The scars on her body are a constant reminder of what the human spirit is capable of. "To me, scars represent resilience-visible, tangible evidence of the experiences I have endured," says Allen. "I have healed and become stronger, and am grateful for the experiences."





#DRUG-FACTS

Marijuana has a significantly adverse effect on the cardiovascular system. Studies of human cells and mice clearly outline how THC exposure initiates a damaging molecular cascade in the blood vessels. It's not a benign drug.



# Heart Attack More Likely Among Pot Users

Marijuana's use and heart attack risks were correlated in a large human study, researchers report. A molecule in soybeans may counteract these effects.

The study also shows that the psychoactive component of the drug, known as THC causes inflammation in endothelial cells that line the interior of blood vessels as well as atherosclerosis in laboratory mice.

The inflammation and atherosclerosis can be blocked by a small molecule called genistein that occurs naturally in soy and fava beans, the researchers found. Because genistein has limited brain penetration, it doesn't inhibit THC's ability to stimulate appetite, dull pain, and tamp down nausea-characteristics vital to medicinal marijuana users.

"As more states legalize the recreational use of marijuana, users need to be aware that it could have cardiovascular side effects," says Joseph Wu, professor of cardiovascular medicine and of radiology, and the director of the Stanford Cardiovascular Institute. "But genistein works quite well to mitigate marijuana-induced damage of the endothelial vessels without blocking the effects marijuana has on the central nervous system, and it could be a way for medical marijuana users to protect themselves from a cardiovascular standpoint."

## Long-Term Exposure

In part because THC, or tetrahydrocannabinol, is a controlled substance in the United States and therefore strictly regulated in medical research, the investigators cautioned that the long-term health effects of regular use remain largely unclear.

"Marijuana has a significantly adverse effect on the cardiovascular system," says instructor of medicine Mark Chandy. "As more states legalize marijuana use, I expect we will begin to see a rise in heart attacks and strokes in the coming years. Our studies of human cells and mice clearly outline how THC exposure initiates a damaging molecular cascade in the blood vessels. It's not a benign drug."

Wu is the senior author of the study, which appears in the journal Cell. Chandy shares lead authorship with former postdoctoral scholar Tzu-Tang Wei and instructor Masataka Nishiga.

## Marijuana Users

The researchers analysed the genetic and medical data of about 500,000 people ages 40-69. The data was from the UK Biobank. Nearly 35,000 participants reported smoking cannabis; of those, about 11,000 smoked more than once a month. The more-than-monthly smokers



were significantly more likely than others in the study to have a heart attack after controlling for other factors including age, body mass index, and sex.

The researchers found that frequent marijuana smokers were also more likely than nonusers to have their first heart attack before the age of 50-an unusual medical event called a premature heart attack that increases a person's lifelong risk of subsequent heart attack, heart failure, and life-threatening arrhythmias that can cause sudden death.

Inflammation of the blood vessels is a primary hallmark of atherosclerosis-the thickening of the vessel wall due to the build-up of plaques made up of fats, cholesterol, and other substances-which can lead to heart attack. The researchers found that the levels of inflammatory molecules in the blood of volunteers who smoked a marijuana cigarette increased significantly over the subsequent three hours.

They further showed that THC promotes inflammation and hallmarks of atherosclerosis in human endothelial cells grown in the laboratory.

Finally, laboratory mice bred to have high cholesterol levels and fed a high-fat diet developed significantly larger atherosclerosis plaques when injected with THC at levels comparable to smoking one marijuana cigarette per day than did control animals.

## Genistein and Heart Attack Risk

THC binds to a receptor called CB1 on cells in the human brain, heart, and vasculature system. The receptor recognizes naturally occurring cannabinoids, or endocannabinoids, which regulate mood, pain perception, immune function, and metabolism. But frequent marijuana use causes inappropriate activation of CB1, which can cause inflammation and atherosclerosis, and it is associated with obesity, cancer, and diabetes. Researchers have been trying to develop molecules called antagonists to block CB1's function in conditions in which the receptor is overactive, like obesity, but until now the use of the antagonists has been thwarted by psychiatric side effects including mood disorders and anxiety arising from their activity in the brain.

The researchers used machine-learning techniques to screen a large database of protein structures and identify molecules structurally similar to previously identified CB1 antagonists that could block THC's inflammatory and atherosclerotic properties without causing psychiatric side effects. They found that genistein, a naturally occurring molecule in soybeans, binds to CB1 but has poor brain penetration. When they added the genistein molecule to THC-treated human endothelial cells or gave it to the THC-injected mice with high cholesterol, they found genistein blocked the drug's deleterious effects and did not block the psychoactive effects of THC on the brain.

"We didn't see any blocking of the normal painkilling or sedating effects of THC in the mice that contribute to marijuana's potentially useful medicinal properties," Chandy says. "So genistein is potentially a safer drug than previous CB1 antagonists. It is already used as a nutritional supplement, and 99% of it stays outside the brain, so it shouldn't cause these particular adverse side effects."

## Conclusion


The researchers hope to conduct clinical trials to learn whether genistein can reduce the risk of cardiovascular disease in marijuana users. They'd also like to extend their studies to include CBD-another cannabinoids in marijuana that does not have the psychoactive effects of THC.

"There's a growing public perception that marijuana is harmless or even beneficial," Wu says, comparing the legalization of marijuana use to vaping which was first marketed as a safe way to stop smoking but has since been shown to cause lung damage and lead to increased tobacco use. "Marijuana clearly has important medicinal uses, but recreational users should think carefully about excessive use."

Co-authors of the study are from Stanford, National Taiwan University, the University of Copenhagen, Academia Sinica, the University of Colorado School of Medicine, and UC San Francisco.




THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जलदाय विभाग के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र में भीषण आग लगी

## पर्यावरण व वन्यजीव प्रेमी की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टला



जलदाय विभाग के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र में लगी भीषण आग को दकमल की सहायता से बुझाने की मशक्कत करते दमकलकर्मी।

**डूंगरपुर, (निसं)।** पर्यावरण व वन्य जीव प्रेमी वरुण गांधी व विभास गांधी की मुस्तैदी से बडा हादसा होते होते टल गया। गैपसागर पाल के निकट जलदाय विभाग के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र में भीषण आग लग गई।

जिस पर वार्डवासी के द्वारा वरुण गांधी को सूचना दी वहीं गांधी ने मौके पर पहुंचकर नगरपरिषद के अग्नि शमन विभाग वह वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी गई जिस पर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया गया कि वन विभाग के कर्मी सबला के वन्य क्षेत्रों में लगी आग बुझाने सबला जाना बताया जिस पर पुन: नगर परिषद के दमकल कर्मी को मोबाईल से सूचना दी जिस पर अग्निशमन अग्नि शमन दस्ता मोक पर तत्काल पहुंचा परंतु नगर परिषद की छोटी अग्निशमन गाडी जो कि 12 वर्ष पुरानी है वह मौके पर खराब हो गई जिसकी वजह से गाडी आगे ना जा पायेगी जिसके बाद अग्निशमन दल के कर्मी और वरुण विभास के द्वारा ऊपर बनी जलदाय विभाग की पानी की टंकी से पानी बाल्टियों से भर आग पर डाल गया और बडी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। वन्य जीव प्रेमी वरुण और विभास गांधी और वार्डवासियों ने परिषद के अग्नि शमन दस्ते की काफी प्रशंसा की और उनका अभिवादन किया। वार्डवासियों ने वन्य जीव प्रेमी वरुण विभास को भी धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर वार्ड के राज सिंह मनात, लालसिंह, फकरी भाई, जूजर बोहरा, रोहितसिंह, परबतसिंह और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जलदाय विभाग की एनओसी के बिना ही सरकारी जीएलआर तोड़ा

## जीएलआर के स्थान पर बना दिया गया पक्का चबूतरा



पेयजल सुलभ करवाने के लिए बनाये गये जीएलआर को तोड़ती जेसीबी मशीन।

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गोदरास में सरपंच पर गांव में पानी उपलब्ध करवाने वाले जलदाय विभाग के जीएलआर को ही तुडवाने का आरोप है। इस जीएलआर को ना केवल तुडवाया गया है, बल्कि उसके स्थान पर पक्के चबूतरे का भी निर्माण करवा दिया गया है।

ग्राम पंचायत गोदरास में वर्षों पूर्व जलदाय विभाग द्वारा जीएलआर का निर्माण करवाया गया था ताकि ग्रामीणों को पेयजल सुलभ करवाया जा सके। जीएलआर द्वारा ग्रामीणों को लंबे समय तक नियमित पानी की सप्लाई की जाती रही लेकिन पिछले दिनों ग्राम पंचायत द्वारा उक्त जीएलआर को जेसीबी की सहायता से ढ हा दिया गया। इस जीएलआर को तोडने के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि वह सूखा पडा था।

इस तर्क के बावजूद ग्राम पंचायत के पास जीएलआर को तोडने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि जीएलआर जलदाय विभाग की संपत्ति है और बिना जलदाय विभाग की अनुमति के उसे नहीं तोड़ा जा सकता। इस संबंध में जब जलदाय विभाग से जानकारी की मांगी तो जलदाय विभाग ने ग्राम पंचायत द्वारा जीएलआर तोडने के संबंध में किसी भी प्रकार की स्वीकृति या एनओसी दिए जाने से इंकार कर दिया। विभाग के अधिशासी अभियंता जे.के. चारण का कहना है कि जीएलआर जलदाय विभाग की संपत्ति है। उसे तोड़ने के लिए अगर एनओसी ली गई है तो उसकी जांच की जाएगी और अगर उसे अनाधिकृत रूप से तोड़ा गया है तो संबंधितों के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी में भी 61.02 प्रश. मतदान, परिणाम आज



चुनाव के लिए मतदान करने जाते महिला व पुरुष।

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर पंचायत समिति सदस्य के उपचुनाव के त्रिकोणीय मुकाबले के लिए मंगलवार को मतदान सम्पन्न हुआ। भीषण गर्मी में भी 61.02 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 10 एवं शाम को 3 से 5 बजे तक मतदान के लिए भीड़ देखी गई। बुधवार सुबह 9 बजे से भीण्डर पंचायत समिति सभागार में मतगणना के साथ परिणाम जारी होगा। मतदान के लिए भीषण गर्मी के बीच भी कांग्रेस, भाजपा एवं जनता सेना के प्रत्याशियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूरा दम लगाया। बुधवार को परिणाम आने के बाद अगले दिन 12 मई को भीण्डर पंचायत समिति में उपप्रधान का चुनाव होगा।

भीण्डर पंचायत समिति सदस्य के लिए भोपाखेडा व अमरपुरा खालसा मतदान केन्द्र के 7 बूथों पर मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू हुई। दोनों मतदान केन्द्रों पर गर्मी को देखते हुए ग्रामीण सुबह से मतदान करने के लिए पहुंचने लगे। सुबह 7 से 10 बजे तक ग्रामीणों ने जमकर मतदान किया। भोपाखेडा मतदान केन्द्र पर सबसे ज्यादा 67.64 प्रतिशत मतदान हुआ तो वहीं अमरपुरा खालसा मतदान केन्द्र पर 55.93 प्रतिशत मतदान ही हुआ। कुल 6058 मतदाताओं में से 3697 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

- **भोपाखेड़ा-अमरपुरा खालसा प.समिति सदस्य उपचुनाव**

भीण्डर पंचायत समिति सदस्य उपचुनाव के लिए भाजपा की तरफ से कालुलाल मीणा, कांग्रेस की तरफ से रूपलाल मीणा व जनता सेना की तरफ से लालचंद मीणा के लिए तीनों दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूरा दम लगाया। सुबह से घर से मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने के लिए वाहन लगाये तो वहीं मतदान केन्द्र के बाहर अपने दल के प्रत्याशी के समर्थन में मतदान अपील भी करते हुए दिखे।

## कार-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**सुजानगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती गांव धां के पास एक कार एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में एक जने की मौत हो गई, वहीं एक युवती सहित दो जने घायल हो गये। जानकारी के अनुसार चंदनमल बागडा अपनी पुत्री साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सालासर की ओर जा रहे थे तथा रामवतार अपनी कार में सालासर से सुजानगढ़ की ओर आ रहा था। गांव धां और भीमसर के बीच पैट्रोल पम्प के पास धूल का जबरदस्त गुबार सड़क पर आने से कार एवं मोटरसाइकिल आपस में टकरा गए। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार चन्दनमल पुत्र सोहनलाल बागडा उम्र 60 वर्ष निवासी इन्द्रगिरी आश्रम के पास, सुजानगढ की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा उनकी 22 वर्षीय पुत्री पूजा व कार चालक रामवतार पुत्र गोपालसिंह उम्र 32 वर्ष निवासी जयसिंहपुरा, तहसील चाकसू जिला जयपुर घायल हो गए। घायलों को एम्बूलेंस चालक कैलाश व मनोहरसिंह ईंयारा लेकर अस्पताल पहूंचे तथा मृतक के शव को टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक नवरतन बिजारणियां अस्पताल लेकर पहुंचे।

# 'केंद्र की भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते हम नागरिकों को बचा नहीं पाएं'

## उदयपुर पहुंचे राजस्थान युवा कांग्रेस के सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव मितेन्द्र दर्शन सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया

- **भाजपा सरकार को जनता की नहीं बल्कि सिर्फ अपनी सत्ता की फिक्र है'**
- **'करोना मृतकों की संख्या का मोदी सरकार का आकलन झूठ की परकाष्ठा है'**

**उदयपुर, (कासं)।** "केन्द्र की भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते समय रहते हम अपने देश के नागरिकों को कोरोना से नहीं बचा पाएं। केन्द्र की मोदी सरकार जवाब दे कि क्या 47 लाख हिन्दुस्तानियों को मौत के मुंह में धकेलकर विश्व गुरू बना जा सकता है। साथ ही जिन परिवारों ने कोविड से अपनों को खोया है उनका सम्मान कर केन्द्र सरकार को चार लाख रूपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए।"

यह बात मंगलवार को उदयपुर पहुंचे राजस्थान युवा कांग्रेस के सह प्रभारी व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मितेन्द्र दर्शन सिंह ने पत्रकारों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि वे उदयपुर में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर के प्रचार-प्रसार का जिम्मा युवा कांग्रेस के जिम्मे है ऐसे में यहां युवा कांग्रेस कार्यकर्ता किस तरह से इस चिंतन शिविर से जुड़े है और अधिकाधिक युवाओं में इसका प्रचार कर इस शिविर से जोड़ा जाएं आदि को लेकर स्थानीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि डब्ल्युएचओ मुताबिक- भारत में कोरोना से दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों की जान गई। देश में 47 लाख से अधिक लोगों की जान गंवानी पडी। यह आंकड़ों मोदी सरकार के दिए आंकडों से दस गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मदद तो दूर, मौत पर भी झूठ बोलने वाली सरकार देश ने पहली बार देखी है। भाजपा सरकार को जनता की नहीं बल्कि सिर्फ अपनी सत्ता की फिक्र है। यही कारण है कि भारत स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में पिछड रहा है। भाजपा सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार करने में विफल रही है।

राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व मितेंद्र दर्शन सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बदतर हुई है। वर्ष 2020 में 72 प्रतिशत मौतें अस्पताल के बाहर हुई हैं, ये आंकडा भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को बयां करने के लिए काफी है। ऐसे समय में स्वास्थ्य देखभाल के कुप्रबंधन की भयावहता की कल्पना करें, जब लाखों मृतकों का कोई रिकॉर्ड ही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा की जब ऑक्सीजन के अभाव में लोगों की मृत्यु हुई तो उन्होंने परवाह नहीं की। जब लोग भूख से मरे तो उन्हें परवाह नहीं थी, क्या यही है अच्छे दिनों वाली सरकार? अच्छे दिनों का सपना दिखाकर नागरिकों की बर्बादी वाले दिन दिखाए जा रहे हैं।

मितेंद्र दर्शन सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी से 47 लाख लोगो की मौत हुई है, न की 4.8 लाख लोगो की जैसा की सरकार ने दावा किया था। इस परिस्थिति में जिन परिवारों ने अपनो को खोया है उनका सम्मान होना चाहिए और उन्हें 4 लाख रुपए का मुआवजा उनकी मदद के लिए उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। कोरोना मृतकों की संख्या का मोदी सरकार का आकलन झूठ की परकाष्ठा है। डब्ल्युएचओ की रिपोर्ट ने भारत सरकार के झूठ की सारी पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने यह भी कहा की केंद्र सरकार अपना फर्ज निभाए और हर पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए मुआवजा उनकी मदद के लिए उपलब्ध करवाए।

# नगर परिषद को 94.5 लाख जमा कराने के बाद भी विकास में पिछड़ी कॉलोनी

**चूरू, (कासं)।** आवासन मंडल विभाग की ओर से कॉलोनी में विकास कार्यों के लिये तीन साल पहले नगर परिषद को 94.5 लाख रुपये की राशि जमा करवाने के बाद आज तक भी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विकास के काम नहीं के बराबर हुये हैं।

आवासन मंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर एक से पांच सेक्टर तक बने हुए हैं। जिनमें करीब 750 रिहायशी मकान बने हुए हैं। जिनमें से अधिकांश घरों में लोग निवास कर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड ने कॉलोनी में नाली, सड़क, लाईट, सीवरेज, पार्क के विकास, अतिक्रमण हटाने आदि कामों को छह माह में करवाने के लिए नगर परिषद को पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा के कार्यकाल में 12 फरवरी 19 को 94.5 लाख रुपये की राशि जमा करवाने के बाद आज भी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शाम को कॉलोनी में प्रवेश ही अंधेरे में होता है। जबकि यहां पर विकास अधिकारी निवास, राजीव गांधी निर्माण भवन, पंचायत समिति, महिला बाल विकास कार्यालय आदि भी बने हुए हैं। मुख्य सड़क से कॉलोनी के चिरमी होटल तक करीब आधे किलोमीटर के एरिया में घोर अंधेरा रहता है। जहाँ पर रात के समय कोई भी घटना घट सकती है। इस विषय में नगर परिषद को कई दफा अवगत करवाने के बाद भी सम्बंधित अधिकारी व बाबू खुद पार्षद पति राजकुमार सैनी की बात को तवज्जो नहीं देकर टालमटोल कर रहे है।

जबकि यहाँ पर खम्बे लगे हैं, उन पर लगी लाइट खराब होने पर नगर परिषद बदलने में आनाकानी करने में लगा है। रात के अंधेरे में किसी भी बुजुर्ग, महिला आदि के साथ कब कोई वारदात हो जाये इनकार नहीं किया जा सकता। कॉलोनी में नाली नहीं होने से मुख्य सड़क का पानी बारिश में कॉलोनी में आता है। जिसके निकास नहीं होने से आवासन मंडल के परिसर की दीवार तोड़कर उसमें जाता है।

## शांतिभंग के आरोप में 17 गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बरसनी गांव में सोमवार की देर रात जमकर लाठियां, पत्थर, सरिये बरसे। दरअसल, झगडा वर्तमान और पूर्व शराब ठेकेदारों के बीच में हुआ।

दोनों ही पक्ष के 14 लोग चोटिल हो गये। शंभुगढ पुलिस ने सभी चोटिल लोगों का मेडिकल व प्राथमिक उपचार करवाया। इसके बाद परस्पर मामले दर्ज कर दोनों पक्षों के 17 जनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद करवा दिया।

# किसान संघर्ष समिति आज करेगी चंबल की महाआरती

**करौली, (निसं)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से आज मंगलवार 11 मई को शाम 6 बजे मण्डरायल के पास स्थित चंबल नदी पर महाआरती की जाएगी।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना और प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोठ ने बताया कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किए जाने की मांग को लेकर समिति की ओर से पूर्वी राजस्थान के आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए 16 मई को टोडाभीम के महस्वा- नांगल पहाड़ी स्थित कुठीला वाले हनुमान मंदिर पर किसान महापंचायत आयोजित होगी। इस महापंचायत से पहले आज मंगलवार 11 मई को शाम 6 बजे मंडरायल के पास चंबल नदी पर चंबल की महाआरती की जाएगी। इस महाआरती में विधि विधान से चंबल की पूजा- अर्चना के साथ आरती की जाएगी। चंबल सभी की आराध्य है। महाआरती के माध्यम से प्रार्थना की जाएगी की पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पानी की समस्या का समाधान हो। इसके लिए केंद्र सरकार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे। महाआरती के बाद चंबल से करीब 101 कलश में चंबल का पानी लिया जाएगा। जिसे महापंचायत के बाद नई दिल्ली में प्रधानमंत्री को भेंट किया जाएगा।

# भाजपा कार्यालय का उद्घाटन आज



धौलपुर में नव निर्मित भाजपा कार्यालय।

**धौलपुर, (निसं)।** जिला भारतीय जनता पार्टी के नव निर्मित कार्यालय का उद्घाटन बुधवार 11 मई को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल रूप से करेंगे. नवीन कार्यालय का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें आधुनिक सुख सुविधाओं से सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल, बैठक कक्ष, पदाधिकारी बैठक कक्ष, प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, आईटी और अकाउंट्स के ऑफिस, अधिकारी आवास आदि बनाए गए है। जिनका उपयोग भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फतेहपुर सीकरी लोकसभा से सांसद राजकुमार चाहर रहेंगे, अतिथि के रूप में में महेंद्रजाटव प्रदेश मंत्री रहेंगे । धौलपुर जिला संगठन प्रभारी जवाहर सिंह बेडम, संगठन सह प्रभारी लोकेश चतुर्वेदी ने धौलपुर पहुंचकर जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, कार्यलय निर्माण समिति अध्यक्ष डा राधेश्याम गर्ग, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशम्भर दयाल शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख किशन चंद शर्मा के साथ तैयारियों का जायजा लिया। उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जिम्मेदारी देते हुए कार्मिक कमेटियां निर्धारित कर दी गई हैं जो कि अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी के साथ अंतिम स्वरूप देने का कार्य कर रही हैं।

## भीलवाड़ा में मौसी के घर आये युवक ने फांसी लगाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** करेडा थाना क्षेत्र के मनोहरपुरा ग्राम में मौसी के घर आये युवक ने खेत पर बने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। थानाधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि रायपुर थाना क्षेत्र के ढि कानी गांव निवासी महावीर सिंह पिता गिरवर सिंह (21) दो दिन पहले अपनी मौसी से मिलने मनोहरपुरा आया था जिसने सोमवार सुबह खेत पर बने मकान में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

घटना की जानकारी तब मिली जब मृतक के पिता गिरवर सिंह बेटे को लेने मनोहरपुरा आये व खेत पर गये घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी जसवंत सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर करेडा चिकित्सालय लाए जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया व मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

वहीं थानाधिकारी सिंह ने बताया कि खुदकुशी से संबंधित कारण अभी तक सामने नहीं आये है लेकिन कपासन पुलिस थाना से जानकारी मिली है कि मृतक महावीर सिंह के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने की पुष्टि हुई व कपासन पुलिस मृतक महावीर सिंह की तलाश कर रही थी।

# विधायक भदेल ने 31 लाख रुपये की पेयजल लाइन का शिलान्यास किया

## उच्च दबाव एवं अधिक मात्रा में पानी की सप्लाई की मांग पूर्ण होगी



विधायक अनिता भदेल ने स्टील की पेयजल पाइप लाइन का शिलान्यास किया।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दक्षिण विधायक एवं पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिता भदेल ने मंगलवार को वार्ड नं. 37 रामनगरी, माखुपुरा व वार्ड नं. 47 बुद्व विहार कॉलोनी नागबाई धोलाभाटा रोड, अजमेर में 31 लाख रुपए की लागत से स्टील की पेयजल पाईप लाईन का शिलान्यास किया।

विधायक भदेल ने कहा कि 31 लाख रुपये की लागत से डाली जा रही 4 इंची की 1000 मीटर लम्बी पेयजल पाइपलाइन से आमजन को लाभ मिलेगा। इस क्षेत्र में पूर्व में डाली गई पाइपलाइन पुरानी होने के कारण बढ़े हुए परिवारों के लिए पर्याप्त नहीं थी। साथ ही पाइपलाइन के जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति होने से इस क्षेत्र के निवासियों को सुविधा प्राप्त होगी। गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई सुचारू होने से सभी को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 4 इंची डीआई पाइप लाइन होने से इसके क्षतिग्रस्त होने की संभावना कम होगी। क्षेत्र में उच्च दबाव एवं अधिक मात्रा में पानी की सप्लाई होने की लम्बे समय से चली आ रही मांग पूर्ण होगी।

कार्यक्रम में वार्ड 37 के पार्षद सोहन सिंह रावत, कालूराम गुर्जर, महावीर, शंकरलाल, देवेन्द्र, सूरजमल, राजेश शर्मा, डा0 अशोक शर्मा, रणविजय, ज्ञानसिंह, वार्ड 47 की पार्षद कुसुमलता सोगरा, तेजसिंह, राजेश चौहान, ज्ञानचंद सकरवाल, अक्षय गोरा, रोहित सोगरा, राजेन्द्र भारती,सन्नी चौहान, अशोक, हेमन्त, मदन, कार्तिक, शैकीं सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। भदेल ने क्षेत्रवासियों को कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि सुभाष नगर निवासियों की फाटक की समस्या के समाधान के लिए करोड़ों की लागत से ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी केंद्र से मिल गई है। जिसका 60 लाख की लागत से सर्वे का निर्माण आरम्भ हो चुका है। जल्द ही डीपीआर पूर्ण होने के बाद ओवर ब्रिज का कार्य आरम्भ किया जाएगा। सुभाष नगर ओवर ब्रिज का कार्य प्रगति पर है, जल्द ही क्षेत्रवासियों को फाटक की परेशानी से राहत मिलेगी।

अनिता भदेल ने कांग्रेस द्वारा दिनांक 13 मई से उदयपुर में होने वाले कांग्रेस के चिंतन शिविर को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहां कि देशभर में कांग्रेस सिमट गई है। इसके चलते उसे अब चिंतन की आवश्यकता पड रही है। कांग्रेस में कभी परिवारवाद खत्म नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार को दुष्कर्म, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को कैसे रोका जाए, लोक हित जैसे विषयों के लिए चिंता होनी चाहिए। पीने के पानी और बिजली की कटौती से प्रदेश की जनता पूरी तरह से त्रस्त है।

## संक्षिप्त

### दौसा में प्लेसमेन्ट शिविर 14 को

**दौसा,** (निसं)। जिला रोजगार विभाग के तत्वावधान में 14 मई को प्रात:11 बजे से जिला रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया जावेगा। जिला रोजगार अधिकारी जगदीश नारायण निर्वाण ने बताया कि इस शिविर में टपूकडा में स्थित फायम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के अधिकारियों के द्वारा जिले के युवा आशार्थियों को उनकी कम्पनी के लिये भर्ती किये जाने हेतु साक्षात्कार लिया जाकर चयनित किया जायेगा। इसमें आईटीआईए डिप्लोमा एवं सीनियर सैकण्डरी उत्तीर्ण युवा जिनकी आयु 28 वर्ष तक हैं वे भाग ले सकते है।

### संग्रामपुरा में चार और भेड़ मरी

**निवाई।** गांव संग्रामपुरा में फूड पॉइजनिंग से मवेशियों का मरना जारी रहा। सोमवार की देर शाम चार भेड़ों की मौत हो गई। ललवाडी सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर ने बताया कि गांव संग्रामपुरा की नाडी में पानी पीने से सोमवार की सुबह 23 भेड़ों एवं 1 बकरी की मौत हो गई थी। पशु चिकित्सकों ने फूड पॉइजनिंग से बीमार 50-60 भेड़ों का उपचार किया था। सोमवार की देर शाम बीमार 4 भेड़ों की और मौत हो गई। फूड पॉइजनिंग से अब तक 27 भेड़ें और 1 बकरी काल का ग्रास बन चुकी है।

### मारपीट का मामला

**निवाई।** थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि बडागांव निवासी विनोद सांखला पुत्र रामलाल सांखला ने मामला दर्ज करवाया है कि मंगलवार को वह अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर निवाई आ रहा था। गांव झिलाय में स्कूल के पास दो मोटरसाईकिलों पर सवार चालकों ने मेरी मोटरसाईकिल के आगे मोटरसाईकिल लगाकर रूकवा लिया। इसके बाद सभी ने मारपीट करना शुरू कर दिया था तथा शिकायत करने लगे कि हमारे शराब ठेकों की शिकायत करता है। इस पर मारपीट के दौरान मेरे साथी शक्तिमोहन ने बीच बचाव किया। दर्ज रिपोर्ट में अजय नायक निवासी झिलाय व उसके साथ पांच अन्य लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया गया है।

### कार की टक्कर से दूल्हा घायल

**मालपुरा** (निस) लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के बाघपुरा बारात लेकर पहुंचा दुल्हा अपने भाई के साथ लाम्बाहरिसिंह सैलून की दुकान पर जाने के दौरान कार की टक्कर से घायल हो गया। जिसे लाम्बाहरिसिंह पीएचसी में भर्ति कराया गया। मंगलवार को फागी से बाघपुरा बारात लेकर पहुंचा दुल्हा अपने भाई के साथ बाइक से लाम्बाहरिसिंह आ रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में कार की टक्कर से बाइक सवार दोनों भाई शंकर व सोनू बैरवा घायल हो गये। जिन्हें राहगीरों ने पीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# साधारण सभा की बैठक में बिजली, पानी, सड़क के मुद्दे उठाए

**पावटा,** (निसं)। पंचायत समिति पावटा सभागार में मंगलवार को विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व प्रधान पूजा चौधरी की अध्यक्षता व उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, तहसीलदार मुकेश अग्रवाल, विकास अधिकारी नीरू मीणा, पावटा प्रागपुरा चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर के विशिष्ट आतिथ्य में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों का बिजली, पानी, सड़क, जल भराव से संबंधित समस्या के मुद्दे छाए रहे। वही पांछुडाला में 33 केवी ग्रिड स्टेशन खोलने, पं.स.स.प्रति निधि मुखराम धनकड ने भांकरी में जेजेवाई योजना अंतर्गत जेजेएम मिशन में 5 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का मुद्दा उठाया। सरपंच ने डीपी मरमत संबंधी प्रस्ताव लेते हुए एईएन उधम सिंह पर व्यक्तिगत भुगतान लेकर कार्य करने व कुर्सी पर बैठकर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। वही सभा में भूरी भडाज सरपंच कैलाश स्वामी ने एमडीआर दौंतिल पर नदी में लगे पोलो के गिरने की स्थिति से अवगत करवाते हुए उनकी मरमत की मांग की।

ग्राम पंचायत पांछुडाला में जलभराव की निकासी व्यवस्था हेतु विधायक इंद्राज गुर्जर ने सदन मे बात रखी वही आगामी बैठक से पूर्व समस्या समाधान हेतु आगामी साधारण सभा बैठक के एजेंडे में शामिल करने हेतु प्रस्ताव रखा व इस समस्या के समाधान के लिए 10 दिन का समय दिया। वहीं सरपंच संघ जिलाध्यक्ष व भांकरी सरपंच मेहर सिंह धनकड ने सदन से पूर्वी नहर परियोजना में जयपुर जिले को शामिल करने का सामूहिक प्रस्ताव रखा जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने सहमति जताते हुए सभी पंचायत समिति सदस्यों सरपंचों व सभी जनप्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जलशक्ति मंत्री, सांसद को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग को लेकर मिलने की बात कही जिस पर सभी पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों व सभी जनप्रतिनिधियों ने सहमति जताई।

वहीं पंचायत समिति सदस्य ठीकरिया लालचंद यादव ने सडक निर्माण कार्य की गुणवत्ता की शिकायत दर्ज करवाई जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने एईएन को दिशा निर्देश देते हुए ठेकेदार के भुगतान को रोकने व कार्य की जांच कर रिपोर्ट पेश करने की बात कही। लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव ने जेजेएम मिशन के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने हेतु प्रस्ताव रखा। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग को लेकर साधारण सभा से प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जल संसाधन मंत्री, जल शक्ति मंत्री राजस्थान सरकार, सांसद से मिल ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक इंद्राज गुर्जर सहित पंचायत समिति क्षेत्र के सभी सरपंच व पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, सरपंचगण, पंचायत समिति सदस्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



पावटा में विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व प्रधान पूजा चौधरी की अध्यक्षता व उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में बैठक आयोजित हुई।

### टैक्सी ड्राईवर का दुर्घटना में निधन

**सांभरझील।** तहसील लालसोट के गांव डोब निवासी वाहन चालक मीठालाल मीणा की सोमवार को दुर्घटना में मौत हो गयी। वे जयपुर से सावरदा, नरायना, सांभर, फुलेरा व बोराज अखबार सप्लाई का काम करते थे। सोमवार को तड़के करीब सवा चार बजे सांभर में सप्लाई देने के बाद वे फुलेरा व बोराज होते हुये जयपुर के लिये निकल गये थे, जहां प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर में भांकरोटा के पास ट्रक से उनकी गाडी टकरा गई जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे तथा जयपुर के सवाईमानसिंह चिकित्सालय में ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उनके दो छोटे बच्चे है। उनके निधन पर सांभर में पूर्व वाईस चेयरमैन धर्मेन्द्र जोपट, पूर्व पार्षद दिव्यराज वीर गुर्जर, पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी, भाजपा नेता पवन नागा, युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश माली, नगर कांग्रेसाध्यक्ष सीपी व्यास, महामंत्री राकेश कश्यप, सिंधी समाज के नारायणदास गांधी, कांग्रेस के कुलदीप परेवा, पूर्व पार्षद चन्द्रप्रकाश सैनी, कमलकिशोर शुक्ला, लक्ष्मीकान्त शर्मा, पंकज सिंघानिया, सांभर पुस्तकालय के महेश श्रीवास्तव, कायस्थ समाज के उपाध्यक्ष युगराज माथुर, कॉलेज के सत्यनारायण सांभरिया, गौशाला के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा, गुलाब भाई लखारा, फुलेरा के पूर्व चेयरमैन मनोज आहूजा, पार्षद विजय प्रजापत आदि ने इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की।

## किसान कलेवा योजना का औचक निरीक्षण



कृषि उपज मंडी समिति के प्रशासक शंकरलाल मीणा ने किसान कलेवा योजना के तहत संचालित कैंटीन का निरीक्षण किया।

**दौसा,** (निसं)। कृषि उपज मंडी समिति के प्रशासक शंकरलाल मीणा ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी परिसर में किसानों के लिए किसान कलेवा योजना के तहत संचालित कैंटीन का औचक निरीक्षण किया तथा भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

मीणा ने किसानों के साथ बैठकर खाना खाया और उपस्थित किसानों से दैनिक प्राप्त होने वाले भोजन के बारे में पूछा गया गुणवत्ता संबंधी जानकारी ली गई। प्रशासक ने किसानों को दिए जाने वाले भोजन की सराहना की उपस्थित मंडी सचिव संतोष मीणा ने किसान कलेवा का संपूर्ण निरीक्षण करवाते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित किसान कलेवा योजना का संचालन गण नायक विकास संस्थान, जयपुर द्वारा किया जा रहा है। योजना के अनुसार किसानों को 5 रुपये में भरपेट भोजन करवाया जाता है और शेष राशि मंडी समिति द्वारा अनुदानित किया जाता है। साथ ही किसान कलेवा में समय-समय पर किसानों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का औचक निरीक्षण करके जांच किया जाता रहता है।

### 12 साल से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर।** पुलिस अधीक्षक सीकर कुंवर राष्ट्रदीप द्वारा वांछित स्टैंडिंग वारंटियों, मफरूर व उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना रतन लाल भार्गव व उप पुलिस अधीक्षक रींगस सुरेंद्र सिंह के निर्देशन में श्रीमाधोपुर थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत व उनकी टीम ने 12 वर्ष पूर्व 331 बोरी सरसों व उसको अग्रिम दी गई राशि 19 हजार रुपये लेकर फरार चल रहे आरोपी बबलू उर्फ विनोद पुत्र नत्थे सिंह जाति गुर्जर निवासी ककङवाली कुड़िया पुलिस थाना नारायण गेट जिला भरतपुर को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी खंगारोत के अनुसार 1 जुलाई 2010 को योगेश कुमार पुत्र मुरारी लाल महाजन निवासी श्रीमाधोपुर ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 जून 2010 को ट्रक में 331 सरसो बोरी भरकर जिनकी कुल कीमत 6 लाख 82 हजार 539 रुपये थी व एडवांस रकम 19 हजार रुपये लेकर आरोपी फरार हो गया था।

### उपखंड अधिकारी की बैठक में ईओ नदारद

**बहरोड़/नीमराना।** बहरोड़ के पुराने कचहरी परिसर में 10 मई को सचिन यादव उपखंड अधिकारी बहरोड़ की अध्यक्षता में सक्षम अलवर अभियान बाबत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विकास अधिकारी पंचायत समिति बहरोड़ केवल, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेंद्र आर्य, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि कपूर, ए आर आई नगर पालिका राकेश कुमार, फायरमैन नगरपालिका पूरणमल सेन व देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे एवं सक्षम अलवर अभियान को जल्द से जल्द सफल बनाए जाने के लिए मौखिक रूप से आदेश दिए गए। वहीं आयोजित बैठक में बहरोड़ नगरपालिका के ईओ प्रशासनिक अधिकारी की अनुपस्थिति से नगरपालिका बहरोड़ की प्रशासनिक स्थिति की पोल सामने आई जिसमें नजदीकी नगरपालिका के ईओ को कार्यभार सौंपा हुआ है।

### दो डंपरों में भिड़ंत, चालक घायल

**निवाई।** हाईवे पर स्थित बरथल तिराहे के पास दो डंपरों में भिडन्त हो गई। जिसमें एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बरोनी थानाधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि बरथल तिराहे के समीप दो डंपरों में आपस में भिडन्त हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन मंगवाकर डंपर की की केबिन में फंसे चालक को बड़ी मशक्त से बाहर निकाला तथा उपचार के लिए सीएचसी निवाई में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में चालक श्रीपाल योगी निवासी कारोला गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी चिंताजनक स्थिति होने पर उसको चिकित्सकों ने सआदत टोंक रेफर कर दिया।

## सार-समाचार

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस मनाया



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र पर शक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी के माध्यम से स्कूल नहीं जाने वाली किशोरी बालिकाओं व गर्भवती महिला धात्री महिला तथा बच्चों को एनीमिया के बारे में जानकारी दी गई एवं आईएफए की नीली गोली भी खिलाई गई। वहीं नांगल भीम में एनीमिया के बारे में जानकारी दी व विटामिन की दवा पिलाई गई। इसी प्रकार पोलादास, नावलाई, सामोता वाली ढाणी आदि आंगनबाड़ी केंद्रों में भी शक्ति दिवस मनाया व विटामिन की दवा पिलाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ता, आशा, सहायिका मौजूद रही।

### आग से 6 पशु झुलसे, घरेलू सामान राख

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव नगर में मंगलवार की दोपहर एक बाडे में आग लगने से 6 पशु झुलस गए। राहोली सरपंच फूला देवी ने बताया कि गांव नगर में शेरसिंह व दातारसिंह पुत्र बजरंग सिंह के बाडे में अज्ञात कारणों से बाडे में लग गई। उन्होंने पानी की मोटर चलाकर आग बुझाई। आग में करीब चार ट्रॉली चारा, पेड़ ईंधन सहित घरेलू सामान जल कर राख हो गया। आग लगने से बाडे में बंधी दो भैंसें एवं चार बकरी भी झुलस गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत राजवाडा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-SPL-I **निविदा सूचना** दिनांक-10.05.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2021-22 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गन्दे पानी की निकासी हेतु शिविर लाइन हनुमान मन्दिर से नदी की ओर माजरीमाण्डा | 16.5.22 10 AM | 16.5.22 2 PM | 16.5.22 3 PM | 10 लाख | 2000 | 200 |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 200/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत राजवाडा, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)
NIB NO.: ZAL2223A0169
UBN NO.: ZAL2223GSLB00293
सरपंच, ग्राम पंचायत राजवाडा, पं.सं. मुण्डावर (अलवर)



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आई डी एफ सी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मेलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 11.04.2021 को एक मांग नोटिस कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. विकास गुप्ता, 2. पूनम गुप्ता को जारी किया गया था, जिसमें दिनांक 09.04.2021 की तिथी को एक मांग नोटिस उल्लेखित राशी रुपये 13,77,977.87/- (रुपये तेरह लाख, सत्तर हजार, नौ सौ सत्तर और पैसा सतासी मात्र) का भुगतान उपर्युक्त निर्दिष्ट नोटिस की प्राप्ती से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज मई 2022 के 6वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रुपये 13,77,977.87/- (रुपये तेरह लाख, सत्तर हजार, नौ सौ सत्तर और पैसा सतासी मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

**प्लाट नं.143 का दक्षिण भाग, क्षेत्रफल 103.58 वर्गगज, बालाजी विहार-।।, गोविन्दपुरा, कलवाड रोड, जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग और उक्त सम्पत्ति की सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. 142ए, पश्चिम-रोड 30 फिट चौडी, उत्तर-प्लाट नं.143, दक्षिण-प्लाट नं. 144**

दिनांक- 06.05.2022
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या- 18690310
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व नाम केपिटल फर्स्ट लिमिटेड व आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मेलित)



**कार्यालय ग्राम पंचायत कुँण्डेरा-डूँगर पंचायत समिति सिकराय (दौसा)**

क्रमांक//एमजी नरेगा/ई-टेण्डर/2022-23/38-43 दिनांक-10-5-2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2022-23**

श्रीमान विकास अधिकारी पंचायत समिति सिकराय के पत्रांक 60-61 दिनांक 18-04-2022 की अनुपालना एवं राज्य सरकार के विभागीय पत्रांक 2017 दिनांक 01-10-2021 के अनुसरण में ग्राम पंचायत कुण्डेरा-डूँगर पंचायत समिति सिकराय के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में संचालित महात्मा गाँधी रा.ग्रा.रो. तथा पंचायतीराज की योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए सामग्री सप्लाई हेतु पंजीकृत सक्षम श्रेणी के अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र दो बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) में निमननुसार ऑनलाईन ई-निविदा प्रक्रिया अन्तर्गत मोहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं www.eproc.rajsthan.gov.in, एवं htpp// sppp.rajasthan.gov. in पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। निविदा की अमानता राशि निविदा प्रपत्र के साथ ही डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक ग्राम पंचायत कुण्डेरा डूंगर के नाम के पक्ष में नियत तिथि पर प्रस्तुत करनी होगी। यदि निविदा प्राप्ति को राजकीय अवकाश होगा तो आगामी कार्य दिवस को निविदा विक्रय/प्राप्त की जावेगी, इस सन्दर्भ में समस्त विवादो का न्यायक्षेत्र संबन्धित जिला होगा। निविदा 31-03-1023 या अग्रिम आदेशों तक मान्य होंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत/ आधा प्रतिशत पंचायत समिति में पंजीकृत फर्म | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की दिनांक | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि के डीडी/ बैंकर्स चैक भौतिक रूप से जमा कराने का दिनांक व समय | ऑनलाईन खोलने दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कुँण्डेरा-डूँगर में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति करना। | 40.00 | 80000 | 10.05.2022 To 24.05.2022 | 11.05.2022 To 24.05.2022 समय 5.00 बजे तक | 25.05.2022 समय 3 बजे से निविदा खुलने तक |
| | महायोग | 40.00 | 80000 | | | |

**नियम व शर्तें-**

1. निविदा प्रपत्र शुल्क-500 रु. संबंधित ग्राम पंचायत के पक्ष में देय होगा।
2. निविदा ऑनलाईन डिजीटल साईन से ही स्वीकार होगी। डाक या ई मेल से प्रेषित निविदाये एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदादाता को निविदा की मूल प्रति आवश्यक ऑनलाईन दस्तावेजों की स्क्रेनिंग कॉपी के साथ नियत तिथि एवं समय पर नियत स्थान संबंधित ग्राम पंचायत कुण्डेरा डूंगर में जमा कराने होंगे।
4. नियत समय तक ऑनलाईन निविदाऐं कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को निर्धारित समय पर निविदादाता/ प्रतिनिधि के समक्ष पंचायत समिति सिकराय में खोली जावेगी। सामान्य वित्त एवं लेखा नियमानुसार समस्त शर्तें लागू होगी।
5. निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित है।
6. जीएसटी/दिन ऑन/पेन कार्ड की प्रति ऑन लाईन संलग्न करना अनिवार्य है।
7. कोई भी निविदादाता विलम्ब हो जाता है तो उसका जिम्मेदार कार्यालय/विभाग नहीं होगा। देरी से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
8. निविदा दाता द्वारा यदि दरे 10 प्रतिशत कम या अधिक प्रस्तुत की जाती है तो अंतर राशि का चैक या डीडी तीन दिवस में जमा कराना होगा।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कुँण्डेरा-डूँगर
सरपंच, ग्राम पंचायत कुँण्डेरा-डूँगर


### भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा आज

**राजगढ़।** ब्राह्मण समाज की ओर से नौ दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह में 11 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 3 मई को पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ था जिसके तहत 11 मई को दोपहर करीब 3 बजे गोविंद देवजी बाजार स्थित ब्राह्मण धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शर्मा ने बताया कि इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारी की है। सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम की शोभायात्रा में सभी समाजों के प्रमुख लोगों को भी शामिल किया गया है। इस आयोजन को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों में उत्साह का आलम है।

### वांछित स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**निवाई।** दतवास थाना पुलिस ने फरार वांछित स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कप्तानसिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के दिये गये निर्देशों में विशेष अभियान के तहत दतवास क्षेत्र में वांछित स्थाई वारंटी, भगोड़े अपराधियों की धरपकड़ के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचन्द्र मिश्रा व पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा के निर्देशन में उप निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते फरार चल रहे स्थाई वारंटी कल्याणसिंह 66 पुत्र गोपासिंह निवासी बाढ हाडा थाना दतवास को न्यायालय एसीजेएम से आमदा स्थाई वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया है।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेस लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी - अभिषेक कुमार, संपर्क नम्बर-7230013999-9874702021 ई-मेल-abhishek.kumar30@idfcfirstbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि.के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (i) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

| क्रम संख्या | (i) डिमांड नोटिस तिथि व राशि | (ii) ऋणग्रहिता (ओं) और सह-ऋणग्रहिता(ओं) के नाम | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरक्षित मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (ऑनलाइन) तब/पहले | (vii) निलामी की तिथि व समय | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.04.2019 को रूपये 18846640.15/- | मै. मीरा हैंडीक्राफ्ट्स एण्ड एक्सपोर्टर्स (प्रो.पिंकी देवी), अंजू प्रजापत, हुकुम चन्द, पिंकी देवी, शैलेश प्रजापत, त्रिलोक चन्द | प्लाट नं. ए-1736, जिलेदारों की गली, खेजडों का रास्ता, इन्दिरा बाजार, जयपुर, राजस्थान-302001 | रूपये 13700000/- | रूपये 1370000/- | 30.05.2022 | 31.05.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.05.2022 प्रातः 11.00 बजे दोपहर 3.00 तक |
| 2 | 14.04.2021 को रूपये 950631.15/- | दीपक सैनी, झिमी देवी | प्लाट नं. 127, क्षेत्रफल अनु 150.43 वर्गगज, गोकुल एनक्लेव-1, ग्राम-दौलतपुरा, महेन्द्र सेज के पास, अजमेर रोड, तहसील-सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड, पश्चिम-अन्य, उत्तर-प्लाट नं.126, दक्षिण-प्लाट नं. 127-ए | रूपये 545000/- | रूपये 54500/- | 30.05.2022 | 31.05.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.05.2022 प्रातः 11.00 बजे दोपहर 3.00 तक |
| 3 | 23.06.2021 को रूपये 6,99,936.83/- | पवन सैनी राजेन्द्र सैनी | प्लाट नं. 150, स्कीम गोकुल गार्डन सिटी, ग्राम किशोरपुरा एवं पनवालिया, डिग्गी रोड, तहसील सांगानेर, जयपुर | रूपये 40,000/- | रूपये 40000/- | 30.05.2022 | 31.05.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.05.2022 प्रातः 11.00 बजे दोपहर 3.00 तक |
| 4 | 08.04.2021 की रूपये 1594184/- | संतोष कुमार एवं संतराम राठौड | सम्पत्ति क्षेत्रफल 131.91 वर्गगज, प्लाट नं.127-डी, स्कीम गोकुल एनक्लेव-।, ग्राम दौलतपुरा, तहसील-सांगानेर, कलवाड, महेन्द्र सेज के पास, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान-302023 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-30 फिट रोड, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं. 127-सी, दक्षिण-प्लाट नं.128 | रूपये 4,75,000/- | रूपये 47,500/- | 30.05.2022 | 31.05.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.05.2022 प्रातः 11.00 बजे दोपहर 3.00 तक |
| 5 | 11.04.2019 की रूपये 1543297.98/- | सुमित सिंह खींची, प्रियंका कंवर | फ्लैट नं. एफ-3, पहली मंजिल, प्लाट नं. ई-10, मंगलम सिटी, ग्राम हाथोज, कलवाड रोड-302012 | रूपये 870000/- | रूपये 87000/- | 30.05.2022 | 31.05.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.05.2022 प्रातः 11.00 बजे दोपहर 1.00 तक |
| 6 | 15.04.2021 को रूपये 856210.95/- | श्री नितिन कायथ मै. बेरला ग्रुप, द्वारा श्री नितिन कायथ, श्रीमती माधवी परमार | अचल सम्पत्ति प्लाट नं. 289, गोकुल गार्डन सिटी, ग्राम केशोपुरा-पनवालिया, तहसील सांगानेर, जिला-जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 134.44 वर्गगज और सीमायें है- उत्तर-प्लाट नं.264, दक्षिण-रोड 30 फिट, पूर्व-प्लाट नं. 288, पश्चिम-प्लाट नं. 290 | रूपये 485000/- | रूपये 48500/- | 30.05.2022 | 31.05.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.05.2022 प्रातः 11.00 बजे दोपहर 1.00 तक |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेस लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
दिनांक- 09.05.2022
स्थान- राजस्थान

## संक्षिप्त

### दुकान के बाहर शव मिला

**टोंक।** सवाईमाधोपुर पुलिया के समीप दुकान के बाहर पुलिस को एक जने का शव मिला है। कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्रसिंह ने बताया कि मृतक दुबला पतला है, उसने पीले रंग की टी शर्ट और लॉयर पहना हुआ है। उसकी दाड़ी और सिर के बाल बढ़े हुए हैं। वह भिक्षक जैसा दिखता है। कोतवाली थाने में प्रभुदयाल महावर ने रिपोर्ट दी कि वह सवाईमाधोपुर पुलिया के पास दुकान लगाता है। उसके आगे लगे टीन शेड के नीचे भीखवृत्ति वाला एक जना अक्सर आकर सो जाया करता था। वह सोमवार को भी आकर सो गया जब उसे जगाया तो वह मृत मिला।

### पावटा केनरा बैंक में खुला आधार केंद्र

**पावटा।** उपखंड पावटा के भांकरी रोड स्थित केनरा बैंक में आधार सेवा केंद्र खुल गया है। यहां नए आधार कार्ड निशुल्क बनाए जाएंगे। सेटअप के अनुसार सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई है। आधार कार्ड से संबंधित काम शुरू कराने के लिए अनुमति प्राप्त हो चुकी है। अनुमति मिलने के बाद सेंटर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके खुलने से पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों के नागरिकों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

### नियंत्रण कक्ष का स्थान बदला

**टोंक।** जिले में बाल विवाह निषेध अभियान के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के स्थान एवं दूरभाष नम्बर में परिवर्तन किया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट परशुराम धानका ने बताया कि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष जिला कलक्ट्रेट के कार्यालय अधीक्षक के कक्ष के स्थान पर एन.एच. कक्ष में स्थापित किया है। इसके दूरभाष नम्बर 01432-245035 है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** बजरी परिवहन के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बरोनी थाने का मोलीपुरा उर्फ फजलपुरा निवासी राजूलाल मीणा के खिलाफ गत वर्ष अवैध बजरी परिवहन का मामला दर्ज था। वह करीब 8 महीने से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### सीएमआर समिति की बैठक 20 को

**दौसा।** जिला स्तरीय सीएमआर समिति की बैठक 20 मई को प्रात:10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की जावेगी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र दौसा की महाप्रबन्धक शिल्पा गोखरू ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक 20 मई को आयोजित की जावेगी।

### हादसे में शारीरिक शिक्षक की मौत

**थानागाजी।** द्वारापुर तिराहे पर मंगलवार दोपहर बाद बाइक पर ड्यूटी से घर लौट रहे शारीरिक शिक्षक को अलवर की ओर से आ रही कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक मनोहर पुत्र श्रीधर मीणा निवासी राजपुर जागिर की मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी की मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए।

# पानी चोरी करने वालों को एसडीएम ने पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी

**मालपुरा, (निसं)।** भीषण गर्मी में बढ़ती पेयजल समस्या व अवैध रूप से राईजिंग लाइनों से कनेक्शन कर पानी चोरी की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को एसडीएम आरके वर्मा ने जलदाय विभाग अधिकारियों की बैठक ले पानी चोरी करने वालों के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही की चेतावनी दी।

- 38 ग्राम पंचायतों में बंद पड़े 166 हैण्डपम्प एक सप्ताह में ठीक करने के दिये निर्देश



पानी चोरों के विरूद्ध कार्यवाही व पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने को लेकर एसडीएम ने बैठक ली।

बैठक के दौरान पीएचडी एक्सईएन कोमल सिंह ने बताया कि बीते दिनों विभाग की टीमें गठित कर ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हैण्डपम्पों की की गई जांच में 166 हैण्डपम्प खराब पाये गये। जिनकी दुरस्थीकरण के लिए विभाग के एक दर्जन मिस्त्रीयों के अतिरिक्त प्राईवेट मिस्त्रियों के जरिए एक सप्ताह में सभी हैण्डपम्प दुरस्थ करने का कार्य शुरू किया गया है।

एक्सईएन कोमल सिंह ने बताया कि गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गई लाईनों व दिये गये कनेक्शनों की मॉनीटरिंग के लिए गठित जल वितरण समितियों द्वारा लाख प्रयासों के बावजूद ग्रामीणों ने पानी का बिल नहीं भरने से विभाग के 1 लाख 87 हजार 399 रूपये आज भी बकाया चल रहे हैं। क्षेत्र के 26 गांवों में बीते 5 साल से इन पॉईन्टो पर जल वितरण समितियों के जरिए की जाने वाली पेयजल आपूर्ति बंद पड़ी है। बिना भुगतान के पुनः शुरू करना सम्भव नहीं है तो जेईएन तारा स्वामी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावशाली लोग राईजिंग लाईनों से अवैध कनेक्शन कर फार्म पौण्ड भर फल सब्जीयां व पशुओं के लिए चारे की सिंचाई कर रहे है।

## गोदाम निर्माण से किसानों को मिलेगी सुविधा

**टोंक, (निसं)।** किसानों के फसल उत्पाद को भंडारित करने की दृष्टि से जिले की गोदाम विहिन ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 मैट्रिक टन क्षमता के गोदाम व कार्यालयों के निर्माण कराया गया है।

जिले की चावंडिया ग्राम सेवा सहकारी समिति, मोरला ग्राम सेवा सहकारी समिति में भण्डारण व कार्यालय 12.12 लाख रुपए की राशि से निर्माण कार्य करवाया गया है। नवीन गोदाम होने से समिति पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज बिक्री कर सकेगी तथा किसानों को गोदाम कार्यालय भवन पर सुगमता से संभव हो सकेगा। गोदाम निर्माण होने से भविष्य में किसानों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी। इसी तरह उनियारा, टोंक बनास केवीएसएस में भण्डारण के लिए 250-250 मैट्रिक टन के गोदाम निर्माण 25 लाख रुपए प्रति गोदाम स्वीकृत कर निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया है। इन क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण होने से किसानों को खाद-बीज बिक्री की सुविधा के साथ समिति द्वारा समर्थन मूल्य खरीद कार्य में भी भण्डारण के लिए इन गोदामों को उपयोग में लाया जा सकता है।

## पीएम आवासीय योजना की अंतिम तिथि 15 मई

**चाकसू।** कस्बे के लोगों को जल्द ही प्रधानमंत्री आवासीय योजना का फायदा मिलेगा। आवासीय योजना के तहत आवेदकों से फाइल ली जा रही है और नगर पालिका की टीम घर-घर जाकर मकानों को जांच कर रही है।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि इस सत्र के पहले चरण में लगभग 200 आवेदकों ने आवेदन किया है जिनके घरों की विजिट शुरू कर दी गई है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने के लिए नगर पालिका में विसी की मीटिंग में प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम तिथि 15 मई 2022 कर दी गई है जिन आवेदकों के मकान सही मिलेंगे उनकी फाइल रिजेक्ट कर दी जाएंगे है उसके बाद सिलेक्टेड फाइलों पर काम शुरू होगा। शेष को जल्द ही पत्र जारी कर दिया जाएगा। उसके बाद पात्र आवेदक अपना मकान बनाना शुरू कर सकते हैं।

# विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े बने हमसफर

**डिग्गी, (निसं)।** डिग्गी में मंगलवार को जानकी नवमी के अवसर पर अखिल राजस्थान भुर्जी (भड भूजा) समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

सम्मेलन अध्यक्ष विनोद राय डोयटिया ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर प्रात: दस बजे जाट समाज धर्मशाला से सामूहिक कलश यात्रा एवं दूल्हों की निकासी निकाली गई। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूल्हों को डिग्गी श्री जी महाराज के सामूहिक रूप से दर्शन कराए गए। इसके बाद कलश यात्रा व दूल्हों की निकासी वापस जाट धर्मशाला डिग्गी पहुंची। जहां पर तोरण की रस्म अदा की गई। उसके बाद पंडित मीष शर्मा एवं मुकेश शर्मा के सानिध्य में पाणिग्रहण संस्कार संपंन्न करवाया गया। सम्मेलन अध्यक्ष विनोद राय डोयटिया ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से दहेज प्रथा जैसी कई कुरूतियां दूर होती है वहीं सामूहिक विवाह सम्मेलन को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक भी बताया। वर व वधू के पक्ष को रोकने के लिए अलग अलग पांडाल बनाया गया था। सम्मेलन अध्यक्ष विनोद राय डायटिया, उपाध्यक्ष हनुमान सोनगरा,सचिव राजेश किडवा, सह सचिव अशोक विश्रोईया,महामंत्री गणेश सोनगरा, वरिष्ठ संयोजक बाबूलाल किडवा, संगठन मंत्री बालमुकुन्द किडवा, अन्य कार्यकारीणी सदस्य मौजूद रहे।



डिग्गी में भुर्जी ( भड भूजा ) समाज के विवाह सम्मेलन को लेकर सामूहिक कलश यात्रा एवं दूल्हों की निकासी निकाली गई।

## प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण

**फुलेरा।** फुलेरा नगरपालिका मण्डल परिसर में मंगलवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) हरेन्द्र सिंह के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सांभरलेक बृजेश कुमार शर्मा के निर्देशन पर ग्राम न्यायाधीकारी पूजा मीना के द्वारा कस्बे में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु शिविर का आयोजन कर किया गया। जिसमें क्षेत्र के विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों से संबन्धित दोनों पक्षों में समझाईश सुलह वार्ता करवाई गई। इस दौरान दोनों पक्षों की पार्टीयों ने 14 मई को लोक अदालत समक्ष उपस्थित होकर राजीनामा करने हेतु अपनी सहमति दी। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति सांभरलेक के प्रभारी चान्दमल सांभरिया आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस जवान की जिंदगी बचाने में जुटी राकेश टीम

**बहरोड़/ नीमराना।** नेशनल हाईवे नंबर 48 पर भिवाडी जिला पुलिस क्षेत्र में इंटरसेप्टर ड्यूटी के दौरान टक्कर मारने पर लगभग 10 दिन से सडक दुर्घटना में घायल पुलिस जवान यसपाल जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। अचेत अवस्था में कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती चल रहा है। क्षेत्र में लगातार रक्तदान करने वाले युवाओं की टीम के साथ राकेश ने पुलिस के जवान के लिए भी अपनी युवा टीम के माध्यम से जीवन दान देने के लिए जी जान से लगे हुए हैं तथा आखिर पुलिस के जवान की सांस लेने की प्रक्रिया में लगी नली की वजह से चिकित्सा करने में सुविधा के लिए परिजनों ने जैसे ही सूचित किया है तो रक्त वीरों की टीम के साथ 8 डोनर रिजेक्ट होने के बाद भी निरंतर कोशिश जारी रखी। प्लेटलेट्स मैच करने वाले युवा 27 वर्षीय सोनू पुत्र हरीराम गोपालपुरा की जानकारी मिलते ही सफलता पर खुशी जताई।

## ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर ।**श्रीमाधोपुर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन मंगलवार को उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर दिलीप सिंह राठौड की अध्यक्षता में पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के सभागार में किया गया ।

एसडीएम राठौड के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, निशुल्क दवा एवं जांच योजना, राजकीय चिकित्सा संस्थानों में नि:शुल्क ओपीडी एवं आईपीडी सुविधाएं, बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं, पेयजल, बिजली की समुचित व्यवस्था, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं, वर्ष 2019 से 2022 तक की बजट घोषणाओं की क्रियान्वित के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा, श्रम विभाग की योजनाओं के लंबित आवेदनों, राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान एवं आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले फॉलोअप कैम्पों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को आमजन को लाभ प्रदान करने व आमजन की समस्याओं के लिए शीघ्र निस्तारण हेतु समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## कर्नल राज्यवर्धन ने नि:शुल्क राशन बटवाया

**सांभरझील।**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान सांसद आदर्श ग्राम धानक्या में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 150 से अधिक परिवारों को नि:शुल्क राशन वितरित किया गया। इस दौरान महेन्द्र, सूरजपाल सिंह, छोटूराम यादव, जयनाराण दादरवाल, भंवर गोरा, भैंरूराम यादव, छोटूराम यादव, श्याम सिंह, मनु प्रताप, डॉ. रमेश शर्मा, योगेश कान्देला सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सांसद कर्नल राज्यवर्धन अपने लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहें है। कर्नल राज्यवर्धन द्वारा क्षेत्र में बाईक रैली, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं राशन वितरण जैसे कार्यक्रम किए जा रहें है। कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता बढ-चढ़ कर हिस्सा ले रहें है। कर्नल राज्यवर्धन कल बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलवर के उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करेंगे।

# श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का खुलासा

**देवली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के नासिरदा पंचायत में श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण को लेकर जांच टीम ने भ्रष्टाचार का खुलासा किया पंचायत समिति की ओर से गठित टीम की जांच में सरपंच व सचिव दोषी पाए गए।

जांच रिपोर्ट के आधार पर विकास अधिकारी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक को रिपोर्ट भेजी है। जांच कमेटी की रिपोर्ट ने सरपंच के विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है। गौरतलब है कि श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने के बाद विकास अधिकारी ने तीन सदस्य जांच कमेटी गठित की। जिसमें सहायक अभियंता सरदार सिंह, सहायक विकास अधिकारी शिवजी सिंह मीणा तथा कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार शामिल को शामिल किया गया था।

जांच गठित दल ने 5 मई को उक्त चारदीवारी निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की रिपोर्ट बनाकर अधिकारी को सौंपी यहां जांच कमेटी ने रिपोर्ट में बताया कि गत 12 जून 2021 को वित्तीय स्वीकृति जारी होने के करीब 8 से 9 माह बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिसमें सरपंच व सचिव पूर्णत: दोषी माने गए

- पंचायत समिति की गठित टीम की जांच में सरपंच व सचिव दोषी पाए गए

। रिपोर्ट में बताया कि उक्त उक्त निर्माण कार्य मैसर्स लादूलाल अग्रवाल को 2 लाख 50 हजार रुपए 5 फरवरी 2022 को भुगतान किए गए। जबकि वाउचर व वाउचर की जांच में कुल राशि 2 लाख 28 हजार 849 का ही बिल प्राप्त हुए है। ऐसे में जांच रिपोर्ट में 21 हजार 151 अधिक भुगतान किया जाना उल्लेखित है।

वही स्टॉक रजिस्टर में 350 सीमेंट के बैग पर्याप्त होना दर्शाया गया। लेकिन दल के अनुसार 300 सीमेंट के कट्टे खरीदें गए। वहीं जांच के दौरान कार्यस्थल पर सामग्री नहीं पाई गई। इसके अलावा 78 क्यूबिक मीटर पत्थर स्टॉक रजिस्टर में दर्शाकर उतनी ही सामग्री कार्य के पेटे देना बताया गया था। जबकि 78 क्यूबिक मीटर पत्थर स्टॉक रजिस्टर शेष रहना पाया गया। कमेटी ने जांच के अनुसार तकनीकी अधिकारी द्वारा पाएगी सामग्री की अनुमानित राशि 93 हजार 665 मानी गई है।

## सार-समाचार

### 'पक्षियों को बचाना हम सभी का फर्ज'



**विराटनगर/पावटा।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेल्फी विद परिंडा अभियान के तहत विराटनगर क्षेत्र में मंगलवार को कई गांवों में रानी रत्नाकुमारी की ओर से पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। अभियान का शुभारंभ रानी रत्नाकुमारी बतौर मुख्य अतिथि परिंडा बांध व पक्षियों के लिए दाना डालकर की। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने भी परिंडे बांधे और परिंडों को पानी से भरा। इस अवसर पर रानी रत्नाकुमारी ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षित है तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित है। परिंदों के शहर छोडने के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड रहा है। ऐसे में पक्षियों का जीवन हमारे लिए अति आवश्यक है। सरपंच ने कहा कि परिंदों के संरक्षण, भीषण गर्मी में पेयजल, दाना-पानी की व्यवस्था करना हम सभी का फर्ज है। परिंदे पर्यावरण में सहयोग करते हैं। परिंदो की ओर से ही अप्रत्यक्ष तौर पर बीजारोपण किया जाता रहा है। क्योंकि यही परिंदे बीज खाते समय नई जगहों पर गिराते हैं। जिससे नए पेड का उदय होता है। इस दौरान सभी ने परिंदों की सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में करीब 50 परिंडे लगाए गए।

### किसानों को जागरूक किया

**उनियारा।** उनियारा में शिव मन्दिर परिसर में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक कृषि अधिकारी उनियारा थैलेन्दर सिंह ने बताया कि खरीफ फसल पूर्व आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को चयनित फसलों का बीमा बीमित राशि का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक बीमा करवाने की जानकारी दी। ताकि किसानों को योजनाओं का समयोचित लाभ मिल सके। इस अवसर पर उनियारा सहायक कृषि अधिकारी थैलेन्दर सिंह, ओमप्रकाश खींची,, बुद्धिप्रकाश, ममता महावीर, आशा सैनी, भंवरलाल,अजय पांडेय, चौथमल मीणा, दिनेश कुमार गुर्जर, मुकेश शर्मा,डिवेश चंद सहित कई किसान मौजूद थे।

### मां भगवती का विशाल जागरण



**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खरकडी की ढाणी खेमावाली में दुर्गा माता मंदिर में मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने मां दुर्गा का दरबार सजाया। हरियाणा से चारु एण्ड पार्टी ने माता रानी का गुणगान किया। महेन्द्रगढ़ के हिमांशु जांगड़ा ने गणेश वन्दना के साथ जागरण की शुरूआत की। मंदिर के महंत लालाराम भक्तजी ने माता की ज्योत प्रज्वलित की। जागरण में हिमांशु जांगड़ा ने आजा आजा री ज्वाला मां तेरे भक्तों ने जोत जलाई..., हिमांशी चोधरी सारी दुनिया घुम लिया तेरा पार ना पाया कोई..., मेरे बालाजी महाराज जयकारा गुंजे गली गली..., समेत अनेक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर हनुमान जी महाराज की निकाली गई बहुत ही सुन्दर झांकी के भक्तों ने दर्शन किए।

### चेयरमैन उर्मिला का स्वागत किया

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल व प्रतिनिधि निर्मल पंसारी का पावटा पंचायत समिति में पावटा प्रधान पूजा चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी सहित शहर के गण्यमान्य व्यक्तियों ने नागरिक अभिनंदन किया और उम्मीद जताई कि शहर की पहली चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल शहर के विकास के लिए ठोस योजना बना कर लोगों का सपना जल्द पूरा करेंगे। नपा चेयरमैन का स्वागत करने वालों में सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड, टोरडा गुजरान सरपंच प्रेमनाथ महाराज, भूरी भडाज सरपंच कैलाश स्वामी, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनकड सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नकबजनी की वारदात का पर्दाफाश

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने नकबजनी के एक मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। थाना प्रभारी हितेश शर्मा ने बताया कि विगत 6 मई को ग्राम मोलाहेड़ा में सोणाराम गुर्जर के मकान का अज्ञात चोर जंगला काटकर मकान के अंदर घुसकर बक्शे का ताला तोडकर उसमें रखे जेवरात व 2500 रूपये की नकदी चुराकर ले गये थे। जिस पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए टीम का गठन कर आसपास के लिंक रोडों व अनेक स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मोलाहेड़ा में घटना की रात ग्राम सांगटेड़ा निवासी सुरेश कुमार नामक व्यक्ति ईधर उधर घूम रहा था। जिस पर पुलिस ने उसे दस्तयाब कर सख्ती से पूछताछ की तो उक्त युवक ने घटना कारित करना स्वीकार किया।

### रक्तदान शिविर आज

**निवाई।** आरएनटी गर्ल्स मेमोरियल महाविद्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शिविर संयोजक गोविंदसिंह चौहान ने बताया कि अभयसिंह की पुण्यतिथि पर बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, उपखंड अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा, तहसीलदार प्रांजल कंवर, पुलिस अधिकारी रूद्रप्रकाश शर्मा, थानाधिकारी अजय कुमार एवं निदेशक राजीव तिलोटिया द्वारा विधिवत फीता काटकर किया जाएगा।

# नगरपालिका ने सुलभ शौचालय के एक हिस्से को बंद किया

**सांभरझील, (निसं)।** यहां पांच बत्ती चौराहा के नजदीक आमजन की सुविधा के लिये बनवाया गया सुलभ शौचालय रख रखाव व नियमित साफ सफाई के अभाव में बदत्तर हालत में पहुंच गया है।

महिलाओं व पुरूषों के लिये दो पार्ट में निर्मित सुलभ शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही इसकी नियमित धुलाई व साफ सफाई हो रही है। पालिका प्रशासन ने शौच जाने की सुविधा के एक पार्ट को बोल्ट लगाकर बंद कर दिया है, अब यहां पर केवल इसे मूत्रालय के काम में लेने की सुविधा ही पालिका की ओर से छोड़ी गयी है। पालिका की ओर से शौच जाने वाले एक हिस्से को इस प्रकार से बोल्ट कसकर क्यों बंद कर दिया गया तो इसकी जानकारी करने पर लोगों ने बताया कि साफ सफाई से बचने के लिये इसे बंद कर रखा है, यहां पर महिला शौचालय की भी यहीं स्थिति है, जहां पर माह में एक दो बार ही नाम मात्र की सफाई करवाकर पालिका प्रशासन खानापूर्ति कर रही है, जबकि आमजन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये पांच लाख रूपये इसके लिये विधायक कोष से स्वीकृत हुये थे तथा पालिका को इसकी कार्यकारी एजेंसी बनाया गया था, सुलभ शौचालय के निर्माण के महज कुछ माह बाद से ही इसकी लगातार दुर्गति हो रही है। सुलभ शौचालय अब नाममात्र का इसलिये रह गया है कि यहां पर न हाथ धोने की व्यवस्था है और न शौच के लिये टंकी में पानी भरा हुआ है, अब तो इस शौच जाने की इस सुविधा को भी बंद कर देने से इसका अब कोई औचित्य नहीं रह गया है।



सांभर में पांच बत्ती चौराहा पर सुलभ शौचालय के एक पार्ट को बोल्ट कसकर बंद कर दिया गया है।

- सुविधाओं से दूर-आमजन मजबूर

## तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग

**चाकसू।** तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग को लेकर राजस्थान संयुक्त शिक्षक संघ के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी चाकसू प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को ब्लॉक अध्यक्ष गणेश नारायण यादव के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में अध्यापक ग्रैड थर्ड की नियुक्ति से पहले स्थानांतरण की मांग की है। पिछले साल अगस्त में 85000 शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए आवेदन किया था लेकिन तबादला नीति के चक्कर में स्थानांतरण की प्रक्रिया अटक गई जिससे वर्षों से घर से दूर बैठे अध्यापकों की आस टूट गई। इस ज्ञापन द्वारा सरकार का ध्यानाकर्षण किया जाकर कर निवेदन किया कि सरकार 17 मई तक उपरोक्त विषय पर संवेदनशील रवैया अपनाकर 85000 शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को शुरू करे अन्यथा शिक्षकों को मजबूर होकर 18 मई को राजस्थान शिक्षक संयुक्त मंच के बैनर तले जयपुर में बड़ा आंदोलन महारैली का आयोजन किया जाएगा।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह थाना पुलिस टीम ने जरिए मुखबीर की सूचना पर दौराने गश्त के अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मालपुरा रोड से 12 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर तीन युवकों को गिरफतार कर तीन बाइक जब्त की।

- तीन बाइक व 12 किलो स्मैक जप्त की

जांच अधिकारी लाम्बाहरिसिंह थाना प्रभारी प्रभुसिंह ने बताया कि टोडारायसिंह थाना क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ तस्करी की मिली सूचना पर पुलिस वृत्ताधिकारी सुशील मान के निर्देशानुसार जिला पुलिस टीम की स्पेशल टीम के साथ टोडारायसिंह थाना पुलिस टीम ने दौराने गश्त के मालपुरा रोड पर नांकाबंदी कर गणेश गुर्जर, अजय रेगर व दीपक उर्फ लाला गुर्जर निवासी टोडारायसिंह से की पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर ली गई तलाशी में 12 किलो 400 ग्राम अवैध स्मैक बरामदगी की गई। तीनों युवकों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी प्रभुसिंह को दी गई। जांच अधिकारी ने बताया कि तीनो युवको से मामले को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। अवैध मादक पदार्थ तस्करी के बाद लगातार थाना पुलिस टीमे कार्यवाही कर रही है जो कि आगे भी जारी रहेगी।



पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करते तीन युवक पकड़े।



सिर्फ आपके समर्थकों, गुंडों और ठगों ने हिंसा को अंजाम दिया था, जो शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हमला करने से पहले आपके ऑफिस में आए थे।

- कुमार संगकारा

पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर, पूर्व श्रीलंकाई प्रधानमंत्री महिन्द्रा राजपक्षे के एक ट्विट पर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ सुनील छेत्री



भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को यकीन है कि भारत अगले महीने होने वाला एशियाई कप क्वालीफायर जीतकर अगले साल चीन में होने वाले टूर्नामेंट में जगह पक्की करेगा और करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री भी फिट होकर टीम में वापसी कर रहे हैं। 37 वर्ष के छेत्री छह महीने बाद टीम में लौटेंगे। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर में सैफ चैम्पियनशिप फाइनल में नेपाल के खिलाफ खेला था जब भारत ने 3-0 से जीत दर्ज की थी। स्टिमक ने कहा कि छेत्री पूरी तरह से फिट हैं और टीम की ताकत रहेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** श्रीलंका का गेंदबाज चमिंडावास बांग्लादेश के विरुद्ध मैच की पहली तीन गेंदों पर विकेट लेकर हैट्रिक बनाने वाला पहला गेंदबाज बना।

# लखनऊ को ध्वस्त कर गुजरात प्लेऑफ में



### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिद्धिमान साहा का आवेश बो मोहसिन | 05 | 11 | 1 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 63 | 49 | 7 | 0 |
| मैथ्यू वेड का डिकॉक बो आवेश | 10 | 7 | 2 | 0 |
| हार्दिक पंड्या का डिकॉक बो आवेश | 11 | 13 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर का बडोनी बो होल्डर | 26 | 24 | 1 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 22 | 16 | 4 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 07 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में चार विकेट पर: 144 रन
**विकेट पतन :** 1-8, 2-24, 3-51, 4-103
**गेंदबाजी :** मोहसिन 4-0-18-1, चमीरा 4-0-34-0, आवेश 4-0-26-2, कृणाल 4-0-24-0, होल्डर 4-0-41-1

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डीकॉक का किशोर बो यश | 11 | 10 | 0 | 1 |
| राहुल का साह बो शमी | 8 | 16 | 1 | 0 |
| हुडा का शमी बो रशिद | 27 | 26 | 3 | 0 |
| करण का मिलर बो यश | 4 | 4 | 1 | 0 |
| क्रुणाल स्ट साह बो रशिद | 5 | 5 | 1 | 0 |
| बदोनी स्ट साह बो किशोर | 8 | 11 | 1 | 0 |
| स्टॉयनिस रन आउट | 2 | 2 | 0 | 0 |
| होल्डर पगबाधा बो रशिद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मोहसिन का रशिद बो किशोर | 1 | 3 | 0 | 0 |
| दुष्मांता नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |
| आवेश को साह बो रशिद | 12 | 4 | 0 | 2 |
| **अतिरिक्त :** | 3 | | | |

**कुल :** 13.5 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट
**विकेट पतन :** 1-19, 2-24, 3-33, 4-45, 5-61, 6-65, 7-67, 8-70, 9-70, 10-82
**गेंदबाजी :** मोहम्मद शमी 3-0-5-1, हार्दिक पांड्या 1-0-8-0, यश दयाल 2-0-24-2, अल्जारी जोसफ 2-0-14-0, राशिध खान 3.5-0-24-4, आरसाई किशोर 2-0-7-2

पुणे, 10 मई। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान (24 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 62 रन से धूल चटाते हुए आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया। गुजरात ने चार विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाये और लखनऊ को 135 ओवर में में मात्र 82 रन पर ढेर कर दिया। गुजरात की 12 मैचों में यह नौवीं जीत है और वह 18 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। लखनऊ को 12 मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

गुजरात की पारी में सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल ने सात चौकों की मदद से सबसे ज़्यादा 63 रन बनाये, लेकिन उन्होंने इस निजी स्कोर के लिए 49 गेंदें खेलीं। इसके अलावा ओपनिंग करने उतरे ऋद्धिमान साहा ने 11 गेंदों पर पांच रन, मैथ्यू वेड ने सात गेंदों पर 10 रन और कप्तान हार्दिक पांड्या ने 13 गेंदों पर 11 रन बनाये। डेविड मिलर के 26 (24) और राहुल तेवतिया के 22(16) की बदौलत गुजरात लखनऊ को 145 रन का लक्ष्य दे पाई। लखनऊ की कसी हुई गेंदबाज़ी की बदौलत गुजरात अपनी पारी में सिर्फ़ एक छक्का लगा सकी। सूपरजाइंट्स के तेज़ गेंदबाज़ आवेश ख़ान ने अपने चार ओवरों में 26 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि मोहसिन खान ने अपने चार ओवरों में एक विकेट के बदले 18 रन दिये। कृणाल पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में 24 रन दिये। लखनऊ की इकोनॉमिकल गेंदबाज़ी के बीच महंगे साबित हुए जेसन होल्डर ने 41 रन देकर एक विकेट लिया।

# महिलाओं ने उबर कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

बैंकॉक, 10 मई। भारतीय पुरुषों के बाद अब महिला बैडमिंटन टीम ने भी मंगलवार को उबर कप के ग्रुप-डी के मैच में अमेरिका को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली पीवी सिंधु ने एक बार फिर टीम की अगुवाई करते हुए अमेरिका की जेनी गाई को 21-10, 21-11 से शिकस्त दी। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहले गेम में तेज़ी के साथ 16-4 की लीड ली और 26 मिनट के अंदर ही मुकाबले को समेट दिया।

तनीषा क्रास्टो और ट्रीसा जॉली के युगल ने फ्रांसिस्का कॉर्बेट और एलिसन ली की जोड़ी को 21-19, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई। भारतीय जोड़ी पहले मुकाबले में 5-11 से पीछ चल रही थी लेकिन दोनों ने वापसी कर गेम को अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे गेम में क्रास्टो और जॉली ने 12-0 की बढ़त लेकर मैच को आसानी से 34 मिनट में समाप्त कर दिया।

आकर्षी कश्यप ने एस्थर शी के खिलाफ 21-18, 21-11 से जीतकर भारत को अजेय बढ़त दिलाई, हालांकि अमेरिका की लौरेन लैम और कोडी टैंग ली ने सिमरन सिंघी और रितिका ठाकुर को 12-21, 21-17, 13-21 के सेट में हराकर एक पॉइंट अपने नाम कर लिया। अंत में अस्मिता चालिहा ने नैटली ची को 21-18, 21-13 से हराकर भारत की 4-1 की जीत पर मुहर लगायी।

रविवार को कनाडा और आज अमेरिका को हराकर भारत ने उबर कप ग्रूप डी में दक्षिण कोरिया के साथ टॉप-टू में अपनी सीट पक्की कर ली है। साथ ही भारत ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। ग्रूप टॉपर सुनिश्चित करने के लिए भारतीय महिला टीम बुधवार को दक्षिण कोरिया का सामना करेगी।

इसी बीच, सोमवार को थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित करने वाली भारतीय पुरुष टीम भी 11 मई को चीनी तापेई के खिलाफ ग्रूप सी का अपना आखिरी मैच खेलेगी। भारतीय पुरुष और महिला टीम पिछले साल हुए थॉमस एंड उबर कप 2020 में भी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे।

## तीन टी-20 खेलने सितंबर में भारत आएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

मेलबॉर्न, 10 मई। मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन टी20 खेलने सितंबर में भारत आएगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम की इस सीरीज़ को टी20 विश्व कप की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा है। .

## गुजरात 'निडर' क्रिकेट खेलती है : गावस्कर

कोलकाता, 10 मई। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि आईपीएल 2022 में नवागंतुक टीम गुजरात टाइटन्स अपने पहले ही सीज़न में बेहतरीन प्रदर्शन इसलिये कर रही है क्योंकि वे नतीजों की चिंता किये बिना निडर होकर क्रिकेट खेल रहे हैं। गुजरात टाइटन्स इस समय 11 में से आठ मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल पर दूसरे स्थान पर है और उन्हें प्लेऑफ़ में जगह बनाने के लिए सिर्फ़ एक और जीत की आवश्यकता है। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर गावस्कर ने कहा, गुजरात इतनी आजादी के साथ खेल रही है और वे (खिलाड़ी) निडर हैं। उनके खेल में दुनिया का कोई डर नहीं है और इसलिए वे जीत रहे हैं। बेशक, आप जीतना चाहते हैं। यहां तक कि जब आप अपने ही मैदान में खेल रहे हों, लेकिन हारने का मतलब यह नहीं है कि दुनिया ख़त्म हो गयी, यही वह तरीका है जिसके साथ वे पिच पर कदम रख रहे हैं। वे अपने खेल का आनंद ले रहे हैं और सकारात्मक क्रिकेट खेल रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी लखनऊ सूपरजाइंट्स के ख़िलाफ़ मंगलवार को होने वाले मैच में गुजरात को अपना समर्थन दिया है।

## शापालोव ने इटालियन ओपन में जीत दर्ज की, संहिता का उल्लंघन भी किया

रोम, 10 मई। डेनिस शापोवालोव ने इटालियन ओपन टेनिस के पहले दौर में संहिता का उल्लंघन किया लेकिन लोरेंजो सोनेगो को 7-6, 3-6, 6-3 से हराने में कामयाब रहे । दूसरे सेट में चेयर अंपायर को लाल क्लेकोर्ट पर विरोधी खिलाड़ी की साइड दिखाने के लिये वह नेट के ऊपर से कूद गए थे जो खेलभावना के विपरीत आचरण माना जाता है । अंपायर ने शापोवालोव की सर्विस को बाहर करार दिया था जिससे उनके डबलफाल्ट पर सोनेगो को ब्रेक प्वाइंट मिला । शापोवालोव वह सेट हार गए। उन्होंने हालांकि बाद में अपने आचरण के लिये अंपायर से माफी मांगी। अब उनका सामना जॉर्जिया के निकोलोज बासिलाश्विली से होगा जिन्होंने डेनियल इवांस को 7-6, 6-2 से हराया। तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टान वावरिंका ने रीली ओपेलका को 3-6, 7-5, 6-2 से मात दी । डोमिनिक थियेम को इटली के फेबियो फोगनिनी ने 6-4, 7-6 से हराया । अब उनका सामना हमवतन जानिक सिनेर से हो सकता है। महिला वर्ग में 2020 की चैम्पियन सिमोना हालेप ने एलिजे कोर्नेत को 6-4, 6-4 से हराया जबकि विक्टोरिया अजारेंका ने विक्टोरिया गोलुबिच को 6-3, 6-0 से मात दी। कोको गॉ ने एंजेलिक कर्बर को 6-1, 6-4 से हराया।

# सीएसए ने वापस लिए मार्क बाउचर के खिलाफ दुराचरण के आरोप



जोहानसबर्ग, 10 मई। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पुरुष टीम के मुख्य कोच मार्क बाउचर पर लगे नस्लभेदी मामलों में दुराचरण के आरोपों को औपचारिक तौर पर और पूर्णतया वापस ले लिया है। इस गतिविधि से एक हफ़्ते बाद उनके साथ अनुसूचित अनुशासनात्मक सुनवाई की भी ज़रूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही एसजेएन सुनवाइयों में उनका नाम नस्लभेदी मामलों में आने के बाद सीएसए ने उन्हें अपने पद से हटाने की जो मांग की थी उसे भी ख़ारिज कर दिया गया है।

सीएसए ने पाया कि इन आरोपों के प्रमुख क़िरदार रहे पूर्व सहायक कोच इनॉक अंकवे और बाउचर के टीममेट रह चुके पॉल एडम्स के सुनवाई में आकर बयान ना दिए जाने पर यह आरोप कमज़ोर पड़ चुके थे। उनकी ताक़त और कम हुई जब एक मध्यस्थता प्रक्रिया के बाद पूर्व कप्तान और सीएसए के क्रिकेट निदेशक रहे ग्रीम स्मिथ को भी दुराचरण के आरोपों से बरी कर दिया गया था। बाउचर ने इस फ़ैसले का स्वागत किया और 2023 पुरुष विश्व कप के अंत तक अपने क़रार पर प्रतिबद्ध होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, मेरे ऊपर लगाए गए आरोप पूरी तरह से ग़लत थे और इनसे मुझे बहुत खेद पहुंचा है। पिछले कुछ महीने मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए काफ़ी कठिन थे। मैं ख़ुश हूं कि सीएसए के इस फ़ैसले से इस प्रक्रिया का समाधान हुआ है। मैं अब अपने काम कर ध्यान देना चाहता हूं और पूरी कोशिश करूंगा कि साउथ अफ्रीका एक बार फिर एक सशक्त टीम बन सके। बाउचर का दावा है कि फ़िलहाल टीम के वातावरण में पिछले महीनों का कोई बुरा असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं एक ऐसे ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं जहां हर किसी को शामिल किया जाता है।

# गेंदबाज की परवाह किये बिना रसेल की तरह बल्लेबाजी करनी चाहिए पंत को : रवि शास्त्री





नयी दिल्ली, 10 मई। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऋषभ पंत को टी20 प्रारूप में आंद्रे रसेल की शैली में बल्लेबाजी करनी चाहिए और एक बार प्रवाह में आने के बाद उसे नहीं बदलना चाहिए ताकि वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिये अधिक मैच जीत सकें।

बायें हाथ के बल्लेबाज पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अब तक 11 मैचों में 152.71 के स्ट्राइक रेट से 281 रन बनाए हैं, लेकिन वह अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। इस 24 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने आक्रामक तेवरों की झलक तो दिखाई है लेकिन वह अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका नहीं निभा पाएं हैं। शास्त्री ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा, "मुझे लगता है कि एक बार जब वह प्रवाह में आ जाता है तो उसे उसमें बदलाव नहीं करना चाहिए। उसे खेल के इस प्रारूप में रसेल की शैली में बल्लेबाजी करनी चाहिए।"

उन्होंने कहा, "आपकी निगाहें जम जाती हैं, आप अच्छी तरह से शॉट मार रहे हो तो ज्यादा मत सोचो। यह मायने नहीं रखता कि गेंदबाज कौन है, यदि आपको करारा शॉट लगाना है तो लगाओ। कौन जानता है कि ऐसा करने से आप लोगों की अपेक्षा से अधिक मैच जितवा सकते हो।"

शास्त्री का मानना है टी20 क्रिकेट के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक रसेल को उनका स्पष्ट रवैया अन्य बल्लेबाजों से अलग करता है। ऐसा रवैया पंत के लिये कारगर साबित होगा, जो आक्रामक पारी खेलने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा, "रसेल का रवैया अपने खेल को लेकर स्पष्ट है। जब वह लय में होता है तो उसे रोकना मुश्किल होता है। कोई उसे नहीं रोक सकता। उसके दिमाग में तब कोई नकारात्मक विचार नहीं आता है।" शास्त्री ने कहा, "ऋषभ भी इस तरह से बल्लेबाजी करने में सक्षम है और मुझे लगता कि वह इस तरह से सोचता है क्योंकि आप टी20 क्रिकेट में उससे कुछ विशेष पारियां देखोगे।"

उन्होंने कहा, "वह अच्छी शुरुआत करता है और फिर इस अंदाज में आउट होता है जो उसे पसंद नहीं है। मेरा मानना है कि जब वह प्रवाह में होता है तो उसे उसमें बदलाव नहीं करना चाहिए।" न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी ने कहा कि पंत जब बेखौफ होकर विरोधी गेंदबाजों पर हावी होकर खेलता है तो तब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। विटोरी ने कहा, "ऋषभ पंत जब बेखौफ होकर खेलता है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। जब वह विरोधी टीम पर हावी होकर खेलता है तो हमने उसे कई सर्वश्रेष्ठ पारियां खेलते हुए देखा है।"

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के साथ वापसी करना चाहेगी दिल्ली कैपिटल्स

नवी मुंबई, 10 मई। पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये बुधवार को राजस्थान रॉयल्स को हराने के इरादे से उतरेगी जबकि रॉयल्स जीत की लय को कायम रखना चाहेंगे ।

दिल्ली ने 11 में से छह मैच गंवाये हैं और अंकतालिका में पांचवें स्थान पर होने के बावजूद उनकी प्लेआफ की राह उतनी आसान नहीं है । सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के इतने ही मैचों में दस अंक है । दिल्ली का नेट रनरेट प्लस 0.150 है लेकिन उसे अगले तीनों मैच जीतने होंगे।

दूसरी ओर राजस्थान 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और उसे क्वालीफाई करने के लिये दो ही अंक की जरूरत है । उसका रनरेट भी प्लस 0.326 है जो आखिरी गणना में उपयोगी साबित हो सकता है। इस सत्र में दिल्ली की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रही है । सनराइजर्स को हराने के बाद वह चेन्नई सुपर किंग्स से 91 रन से हार गई ।

डेवोन कोंवे के खिलाफ उसके गेंदबाज बेबस नजर आये और चेन्नई ने चौकों छक्कों की बौछार लगाकर 200 से अधिक रन बना डाले। दिल्ली के गेंदबाजों में कुलदीप यादव ने विकेट लिये हैं लेकिन पिछले दो मैचों में वह काफी महंगे रहे । तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की वापसी से बहुत फर्क नहीं पड़ा क्योंकि वह पिछले सत्रों का प्रदर्शन दोहरा नहीं सके । खलील अहमद जरूर किफायती रहे और अक्षर पटेल ने अच्छी गेंदबाजी की ।

बल्लेबाजी में डेविड वॉर्नर के बल्ले से रन निकले लेकिन उन्हें सलामी जोड़ीदारों से मदद नहीं मिली। दिल्ली पृथ्वी साव से लेकर मनदीप सिंह और श्रीकर भरत को आजमा चुकी है लेकिन वॉर्नर का सही सलामी जोड़ीदार उसे नहीं मिला । दिल्ली के लिये सबसे बड़ी चिंता कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म है । उसने अपने फॉर्म की झलक दिखाई लेकिन टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है ।

रॉयल्स के पास टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है । युजवेंद्र चहल 14 . 50 की औसत से 22 विकेट ले चुके हैं । रविचंद्रन अश्विन , ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। रॉयल्स के लिये सबसे अच्छी बात यह है कि जोस बटलर पर अति निर्भरता नहीं रही है। यशस्वी जायसवाल ने पंजाब के खिलाफ अर्धशतक जमाया। संजू सैमसन और देवदत्त पडिक्कल को बेहतर पारियां खेलनी होगी । टीम को शिमरोन हेटमायेर की कमी खलेगी जो अपने बच्चे के जन्म के कारण गयाना लौट गए हैं ।


**टीमें :** दिल्ली कैपिटल्स: ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बर, डेविड वार्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी सॉव, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी , ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश ढुल, केएस भारत और टिम सीफर्ट।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन, जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुय सिंह, कुलदीप सेन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गरवाल, जेम्स नीशाम, नाथन कूल्टर-नाइल, रासी वैन डेर डूसन, डेरिल मिचेल। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## शाकिब कोविड से संक्रमित, श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

ढाका, 10 मई। बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का मंगलवार को कोविड-19 के लिये किया गया परीक्षण पॉजिटिव आया है जिससे वह श्रीलंका के खिलाफ 15 मई से चटगांव में शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार टीम से जुड़ने से पहले शाकिब के पीसीआर और 'रैपिड एंटीजन' परीक्षण करवाये गये जो पॉजिटिव आये हैं।


**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पीताजी **श्री पोखर मल** सिंघल का स्वर्गवास दिनांक 9.5.22 को हो गया है तीये की बैठक दिनांक 11.5.22 को दोपहर 2-4 बजे तक ग्राम बालियाँवाला उर्फ़ हरचंदपुरा सिंघलो की धाणी में रखीं गयीं है।

**शोकाकुल-** जयनारायण, छोटू, घासी, जगदीश, गेंदीलाल (भाई) हनुमान, जगदीश, लक्ष्मीनारायन, राजकुमार, बद्री, रामफूल, सीताराम, कजोड, प्रह्लाद (पुत्र) सुमित, अशोक, मोहन, राकेश, शुभम, गणेश, संजू (पोत्र) समस्त सिंघल परिवार। 919828638269



**कार्यालय ग्राम पंचायत दानपुरा**
**पंचायत समिति गिडा-बाड़मेर**

क्रमांक/ग्रा.प.दानपुरा/पं.स.गि./मनरेगा/निविदा/2022-23/16 दिनांक : 05.05.22

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2022-23**

ग्राम पंचायत दानपुरा, पंचायत समिति गिडा में महात्मा गांधी नरेगा योजना व पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न अनुमत योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रोक्यूरमेंट हेतु ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No :- PLP2223GLRC00009

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत दानपुरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत जाखडा**
**पंचायत समिति गिडा-बाड़मेर**

क्रमांक/ग्रा.प.जाखडा/पं.स.गि./मनरेगा/निविदा/2022-23/14 दिनांक : 05.05.22

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2022-23**

ग्राम पंचायत जाखडा, पंचायत समिति गिडा में महात्मा गांधी नरेगा योजना व पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न अनुमत योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रोक्यूरमेंट हेतु ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No :- PLP2223GLRC00007

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत जाखडा

**कार्यालय ग्राम पंचायत हीरा की ढाणी**
**पंचायत समिति गिडा-बाड़मेर**

क्रमांक/ग्रा.प.हीरा की ढाणी/पं.स.गि./मनरेगा/निविदा/2022-23/21 दिनांक : 05.05.22

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2022-23**

ग्राम पंचायत हीरा की ढाणी, पंचायत समिति गिडा में महात्मा गांधी नरेगा योजना व पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न अनुमत योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रोक्यूरमेंट हेतु ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No :- PLP2223GLRC00008

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत हीरा की ढाणी

**कार्यालय ग्राम पंचायत खारडा भारतसिंह**
**पंचायत समिति गिडा-बाड़मेर**

क्रमांक/ग्रा.प.खारडा भारतसिंह/पं.स.गि./मनरेगा/निविदा/2022-23/25 दिनांक : 05.05.22

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2022-23**

ग्राम पंचायत खारडा भारतसिंह, पंचायत समिति गिडा में महात्मा गांधी नरेगा योजना व पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न अनुमत योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रोक्यूरमेंट हेतु ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No :- PLP2223GLRC00010

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत खारडा भारतसिंह



प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए) **कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/5320-21 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-22.03.2022

श्री जय नारायण, राजेश कुमार पुत्रगण श्री जगदीश प्रसाद, निवासी-वार्ड नं.34, अडावा, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.34 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री महेन्द्र चौहान व प्लाट श्री कपिल चौहान का, पश्चिम में आम रास्ता उत्तर में आवास श्री श्याम लाल खटीक का, एवं दक्षिण में आवास श्री चिरंजीलाल चौहान का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 59'-7", दक्षिणी भुजा 61'-0" उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 39'-9" एवं पश्चिमी भुजा 39'-3" होकर कुल रकबा 221.16 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.03.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/5320-21 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-22.03.2022

श्री श्याम लाल खटीक पुत्र श्री हरी नारायण खटीक, निवासी-वार्ड नं.34, अडावा, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.34 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री अमन चौहान का, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में आवास श्री जय नारायण श्री राजेश चौहान का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तर भुजा 60'-1", दक्षिणी उत्तरी भुजा 60'-1", दक्षिणी भुजा 59'-7" एवं उत्तर-दक्षिण 40'-4" होकर कुल रकबा 224.34 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.03.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/684-85 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-10.05.2022

श्री फूल चन्द चौहान, पुत्र स्व.श्री राम गोपाल चौहान, निवासी-वार्ड नं.35, अडावा, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 35 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में जलदाय विभाग का पानी का टैंक, पश्चिम में प्लाट श्रीमती कौशल्या देवी चौहान का व आगे भूमि खसरा नम्बर 1017, उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में प्लाट श्री हंसराज चौहान का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 25'-2", दक्षिणी भुजा 31'-0", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 32'-5" एवं पश्चिमी भुजा 26'-8"+7'-7" होकर कुल रकबा 75.49 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10.05.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/5387-88 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-22.03.2022

श्री अमन चौहान पुत्र श्री सागर मल चौहान निवासी-वार्ड नं.34, अडावा, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 34 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री हरदेव प्रसाद चौहान का, पश्चिम मे प्लाट श्री कपिल चौहान का उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में आवास श्री राजकुमार चौहान का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 40'-0" व दक्षिणी भुजा 39'-8", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 60'-6" व पश्चिमी भुजा 60'-7" होकर कुल रकबा 224.03 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22.03.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/24-25 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-01.04.2022

श्री कपिल चौहान पुत्र श्री श्याम लाल चौहान निवासी-वार्ड नं.34, अडावा, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 34 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाऐं पूरब में आवास श्री अमन चौहान का, पश्चिम में आवास श्री जय नारायण, श्री राजेश चौहान का व आवास श्री श्याम लाल खटीक का, उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में आवास श्री महेन्द्र चौहान व आवास श्री राजकुमार चौहान का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 42'-10" दक्षिणी भुजा 40'-6" एवं उत्तर-दक्षिण, पूर्वी भुजा 64'-3" एवं पश्चिमी 60'-0' होकर कुल रकबा 239.99 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02.04.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

# ‘दुनिया में हर दसवें सैकेंड एक मौत शराब सेवन के कारण हो रही है’

## डब्ल्यु.एच.ओ. ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि, अमेरिका जैसे कई विकसित देशों में भी शराब कंपनियां सोशल मीडिया व अन्य तरीके से धड़ल्ले से शराब का प्रचार कर रही हैं

- डब्ल्यु.एच.ओ. के अनुसार ऐसा नहीं है कि, सिर्फ उम्रदराज लोग ही शराब सेवन के दुष्प्रभावों का शिकार हो रहे हैं, कुल मौतों में से 13.5 प्रतिशत मौतें 20 से 39 साल के आयुवर्ग के लोगों की होती हैं।
- मुख्य तौर पर फिल्में और धारावाहिक ही शराब सेवन को बढ़ावा दे रहे हैं तथा शराब कंपनियां स्पोर्ट्स कार्यक्रमों को स्पॉन्सर करके भी अपने प्रोडक्ट्स को धड़ल्ले से एन्डोर्स कर रही हैं।

नई दिल्ली / जेनेवा, 10 मई (वार्ता)। वल्ड हैल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यु.एच.आ.) ने अल्कोहल नियंत्रण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग पर बल देते हुए कहा है कि शराब पीने से हर 10 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत हो रही है और संबंधित कंपनियां युवाओं तथा नशे के आदी लोगों को निशाना बना रही हैं।

शराब की बाजार तकनीकों पर जारी एक नयी रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि दुनिया भर में, हर साल 30 लाख लोग शराब के हानिकारक उपयोग के परिणामस्वरूप मर जाते हैं। हर 10 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत शराब का सेवन करने से हो रही है। दुनिया भर में हर साल कुल मौतों में से पांच प्रतिशत मौत अल्कोहल का सेवन करने से होती हैं। रिपोर्ट के अनुसार अल्कोहल से संबंधित मौतों में युवाओं का अनुपात 13.5 प्रतिशत है। इनकी आयु 20-39 वर्ष के बीच है। ये मौतें कैंसर, लीवर तथा अन्य शारीरिक जटिलताओं और सड़क दुघर्टना से होती हैं।

डब्यू.एच.ओ. ने कहा है कि अल्कोहल की ऑनलाइन मार्केटिंग तकनीकों के प्रभावी विनियमन की आवश्यकता है। शराब की ऑनलाइन मार्केटिंग युवा लोगों और अधिक शराब पीने वालों को लक्षित करती है, जो अक्सर उनके स्वास्थ्य की हानिकारक होता है।

अल्कोहल के सेवन के नियंत्रण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग पर बल देते हुए डब्यू.एच.ओ. ने कहा है कि शराब की डिजिटल मार्केटिंग सीमा पार से होती है। इसमें लक्षित देश की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का ध्यान नहीं रखा जाता है। जिससे इसके प्रभाव अनुमान से परे होते हैं।

डब्यू.एच.ओ. के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयसस ने कहा, शराब युवाओं, उनके परिवारों और समाज, उनके जीवन और क्षमता खत्म करती है। उन्होंने कहा कि शराब नियंत्रण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था बेहद कमजोर है। अल्कोहल मार्केटिंग का बेहतर, अच्छी तरह से लागू और अधिक सुसंगत विनियमन दुनिया भर में युवा जीवन को बचाएगा और सुधारेगा।

रिपोर्ट के अनुसार अल्कोहल के लिए सोशल मीडिया पर लक्षित विज्ञापन विशेष रूप से प्रभावी है। वर्ष 2019 में अमेरिका में प्रमुख अल्कोहल कंपनियों के मीडिया खर्च का 70 प्रतिशत से अधिक प्रचार, उत्पाद प्रदर्शन और सोशल मीडिया में ऑनलाइन विज्ञापनों पर था। विश्व स्वास्थ्य संगठन में अल्कोहल, ड्रग्स और एडिक्टिव बिहेवियर इकाई के डैग रेकवे ने कहा कि डिजिटल मीडिया के बढ़ते महत्व का मतलब है कि शराब की मार्केटिंग तेजी से सीमा पार हो गई है। यह उन देशों के लिए और अधिक कठिन है जो शराब विपणन को अपने अधिकार क्षेत्र में प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस क्षेत्र में देशों के बीच अधिक सहयोग की जरूरत है।


रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख खेल आयोजनों में अन्तर्राष्ट्रीय अल्कोहल कंपनियों द्वारा उपयोग की जाने वाली एक अन्य महत्वपूर्ण रणनीति है। इस तरह के आयोजन नए दर्शकों के लिए अपने ब्रांड के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं। इसके अलावा, अल्कोहल उत्पादक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में दर्शकों और संभावित उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए स्पोर्ट्स लीग और क्लबों के साथ साझेदारी करते हैं।

फिल्मों और धारावाहिकों में उत्पाद प्रदर्शन के लिए कई अन्तर्राष्ट्रीय चैनलों पर तालमेल किए जाते हैं। वर्ष 1996 और 2015 के बीच बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 100 अमेरिकी फिल्मों के विश्लेषण के अनुसार, उनमें से लगभग आधे में ब्रांडेड शराब दिखाई गई थी।

शराब विनियमन की कमी बच्चों और किशोरों, महिलाओं और भारी शराब पीने वालों के लिए विशेष रूप से प्रभावित करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि कम उम्र में शराब पीना शुरू करना युवा वयस्कता और उसके बाद खतरनाक शराब पीने का एक पूर्वसूचक है। इसके अलावा, किशोरों को शराब के सेवन से नुकसान होने की अधिक संभावना होती है। दुनिया के युवा और बढ़ती आबादी वाले क्षेत्रों, जैसे कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को विशेष रूप से लक्षित किया जा रहा है। शराब उत्पादन और बिक्री के लिए महिलाओं में शराब की खपत एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। दुनिया में शराब का तीन चौथाई हिस्सा पुरुषों सेवन करते हैं। शराब कंपनियां महिलाओं की शराब पीने की दर को अपने बाजार को विकसित करने के अवसर के रूप में देखती हैं। अक्सर महिलाओं द्वारा शराब पीने को सशक्तिकरण और समानता के प्रतीक के रूप में दर्शाया जाता है। वे स्तन कैंसर और घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल का आयोजन करती हैं और शराब के ब्रांडों को बढ़ावा देने के लिए खेल या कला जैसे क्षेत्रों में अपनी सफलता के लिए जानी जाने वाली महिलाओं के साथ जुड़ती हैं।

डब्यू.एच.ओ. 2018 के एक अध्ययन में, यह पाया गया कि, अधिकांश देशों में पारंपरिक मीडिया में शराब के विज्ञापन के लिए कई प्रकार के नियम हैं जबकि लगभग आधे में इंटरनेट और सोशल मीडिया इसके लिए कोई विनियमन नहीं है।



*प्रख्यात संतूर वादक और पद्‌म विभूषण से सम्मानित पंडित शिवकुमार शर्मा का मंगलवार को मुंबई में निधन हो गया, वे 84 साल के थे। वर्ष 1955 में, मुम्बई पंडित शिव कुमार शर्मा ने संतूर पर शास्रीय संगीत बजाया था, और ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय थे। उन्होंने संतूर को भारतीय शास्रीय वाद्य बनाने में अहम योगदान दिया। उन्हें वर्ष 1986 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 1991 में पद्‌मश्री तथा 2001 में पद्‌म विभूषण सम्मान दिया गया। पंडित शर्मा का पहला एकल एल्बम 1960 में आया। उनके फिल्मी करियर की शुरुआत 1955 में वी शांताराम की हिन्दी फ़िल्म झनक-झनक पायल बाजे में बैक ग्राउण्ड म्यूज़िक देने के साथ हुई, पर बहुत कम लोग जानते हैं कि वे तबला भी बजाते थे और गाइड फिल्म के शास्रीय संगीत आधारित गीत, ''मोसे छल किए जाए'' में उन्होंने तबला बजाया था। वर्ष 1967 में उन्होंने हरिप्रसाद चौरसिया के साथ जोड़ी बनाई बाद में दोनों शिव-हरि के नाम से फिल्मों में संगीत देने लगे। इसकी शुरुआत सिलसिला (1981) से हुई। बाद में इस जोड़ी ने फासले (1985), चांदनी (1989), लम्हे (1991) और डर (1993) जैसी कई हिट फिल्मों के लिये संगीत दिया, जो बेहद लोकप्रिय हुआ।*

# चीन की कंपनियों ने पाकिस्तान को बिजली गुल करने की धमकी दी

## चीन की कंपनियों ने कहा, हमारा 300 अरब डॉलर का भुगतान नहीं किया गया तो यही अंजाम भुगतना होगा

- इस धमकी से डरकर पाकिस्तान की सरकार ने चीन की कंपनियों से एक महीने की मोहलत मांगी है और कहा है कि, हम एक महीने में पूरा भुगतान कर देंगे।

इस्लामाबाद, 10 मई। पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सी.पी.ई.सी.) परियोजना के तहत काम कर रही चीन की करीब 25 कंपनियों ने 300 अरब डॉलर का भुगतान नहीं मिलने पर इस महीने अपना परिचालन बंद करने की चेतावनी दी है। ‘डॉन’ अखबार के अनुसार, पाकिस्तान के योजना और विकास मंत्री अहसान इकबाल की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक के दौरान चीन के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों (आई.पी.पी.) ने यह बात कही है। इस दौरान, सी.पी.ई.सी. परियोजना के तहत ऊर्जा, संचार, रेलवे जैसे क्षेत्रों में काम कर रही चीन की 30 कंपनियों भी मौजूद रहीं। बैठक के दौरान बिजली का उत्पादन करने वाली कंपनियों ने 300 अरब पाकिस्तान रुपये (15,95,920,800 डॉलर) का भुगतान नहीं मिलने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। चीन की स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लगभग 25 प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनका भुगतान नहीं किया जाएगा, तो वे कुछ दिन के भीतर काम करना बंद कर देंगे।

सूत्रों ने डॉन को बताया कि चीनी अधिकारियों ने जटिल वीजा प्रक्रियाओं, कराधान आदि से संबंधित शिकायतें ज्यादा रखीं। पाकिस्तानी पक्ष की ओर से भी जवाबी शिकायतें रखी गईं, जिसमें खासतौर पर संचार में देरी का मुद्दा उठाया गया। चीनी स्वतंत्र बिजली उत्पादकों (आई.पी.पी.) के लगभग 25 प्रतिनिधियों ने अपने बकाया के बारे में शिकायत की और चेतावनी दी कि अग्रिम भुगतान नहीं मिलने पर वे कुछ दिनों के भीतर काम बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी गर्मी के मौसम में बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन को अधिकतम करने के लिए दबाव डाल रहे हैं, लेकिन हमारे लिए यह असंभव है। उन्होंने शिकायत की कि ईंधन की कीमतें, विशेष रूप से कोयले की कीमतों में तीन से चार गुना वृद्धि हुई है, जिसका अर्थ है कि उन्हें ईंधन की व्यवस्था करने के लिए तीन से चार गुना अधिक पैसा दिया जाना चाहिए। कोयला उत्पादकों में से एक ने बताया कि कोयले के कम स्टॉक के कारण यह आधी क्षमता पर काम कर रहा है।

# 13 मई को दोपहर बाद शुरू होगा कांग्रेस का चिंतन शिविर

## हवाई जहाज से आएंगी सोनिया गांधी, रेल से पहुंचेगे राहुल

- तीन दिन 6 बिंदुओं पर चर्चा करेंगे कांग्रेस नेता, अन्त में यह एजेण्डा सी. डब्ल्यु. सी. द्वारा पारित किया जायेगा।

जयपुर, 10 मई (का.प्र.)। कांग्रेस पार्टी का नव संकल्प शिविर 13से लेकर 15 मई तक आयोजित होगा, जिसमें प्रमुख तौर पर 6 बिंदुओं पर पार्टी के नेता और पदाधिकारी चर्चा कर अपनी बात रखेंगे। इसके आधार पर पार्टी की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। शिविर में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी हवाई जहाज से तो राहुल गांधी ट्रेन से उदयपुर पहुंचेंगे। यह जानकारी राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी अजय माकन ने दी।

शिविर की तैयारियों का जायजा लेने उदयपुर पहुंचे माकन ने बताया कि कांग्रेस के तीन दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी 13 मई को सुबह उदयपुर पहुंचेंगे और दोपहर बाद शिविर का विधिपूर्वक आगाज होगा। माकन ने बताया कि इस तीन दिवसीय चिंतन बैठक में 400 से ज्यादा नेता शामिल होंगे। शिविर का नाम नव संकल्प शिविर रखा गया है। माकन ने बताया कि 13 मई से ही इस चिंतन बैठक की शुरुआत होगी, जिसमें अलग-अलग दिन अलग विर्ष्रियों पर चर्चा होगी। ऐसे में 3 दिन की बैठक के आखिरी दिन पूरा एजेंडा वर्किंग कमेटी के सामने रखा जाएगा।

शिविर की तैयारियों को लेकर प्रभारी अजय माकन और प्रदेशअध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी उदयपुर पहुंचे हैं। इस दौरान माकन और डोटासरा एयरपोर्ट से शहर के सहेलियों की बाड़ी स्थित एसआईआरटी सभागार पहुंचे। वहां उन्होंने उदयपुर शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक में भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए माकन ने कहा कि इस तीन दिवसीय चिंतन बैठक में पार्टी के नेता गहन मंथन और विचार करेंगे। देश में कांग्रेस पार्टी को किस तरह से आगे ले जाया जाए, कांग्रेस पार्टी के संगठन के अंदर किस प्रकार से संगठनात्मक परिवर्तन किए जाए आदि पर चर्चा की जाएगी।

# चार भारतीय पत्रकारों को मिला पुलित्ज़र पुरस्कार

- इनमें, अफगानिस्तान में सेना व तालिबान के बीच संघर्ष की रिपोर्टिंग के दौरान जान गंवाने वाले पत्रकार दानिश सिद्दीकी भी शामिल हैं।
- सिद्दीकी को 2018 में भी पुलित्ज़र से सम्मानित किया गया था।

न्यूयॉर्क, 10 मई (वार्ता)। पत्रकारिता के क्षेत्र में अमेरिका के सर्वोच्च सम्मान पुलित्ज़र पुरस्कार 2022 से चार भारतीयों को नवाज़ा गया है और इनमें अफगानिस्तान में पिछले साल सेना और तालिबान के बीच संघर्ष को कवर करने के दौरान मारे गये फोटोजर्नलिस्ट दानिश सिद्दीकी को भी शामिल किया गया है। संगठन की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार सोमवार को घोषित पुरस्कारों मे चार भारतीय पत्रकारों अदनान, आबिदी, सना इरशाद माट्टो, अमित दवे और दानिश सिद्दीकी का नाम शामिल है। भारत में कोविड के कारण हुई तबाही पर लिखे गये लेखों के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सिद्दीकी पिछले साल अफगान सेना और तालिबान के बीच अफगानिस्तान में कंधार के स्पिन बोलदाक डिस्ट्रिक में हुई झड़पों को कवर करने के लिए भेजा गया था। सिद्दीकी को इससे पहले रोहिंग्या समस्या को दिखाने के लिए 2018 में भी पुलित्ज़र पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके साथ ही ब्रेकिंग न्यूज फोटोग्राफी का पुरस्कार लॉस एंजेल्स टाइम्स के मार्कस यान ने जीता। ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग का पुरस्कार मियामी हेराल्ड ने जीता। जनसेवा वर्ग में जनवरी छह को हुए हमले के कारण, इसकी कीमत और उसके प्रभावों के मामलों को कवर करने वाले द वाशिंगटन पोस्ट ने पुरस्कार हासिल किया। पुलित्ज़र बोर्ड ने रूसी हमले के बीच साहस, प्रतिबद्धता और जबरदस्त सहनशीलता का परिचय देते हुए काम करने वाले यूक्रेनी पत्रकारों को विशिष्ट पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## हिन्दू अल्पसंख्यक

- सुप्रीम कोर्ट ने हिन्दुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने के लिए केन्द्र को तीन महीने का समय दिया।

नई दिल्ली, 10 मई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र को उन राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाने के मामले में राज्य सरकारों के साथ परामर्श करने के लिए तीन महीने की मोहलत प्रदान कर दी, जहां उनकी जनसंख्या अन्य समुदायों के मुकाबले कम है।

न्यायालय ने केंद्र से कहा कि ये ऐसे मामले हैं, जिन्हें सुलझाए जाने की जरूरत है।

हर चीज पर न्यायिक निर्णय नहीं सुनाया नहीं जा सकता।केंद्र की तरफ से पेश हुए वकील द्वारा न्यायालय से इस मामले से दूर रहने की मांग किए जाने पर न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अगुवाई वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने यह टिप्पणी की।

# ‘मेरा पुलिस प्रशासन से गंभीर प्रश्न है कि रोहित जोशी मामले में एफ.आई.आर. राजस्थान पुलिस ने क्यों नहीं दर्ज की?’

## कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने लिखा कि, राजस्थान पुलिस को पीड़िता व उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करवानी चाहिए तथा पुलिस को त्वरित एक्शन लेना चाहिए था

- ‘हमारी सरकार बहुत संवेदनशील है, लेकिन पुलिस को त्वरित एक्शन लेना चाहिए। इस केस ने राजस्थान पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।’
- पार्टी के अंदर बन रहा है, जलदाय मंत्री के इस्तीफे का दबाव।

जयपुर, 10 मई (का.प्र.)। राजस्थान के जलदाय मंत्री महेश जोशी के बेटे रोहित जोशी के खिलाफ दिल्ली के सदर बाजार थाने में रेप का केस दर्ज होने के बाद ओसियां से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व जलदाय मंत्री महिपाल मदेरणा की बेटी दिव्या मदेरणा ट्विटर पर राजस्थान पुलिस पर सवाल उठाते हुए रोहित जोशी के खिलाफ और पीड़िता के पक्ष में उतरी है। दिव्या मदेरणा ने चार ट्वीट कर राजस्थान पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है तथा पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने राजस्थान में केस दर्ज नहीं करने पर भी सवाल उठाए हैं।

दिव्या मदेरणा ने अपने ट्वीट में राजस्थान पुलिस को टैग करते हुए लिखा है कि ''राजस्थान सरकार ने 1 जून 2019 से थानों में मामला दर्ज नहीं करने पर एसपी ऑफिस में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने फरियादी का मामला दर्ज करने से मना करने पर संबंधित थानेदार के खिलाफ विभागीय जांच करने के भी निर्देश दिए थे। सदर बाजार थाने में दर्ज जीरो नंबर एफआईआर अभी जांच के अधीन है। मेरा पुलिस प्रशासन से गंभीर प्रश्न है कि यह एफआईआर राजस्थान पुलिस ने क्यों नहीं दर्ज की? दिव्या ने लिखा है कि एफआईआर दर्ज करने से मना करने वाले थानेदार के खिलाफ डीजीपी को तत्काल विभागीय जांच के आदेश देने चाहिए।''

एक अन्य ट्वीट में लिखा गया है कि डीजीपी और राजस्थान पुलिस को पीड़िता व उसके परिवार को उनके राजस्थान के पैतृक निवास पर सुरक्षा उपलब्ध करवानी चाहिए। हमारी सरकार बहुत संवेदनशील है, लेकिन पुलिस को त्वरित एक्शन लेना चाहिए। इस केस ने राजस्थान पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा के पिछले बजट सत्र के दौरान भी दिव्या मदेरणा ने जलदाय विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान मंत्री महेश जोशी को घेरते हुए क्षेत्र में पानी के कामों में भेदभाव बरतने और विधायक की राय नहीं लेने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि जलदाय मंत्री महेश जोशी शहर से आते हैं, ग्रामीण क्षेत्र की पानी की समस्या जानते भी नहीं है। अफसर विभाग चला रहे हैं, मंत्री तो रबर स्टैंप हैं।

दरअसल दिव्या मदेरणा के महेश जोशी के बेटे के खिलाफ और पीड़िता के पक्ष में खड़े होने को अब जलदाय मंत्री पर उनकी ही पार्टी में बनाए जा रहे दबाव के रूप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि यदि कांग्रेस में ही इस तरह की आवाजें उठेंगी तो महेश जोशी पर इस्तीफा देने का दबाव बनेगा।

कहा यह भी जा रहा है कि कांग्रेस से जुड़े कुछ नेताओं ने इस पूरे मामले को लेकर आलाकमान को भी अवगत कराया है और कुछ सूचनाएं भेजी है। वैसे भी 13 मई से राजस्थान के उदयपुर में शुरू हो रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर से पहले भाजपा भी इस मामले को बड़ा मुद्दा बना सकती है। ऐसे में कांग्रेस के नेताओं से चिंतन शिविर के दौरान भी इस मामले पर सवाल पूछे जा सकते हैं। ऐसे में देखना यह है कि क्या इस मामले को लेकर जलदाय मंत्री महेश जोशी इस्तीफे की पेशकश करते हैं या फिर मुख्यमंत्री उनसे इस्तीफा मांगते हैं।

## ताईवान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जरूरी मानती थी, उसने क्वारंटीन के दिन भी अब कम दिये हैं तथा लोग अब अपने नजदीकी सम्पर्कों को मानने एवं निभाने लगे हैं। यह परिवर्तन इस साक्ष्य की स्वीकृति का परिचायक है कि अत्यधिक संक्रमण वाला ऑमिक्रॉन वैरिएन्ट, पहले वाले वायरसों की तुलना में कम घातक है। अब तक हुये नये संक्रमणों मे से 99.7 प्रतिशत से ज्यादा संक्रमण मध्यम दर्जे के तथा असिम्प्टोमैटिक रहे हैं।

# चीन की ''वैक्सीन डिप्लोमैसी''...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अग्रणी बन गया था। बीजिंग ने दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका जैसे क्षेत्रों में बड़ी तत्परता से वैक्सीन डोज़ सप्लायी किए और चीन की तीनों फार्मा कम्पनियों ने दिसम्बर 2020 से मार्च 2021 तक फायज़र कम्पनी से अधिक वैक्सीन्स निर्यात की।

यह फेज़ आंशिक था क्योंकि विकासशील देशों के लिए चीन निर्मित वैक्सीन्स ही एकमात्र विकल्प थी और अमेरिका तथा यूरोप के देशों ने बड़ी संख्या में वैक्सीन के डोज़ अपने खुद के नागरिकों के लिए सुरक्षित कर रखे थे। जहां तक बात निर्यात की है तो फायज़र कम्पनी निर्मित वैक्सीन ने चीन की वैक्सीन्स को पीछे छोड़ दिया था, लेकिन सितम्बर 2021 में चीन की वैक्सीन्स फिर से शीर्ष पर आ गईं। चीन के राष्ट्रपति शी जिंनपिंग ने शेखी बघारते हुए कहा था कि उनका देश कोविड-19 के विरूद्ध वैश्विक लड़ाई में अपना योगदान दे रहा है, लेकिन यह गतिशीलता अधिक समय तक नहीं रही।

बसंत ऋतु के बाद से ओमिक्रॉन वेरिएंट का तेजी से प्रसार एक बड़ा कारक रहा है, जैसा कि चीन के स्वास्थ्य अधिकारी भी मानते हैं कि चीनी वैक्सीन्स ओमिक्रॉन के विरूद्ध इतना असरकारक नहीं रही हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग व अन्य द्वारा मार्च में प्रकाशित एक पेपर में 4 हजार 4 सौ लोगों के बारे में एक अध्ययन है। ये लोग हांगकांग में वैक्सीन के दो डोज़ लगवाने के बाद संक्रमित हो गए थे। अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों के सिनोवैक वैक्सीन लगी थी वे फायज़र वैक्सीन की तुलना में तीन गुना अधिक संक्रमित हुए थे।

विशेषज्ञों का कहना है कि इनऐक्टिवेटेड वैक्सीनें, जो चीन उत्पादित वैक्सीनों का बहुत बड़ा हिस्सा है, नवीनतर एम.आर.एन.ए. तकनीक पर आधारित वैक्सीनों की माँग में कमी आ रही है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ''अवर वर्ल्ड इन डाटा प्रोजेक्ट'' के अनुसार, इस समय 1.05 करोड़ खुराकें रोजाना दी जा रही हैं, जो पिछले साल के अंतिम दिनों में दी जाने वाली खुराकां से 71 प्रतिशत कम हैं।

''एयरफिनिटी'' के मुख्य विश्लेषक मैट लिनली का कहना है, ''चूँकि ओमिक्रॉन वैरिएंटों के कारण ज्यादा गंभीर बीमारी नहीं फैल रही, इसलिये लोग ज्यादा खुराकों के पीछे नहीं भाग रहे हैं।'' फिर भी चीनी वैक्सीन क नियग्रत में गिरावट आश्चर्यजनक है। चीन में वैक्सीनेशन की दर बहुत ऊँची है, इसलिये ऐसा नहीं है कि उसके पास निर्यात के लिये पर्याप्त वैक्सीन नहीं हैं।

अब चीन के अलावा, अन्य एशियाई देशों में नये संक्रमण कम होते जा रहे हैं। चीन के शंघाई जैसे नगरों में, सूचनाओं के अनुसार यह बीमारी बहुत फैल रही है। डालियान के एक युवक जिसकी उम्र 30 वर्ष से कम ही होगी, ने कहा, ''इसका एक कारण तो यह है कि चीन मुख्य क्षेत्र में, केवल घरेलू वैक्सीनों, जो कम असररदार हैं, को ही अनुमोदन मिला है।

## 4 बच्चे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

सूरसागर थानाधिकारी गौतम डोटासरा ने बताया कि मंगलवार की सुबह आठ नौ बजे के बीच सूचना मिली कि काली बेरी की पत्थर की खान में भरे पानी के बाहर कुछ बच्चों के जूते व कपड़े पड़े हैं।

बच्चों की डूबने की आशंका के बीच गोताखोरों को बुलाया गया। एक बच्चे का शव पानी में पहले दिखाई दे गया था। इस बीच बच्चों के परिवार के लोग भी जमा हो गए।

**सोमवार की दोपहर में निकले थे बच्चें :** थानाधिकारी डोटासरा ने बताया कि बच्चें सोमवार की दोपहर से निकले हुए थे। परिवार के लोग मोहल्ले में चल रही एक शादी समारोह में व्यस्त थे। इस बीच वे कब घर से निकले उन्हें पता नहीं चला। आज सुबह एक शव पानी में नजर आने पर अन्य की तलाश की गई। इनकी पहचान पूनमचंद, युवराज पुत्रान रमेश भील एवं टीकम - गोपाल पुत्रान गोविंद भील के रूप में की गई है।

# ‘पार्टी खड़ी करने की दृष्टि से मैं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके उद्‌भव के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में किशोर ने महसूस किया कि विदेश नीति पर मोदी की पकड़ और विदेशों के प्रति भारत का दृष्टिकोण उनकी स्वयं की उपलब्धि रही है। जनता भी ऐसा महसूस करती है कि मोदी के कारण भारत की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रही है।

क्या ये धारणाएं जैसे कि विदेश नीति दृष्टिकोण किसी पार्टी की चुनावी संभावनाओं को बदलने में वास्तव में मायने रखती हैं? किशोर का मानना है कि अधिकांश लोग यह कह रहे हैं कि भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और यह तथ्य उनकी छवि को परिलक्षित करता है। उन्होंने महसूस किया कि मोदी आर.एस.एस. प्रचारक से एक सामाजिक कार्यकर्ता और सीनियर राजनेता रहने के कई चरणों के दौरान बहुत परिपक्व हुए हैं।

किशोर ने वर्तमान में जिन नेताओं के साथ काम किया है उनमें से वह किसी को भी संयुक्त विपक्ष का मुख्य चेहरा नहीं मानते। उन्होंने माना कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के लिए अब भी सबसे बड़ी चुनौती है। जब उनसे यह स्पष्ट करने को कहा गया कि भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती कौन है-कांग्रेस या आप, तो किशोर ने बिना पलक झपकाए जवाब दिया कि ''वह कांग्रेस है ना कि आप।''

उन्होंने माना कि कांग्रेस की विफलता का कारण उसकी विचारधारा है। वह अब भी इसमें उलझी है कि वह सबसे अधिक समय तक सत्ता में रह चुकी पार्टी है तथा सबसे अच्छा शासन करना वही जानती है। कांग्रेस को एक बार फिर से प्रासंगिक बनने के लिए अपनी मनोस्थिति को बदलना होगा।

एक राजनीतिक रणनीतिकार के रूप में उन्होंने महसूस किया कि एक सफल राजनीतिक व चुनावी अभियान के लिए चार कानून महत्वपूर्ण है।

प्रथम जरूरत एक ऐसी सोच निर्मित करने की है जो जनता के फीडबैक पर आधारित हो। दिल्ली या पटना में बैठकर कोई भी यह नहीं जान सकता कि जनता के मन में क्या है। इसके लिए आपको लोगों के पास जाना होगा। उन्होंने जिक्र किया कि बिहार में प्रशासन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा ''पक्के नाले'' का निर्माण है जबकि बंगाल में सबसे महत्वपूर्ण डिमांड जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करना है।

दूसरा कारक अपनी बात और संदेश को आगे पहुंचाने के लिए एक संदेशवाहक का होना है। यह संदेशवाहक ही चुनावी अभियान का चेहरा होता है। एक राजनेता तभी ऐसा कर सकता है जबकि वह विश्वस्त हो।

तीसरा है, मशीनरी जो कि संदेश को वोटों में तब्दील कर सके। यह चुनाव जीतने के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जन भावना को वोटों में तब्दील करने की मशीनरी के बिना कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता।

अंत में, चुनाव प्रचार के तरीके और उसके लिए किन उपकरणों का इस्तेमाल किया जाए। इसमें समूचे चुनाव प्रचार अभियान की रणनीतियां तय करना भी शामिल हैं।

कुल मिलाकर किशोर के खुले संवाद ने वह तरीका बताया जिसके तहत उन्होंने राजनेताओं के साथ काम किया था और अब वे स्वयं के लिए काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह समान विचारधारा वाले लोगों के साथ सर्वानुमति बनाकर बिहार के लिए काम करेंगे और वे लोग बिहार में बदलाव लाने के लिए एकजुट होने पर सहमत होंगे। वे अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए बिहार की ओर देख रहे हैं।

## वीर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

असामाजिक तत्वों ने रात को चेहरे पर कालिख लगा दी। पुलिस के आला अधिकारियोंने मौके पर पहुंच मामला शांत करवाया। दोपहर तक गांव में शांति कायम रही।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908